संस्कृतविद्यापीठग्रन्थमालायाः अष्टसप्ततितमं पुष्पम्

पारिभद्रीय-महामहोपाध्याय-जीमूतवाहनकृतः

दायभागः

अनुवादिका सम्पादिका च
प्रो॰ नीना डोगरा

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्
(मानितविश्वविद्यालयः)
नवदेहली-110016

संस्कृतविद्यापीठग्रन्थमालाया अष्टसप्ततितमं पुष्पम्

पारिभद्रीय-महामहोपाध्याय-जीमूतवाहनकृतः

दायभागः

प्रधानसम्पादकः
प्रो. राधावल्लभत्रिपाठी
कुलपतिः

अनुवादिका सम्पादिका च
प्रो. नीना डोगरा

श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्
(मानितविश्वविद्यालयः)
नवदेहली

भूमिका

विदन्त्येव विज्ञा यद् विश्वस्य ज्ञान-विज्ञान-विमर्शपरम्परासु अतिमहदवदानं वरीवर्त्यते भारतीयप्रज्ञायाः। अस्या प्रज्ञायाः परमप्रकर्षं विभावयामः अस्माकं शास्त्रपरम्परासु। एताश्च शास्त्रपरम्परा आवेदेभ्यः प्रसृता अद्यावधि विकासं यान्तीति न संशीतिः। विद्- ज्ञाने, विद्- सत्तायाम्, विद्लृ लाभे तथा विद् - विचारणे इति धातुचतुष्टयविनिष्पन्नो वेदशब्दः चतुरस्रतां ज्ञानप्रवाहस्य द्योतयति। विदन्ति जानन्ति, विद्यन्ते भवन्ति, अथवा विन्दन्ते लभन्ते, विन्दन्ति विचारयन्ति सर्वे मनुजाः सत्यविद्यां यैर्येषु वा तथा विद्वांसश्च भवन्ति ते वेदाः' इति ऋषिदयोनन्दोक्तेः। वेद्यते ज्ञायते अनेनेति वेदः इत्युक्त्यापि वेदस्य ज्ञानस्रोतस्त्वं सिध्यति।

अथैतेषां वेदानाम् अतिप्राचीनकालात् शाखा-चरण-परिषद्भिः संरक्षणं प्रसारश्च समजायत। तथैव शाखा-चरण-परिषत्सु शास्त्रपरम्पराऽपि प्रसारं विकासं चापेदे। संहितानां शाखास्तासु तासु गुरुशिष्यपरम्परासु अभ्यस्ताः। चरणशब्दः शाखा-विशेषाध्ययनपरैकतापन्नजनसङ्घवाची' इति जगद्धरोक्तेः शाखाविशेषमधीयानां जनानां समाजश्चरण इति न्यगद्यत। तथा चरणानां सङ्घा एव परिषदिति प्रोक्ताः। परिषत्सु विज्ञाः पण्डिता अवश्यं भवेयुरिति व्यवस्था आसीत्। दर्शन-तर्क-धर्मशास्त्रादिष्वबाह्या एकविंशतिर्विप्राः प्रत्येकं परिषदि स्युरिति मनोः याज्ञवल्क्यस्य च लक्षणात्। परिषदि अभ्यस्ताः ग्रन्थाः पार्षदा इत्यहिताः।

अस्या ज्ञानपरम्परायाः महिमा उपनिषत्सु परां काष्ठां ययौ। उपनिषत्सु वेदप्रतिपाद्यब्रह्मविद्यायाः पुनः सन्धानं विहितम्, तत्कृते च गुरुशिष्यपरम्पराप्रथिता काऽपि संवादशैली ऋषिभिराविष्कृता। इयं शैली दार्शनिकीं पद्धतिमेव प्रथयति। प्रश्नोऽनुप्रश्नोऽनतिप्रश्ननिवारणं व्याख्याऽनुव्याख्या दृष्टान्त आख्यायिकोर्ध्वप्रवचनं चेत्यष्टावस्याः अङ्गानि सन्ति।

आवेदेभ्यः प्रसृतायामस्यां परम्परायां नाना ज्ञानधाराः परम्परं सङ्गच्छन्ते संवदन्ति च। तथाहि - षड्वेदाङ्गानि, आस्तिकनास्तिकदर्शनसम्बद्धाः परःसहस्रं ग्रन्थाः आयुर्वेदाद्युपवेदग्रन्थास्तथा च काव्यशास्त्रललितकलाविषयकं वा साहित्यमिति सर्वथा निरवधिर्वरीवर्ति सुरसरस्वत्याः साहित्यभाण्डागारः। धर्मशास्त्रग्रन्थानामस्मिन् साहित्यराशौ विद्यते अनितरसाधारणं महत्त्वम्। न केवलं मनु-याज्ञवल्क्य-पाराशर-प्रभृतीनां शताधिकाः स्मृतिग्रन्था धर्मशास्त्राणि वा, अपितु तास्ताः स्मृतीराश्रित्य विरचिताष्टीकाग्रन्था अपि विविधानुष्ठान-सामाजिकविधान-प्रायश्चित्त-दायभागादिव्यवस्थासु नवीनसंविधानं व्यवस्थापयन्तो विद्यन्ते। तेषु मिताक्षराकारो जीमूतवाहनो सविशेषं दायभागविषये नवीनं विवेचयति। लोकोपकारि स्वतन्त्रं नवीनं चास्य चिन्तनं स्त्रीधनदायादिविषये विशिष्य संवेदनाप्रवणं वर्तते। अथ चायं मनीषी मीमांसादर्शनगतानाम् अनुषङ्गप्रभृतिसिद्धान्तानामत्यन्तं तर्कसम्मतं समीचीनमुपयोगं विधत्ते स्वकीये प्रतिपादने। एतस्य दायभागग्रन्थं सम्यक् सम्पाद्य विद्यापीठग्रन्थमालायां प्रकाशनाय दत्तवतीभ्यो नीनाडोगरामहाभागाभ्यः साधुवादाः। गरीयानयं ग्रन्थो भारतीयपरम्पराणां प्रचाराय अभ्युत्थानाय उपकारकः स्यादित्याशासे। एतत्प्रकाशनसमायोजनाय विद्यापीठस्य शोधप्रकाशनविभागाय सम्यङ् मुद्रणाय च मुद्रकायापि साधुवादान् वितरामः।

राधावल्लभः त्रिपाठी

भूमिका

भारतवर्ष धर्मप्रधान देश है वह धर्म-श्रुति, स्मृति, सदाचार, आत्मतुष्टि आदि प्रमाणों से सिद्ध है। इस विषय का विशेषरूप से धर्मसूत्रों में विवेचन है। श्रुति, स्मृति, वृत्ति, व्याख्या, उपव्याख्या तथा निबन्ध ग्रन्थों से धर्मशास्त्र का बृहत् विशालकाय होने के कारण यह महान् दुरूह विषय है। धर्म शब्द की निष्पत्ति धृ धृति से हुई है जिसका सामान्य धर्म है- **धरतीति धर्मः अर्थात् यः धारयति अथवा येन विश्वमिदं धृतं रक्षितं स धर्मः**। याज्ञवल्क्य महर्षि ने धर्म के चौदह स्थान माने हैं **तद्यथा पुराणं न्यायमीमांसा धर्मशास्त्राङ्गमिश्रिताः वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य चतुर्दशा।** याज्ञवलक्य 1/3

इस प्रकार वेदशास्त्र का अध्ययन धर्मकोटि में माना जाता है। वैशेषिक दर्शनानुसार **'यतोऽभ्युदय निःश्रेयससिद्धिः सः धर्मः' ''धर्मशास्त्र से अभिप्राय–धर्मस्य शास्त्रम्"** अर्थात् **''शास्+ष्ट्रन्-शिष्यतेऽनेन इति शास्त्रम्''** जिसके बहुत से अर्थ हैं यथा–आज्ञा, समादेश, नियम, विधि, वेदधर्मशास्त्रग्रन्थ, विद्याविभाग, विज्ञानादि। वस्तुतः यह प्राचीन विधिशास्त्र ही है।

धर्मशास्त्र में मुख्यतः विषय सामग्री को तीन भागों में बांट सकते हैं–आचार भाग, व्यवहार भाग एवं प्रायश्चित भाग। जहाँ पर वर्ण धर्म, आश्रमधर्म, वर्णाश्रमधर्म एवं साधारण धर्म की चर्चा की गई है वह आचार भाग है। जहाँ पर गुण धर्म की चर्चा है वह व्यवहार भाग है और जहाँ पर निमित्त धर्म की चर्चा है वह प्रायश्चित भाग है।

गुण धर्म के अन्तर्गत राजा के राज्याभिषेक की चर्चा की गई है। प्रजापालन उसका परम धर्म बताया है। व्यवहार का अवलोकन करना राजा का प्रमुख धर्म है? व्यवहार विधि के अन्तर्गत अष्टादश व्यवहार पदों की गणना की गई है। इनमें से एक व्यवहार पद दाय भाग है। दायभाग का सामान्य अर्थ सम्पत्ति का विभाजन है। इससे सम्बन्धित

अनेक विद्वानों के अनेक ग्रन्थ हैं जिनमें दायभाग की चर्चा की गई है तद्यथा जीमूतवाहन, विज्ञानेश्वर लक्ष्मीधर, शूलपाणि, वाचस्पतिमिश्र, श्रीनाथ आचार्य चूडामणि, श्रीकर, रघुनन्दन, मिसरुमिश्र, वरदराजादि।

प्रस्तुत ग्रन्थ में जीमूतवाहन विरचित दायभाग पुस्तक की चर्चा की जाएगी। जैसा कि हम सब जानते हैं कि दायभाग व्यवहार पद में दो मुख्य विषयों–विभाजन एवं दाय का निरूपण किया गया है। लगभग एक सहस्त्रवर्षों से दो सम्प्रदाय प्रसिद्ध रहे हैं जो मिताक्षरा एवं दायभाग संज्ञाओं से द्योतित हो रहे हैं क्योंकि इन नामों वाले दो ग्रन्थों ने ही प्रमुखता ग्रहण की। दायभाग का प्रचलन बंगाल में रहा और भारत के अन्य भागों में मिताक्षरा का प्रभाव रहा है।

बंगाल के धर्मशास्त्रकारों में से एक धर्मशास्त्रकार जीमूतवाहन हैं। इनके तीन ज्ञात ग्रन्थ प्रकाशित हैं यथा–कालविवेक, व्यवहारमातृका एवं दायभाग। ये तीनों ग्रन्थ धर्मरत्न नाम वाले एक बृहद ग्रन्थ के तीन अंग मात्र हैं।

दायभाग नामक ग्रन्थ का हिन्दू कानूनों में विशेषतः रिक्थ, विभाजन, स्त्रीधन आदि में बहुत अधिक योगदान है। विधिवेत्ता व्यक्तियों के लिए यह बहुत अधिक उपयोगी ग्रन्थ है। बंगाल तथा वहां जहां मिताक्षरा का प्रभाव नहीं है, इन विषयों में दायभाग ही एकमात्र प्रमाण माना जाता रहा है।

'दायभाग' ग्रन्थ की चर्चा से पूर्व इसके रचयिता जीमूतवाहन के विषय एवं काल निर्धारण की संक्षेप में चर्चा करना आवश्यक है।

जीमूतवाहन ने अपनी प्रतिभा के आधार पर बंगाल के नए सम्प्रदाय को प्रतिष्ठित किया जो कि दायभाग समुदाय के नाम से विख्यात हुआ। उन्होंने प्रारम्भ में ही यह स्पष्ट कर दिया है कि दायभाग सम्बन्धी उनका विवेचन मन्वादिशास्त्रकारों के अनुसार है।

जीमूतवाहन सम्भ्रान्त एवं प्रतिष्ठित परिवार में उत्पन्न हुए थे। एडुमित्र की कुल कारिका से ज्ञात होता है कि जीमूतवाहन भट्टनारायण की सातवीं पीढ़ी के थे। भट्टनारायण की वंशावली में क्रम से बटु, मणिभद्र, धनञ्जय, विधु, हल एवं चतुर्भुज का परिचय प्राप्त होता है।

'जीमूतवाहन के पिता चतुर्भुज, पितामह हल तथा प्रपितामह विधु थे और उनके भाई का नाम बिल्वमंगल था।[1] जीमूतवाहन कुशाग्र बुद्धि, वेद वेदांग के सूक्ष्मवेत्ता तथा विभिन्न विषयों में निष्णात थे।[2]

जीमूतवाहन के वैयक्तिक जीवन के विषय में बहुत अधिक जानकारी प्राप्त नहीं होती इनके ग्रन्थों की पुष्पिका में इन्हें "पारिभद्रीय[3] महामहोपाध्याय" कहा गया है। व्यवहरमातृका तथा दायभाग[4] के अन्तिम अध्याय से भी यही समर्थित होता है कि ये पारिभद्र कुल में उत्पन्न हुए। ऐसा भी दृष्टिगत होता है कि ये परिहल या परिगार्ह के राढ़ीय ब्राह्मणों में यह कुल अभी तक विद्यमान है।[5] गोपालचन्द्र सरकार ने जीमूतवाहन का निवास स्थान पारिग्राम माना है। यह ग्राम बर्दवान जिले के अन्तर्गत गुसरकर स्टेशन से पांच मील दूर उत्तर पूर्व में अजय नदी के दक्षिणीय तट पर स्थित है।[6] श्रीदत्त और हेमाद्रि ने-परिभद्र' शब्द को 'फरहद' एवं 'निम्ब' के रूप में प्रसिद्ध माना है। परिभद्र के विषय में ऐसा भी मत है कि संभवतः यह पद वृक्ष विशेष के नाम से ग्राम के रूप में प्रयुक्त होता हुआ उनके कुल के साथ सम्बन्धित हो गया।[7]

कतिपय विद्वानों की धारणा है कि जीमूतवाहन राढ़ा के निवासी थे।[8] कालविवेक के एक प्रसंग से ज्ञात होता है कि भाद्रपद के चार दिन अवशिष्ट रहने पर उज्जयिनी में अगस्त्य तारे का उदय होता है और राढ़ा में भाद्रपद के सात दिन अवशिष्ट रहने पर अगस्त्य का उदय होता है।[9]

---

1. शण्डिल्यगोत्र....चतुर्भुजसुतावुभौ।। दायतत्त्व की भूमिका, पृ. 42
2. तस्मिन् काले वङ्गदेश..............महाव्रतः।। दायतत्व की भूमिका
3. पारिभद्रकुलोद्भूतः श्रीमान्जीमूतवाहनः। विदुषां परितोषाय निर्ममे न्यायमातृकाम्।।
   Hist. of Dh. Vol. I, Pt. II, p. 702
4. परिभद्रकुलोद्भूतः श्रीमान् जीमूतवाहनः।
   दायभागं चकारेमं विदुषां संशयच्छिदे।। –दायभाग 15/3
5. Hist. of Dh. Vol. I, Pt. II, p. 707
6. दायतत्त्व भूमिका, पृ. 43
7. JASB Vol. XI, 1915, p. 320
8. Hist. of Dh., Vol. I, pT. II, pp. 707-708
9. कालविवेक, पृ. 290-91

ग्रन्थकार ने इस प्रसंग में राढ़ा और उज्जयिनी में जो विषमता दिखलाई है उससे प्रतीत होता है कि वह अपने निवास स्थान (राढ़ा) से गणना किया करता था।[1]

जीमूतवाहन की तिथि के विषय में निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन ही है। इनका काल 11वीं शताब्दी से 16वीं शताब्दी तक का माना जा सकता है। जीमूतवाहन ने धारेश्वर भोजदेव एवं गोदिन्दराज का उल्लेख किया है, अत: वे 11वीं शताब्दी के पूर्व नहीं रखे जा सकते हैं। इसी प्रकार उनके उद्धरण शूलपाणि, वाचस्पति मिश्र एवं रघुनन्दन की कृतियों में पाए जाते हैं, अत: वे 15वीं शती के मध्यभाग के बाद नहीं जा सकते। कालविवेक की एक हस्तलिखित प्रति में घटकसिंह नामक व्यक्ति के पुत्र की कुण्डली है जिस पर शक संवत् 1417 (अर्थात् 1495 ई.) अंकित है। अत: जीमूतवाहन का काल 1400 ई. के बाद का नहीं माना जा सकता है। कालविवेक की कालचर्चा करते हुए जीमूतवाहन ने एक स्थान पर 1091-1092 ई. की गणना की है। लेखक को समीप के काल की चर्चा और गणना ही सुविधाजनक लगती है। अत: जीमूताहन 1090 तथा 1130 के मध्य में हुए होंगे क्योंकि ऐसा देखा जाता है कि 12वीं शताब्दी से लेकर 14वीं शताब्दी तक किसी भी धर्मशास्त्रकार ने जीमूतवान का नाम नहीं लिया है। हाललता, कुल्लूक के भाष्य आदि ने उनकी कहीं भी चर्चा नहीं की है। विद्वानों ने यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया है कि जीमूतवाहन ने मिताक्षरा की आलोचना की है। इससे यह कहा जा सकता है कि जीमूतवाहन मिताक्षरा के बाद तो आए, किन्तु उनकी तिथि की मध्य कड़ी क्या है यह कहना कठिन है। जीमूतवाहन विरचित दाय भाग ग्रन्थ में निर्दिष्ट विभिभाग का व्यापक प्रभाव आज भी हिन्दू विधि व्यवस्था पर देखा जा सकता है।

इस ग्रन्थ में पन्द्रह अध्याय हैं। यह ग्रन्थ आचार्य की कक्षाओं के पाठ्यक्रम में लगा हुआ है। मूल ग्रन्थ यद्यपि संस्कृत भाषा में उपलब्ध है तथापि इसका कहीं पर भी हिन्दी अनुवाद उपलब्ध नहीं है। अत: छात्रों की कठिनाई को देखते हुए मैंने बहुत समय पूर्व हिन्दी अनुवाद

---

1. JASB Vol XI, 1915, p. 321

करने का संकल्प कर लिया था और आज अथक परिश्रम के बाद मैं पाठकों के समक्ष (हिन्दी अनुवाद) प्रस्तुत कर रही हूँ। हिन्दी अनुवाद के साथ-साथ कोलब्रुक के अंग्रेजी अनुवाद को भी पढ़ने का अवसर प्राप्त होगा। इसमें केवल छात्र वर्ग ही लाभान्वित नहीं होंगे अपितु हमारे विधिशास्त्र के अध्येताओं के लिए भी उपयोगी होगा और इसे पुस्तकालयों के साथ-साथ कानून के सामान्य पाठक भी खरीदेंगे, ऐसी आशा है।

संक्षेप में दायभाग विषय की चर्चा की जाती है जिससे पाठक सरलतापूर्वक विषय को समझ सकें यथा-

प्रथम अध्याय में दाय एवं विभाग की परिभाषा प्रस्तुत की गई है। उन्होंने दाय शब्द की व्युत्पत्ति 'दा' धातु से बताई है अर्थात् जो दिया जाता है वह दाय है किन्तु दाय में 'देना' क्रिया गौण है क्योंकि मृतकादि स्वयं स्वत्व का त्याग नहीं कर सकते। अतः यहाँ मुख्य बात है **स्वत्व की** निवृत्ति एवं पर स्वत्व की उत्पत्ति। स्वत्व की निवृत्ति कई प्रकार से **हो** सकती है जैसे मृत, संन्यासी एवं पतित हाने पर। "'दीयत' इति **व्युत्पत्त्या दाय शब्दः ददाति प्रयोगश्च गौणः, मृतप्रव्रजितादिस्वत्वनिवृत्तिपूर्वकपरस्वत्वोत्पत्तिफलसाम्यात् न तु मृतादीनां तत्र त्यागोऽस्ति।**" दा. भा. 1/4 इसी प्रकार विभाग की परिभाषा के प्रसंग में जीमूतवाहन ने कहा है कि विशेष रूप से विभक्त करना या स्वत्व का बोधन करना ही विभाग कहलाता है।

विशेषेण भजनम्, स्वत्वज्ञापनं वा विभागः। दा. भा. 1/9

इसी अध्याय के अन्त में उन्होंने पितृधन विभाग के दो काल बताए हैं-

(1) पिता के समाज से पतित होने निस्पृह होने, मर जाने पर जब सम्पत्ति पर स्वत्व समाप्त हो गया हो।

(2) स्वत्व होने पर उसकी इच्छा से सम्पत्ति का विभाजन। **तस्मात् पतितत्वनिस्पृहत्वोपरमैः स्वत्वापगम इत्येकः कालः, अपरश्च सति स्वत्वे तदिच्छात इति कालद्वयमेव युक्तम्।** दा.भा. 1/44

द्वितीय अध्याय में पितामहधन विभाजन के काल एवं विधि का

निरूपण किया गया है। जीमूतवाहन के अनुसार पितामह धन विभाजन का एक काल माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् है और दूसरा काल वह है जब माता के रजोधर्म से निवृत्त होने पर पिता की इच्छा होती है-

तस्मात् पितामहादिधनस्यापि पित्रोरभाव इत्येको विभागकालः। तथा मातुर्निवृत्ते रजसि पितुरिच्छात इत्यपरः। दा.भाग. 2/7

पितामहधन के विभाजन की विधि में दो सिद्धान्त प्रस्तुत किए गए हैं-

(1) पितामहधन में पिता (पुत्र) पुत्र (पौत्र) का समान विभाजन नहीं होता अपितु पितामह धन का विभाजन करते हुए पिता स्वयं दो भाग प्राप्त करता है।

(2) पितामह धन का पिता अपनी इच्छा से पुत्रों में न्यून या अधिक भाग नहीं कर सकता।

तृतीय अध्याय में सवर्ण पुत्रों के विभाजन की विधि बताई गई है। जीमूतवाहन ने माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् सवर्णपुत्रों के विभाजन के सम्बन्ध में दो विकल्प दिए हैं-(1) समविभाजन अथवा (2) उद्धार विभाजन।

"इदानीं सवर्णभ्रातृणां विभागः, विशोद्धारिपूर्वको वा, सम एव वेति विकल्प।" दा.भा. 3/24

चतुर्थ अध्याय के अन्तर्गत तीन परिच्छेद हैं-

प्रथम परिच्छेद में स्त्रीधन के स्वरूप का विवेचन करते हुए बताया है कि अध्याग्नि (विवाह के समय अग्नि के समक्ष दिया गया धन) अध्यावाहनिक (पतिगृह जाते समय वधू को दिया गया द्रव्य) प्रीतिदत्त, भाई-माता और पिता द्वारा दिया गया द्रव्य स्त्रीधन कहलाता है।

अध्यग्न्यध्यावाहनिकं दत्तञ्च प्रीतित स्त्रियैः।
भ्रातृ-मातृ-पितृप्राप्तं षड्विधं स्त्रीधनं स्मृतम्॥

मनुस्मृति 9/194 दा.भा. 4/1/4

इसके अतिरिक्त अलग-अलग धर्मशास्त्रकारों के मतों को प्रस्तुत करते हुए स्त्रीधन के स्वरूप की विस्तृत चर्चा की गई है और वहीं पर

यह भी बताया गया है कि पति यदि दुर्भिक्षादि के समय स्त्रीधन के बिना निर्वाह करने में असमर्थ हो तो वह स्त्रीधन ले सकता है, अन्यथा नहीं–

दुर्भिक्षे धर्मकार्ये च व्याधौ सम्प्रतिरोधके।
गृहीतं स्त्रीधनं भर्ता न स्त्रियै दातुमर्हमति॥

याज्ञ. स्मृ. 2/148, दा.भा. 3/1/24

द्वितीय परिच्छेद में स्त्रीधन के विभाग का निरूपण करते हुए बताया है कि माता के मरने पर सब सहोदर भ्राता और सहोदर बहनें माता के धन को बराबर-बराबर प्राप्त करते हैं–

जनन्यां संस्थितायान्तु समं सर्वे सहोदराः।
भजेरन् मातृकं रिक्थं भगन्यश्च सनाभयः॥[2]

मनु. 9/192 दा.भा. 4/2/1

माता का धन पुत्रियों को मिलता है–इस प्रसंग में द्वितीय परिच्छेद में विस्तृत चर्चा की गई है। तृतीय परिच्छेद में निस्सन्तान स्त्री के स्त्रीधन के अधिकारयों की चर्चा की गई है और पिण्डदान के क्रम से अधिकार क्रम का वर्णन किया गया है यथा–

प्रथम देवर सपिण्ड होने से मृत स्वामिनी के धन का अधिकारी होता है क्योंकि वह मृत स्त्री को उसके पति को तथा पति द्वारा दिए जाने वाले तीन पितृ पूर्वजों को पिण्ड दान करता है। देवर के अभाव में मृत स्त्री के पति के बड़े भाई के पुत्र एवं छोटे भाई के पुत्र का अधिकार है। वे पितृण्य स्त्री (चाची) को, उसके पति को और भर्तृदेय दो पितृपूर्वजों को पिण्ड देते हैं।

अतः सपिण्ड होने से उनका पितृव्यस्त्री के धन में अधिकार है। इनके अभाव में भागिनी पुत्र जो कि असपिण्ड है, वह (मौसी के) धन का अधिकारी है। वह मातृ भगिनी को और पुत्र द्वारा दिए जाने वाले पितादि तीन पूर्वजों को पिण्ड देता है। इसके अभाव में भर्ता की बहन का पुत्र मातुलानी (मामी) को धन का अधिकारी होता है। वह भर्ता द्वारा दिए जाने वाले तीन पूर्वजों को, मातुलानी को उसके पति को पिण्ड देता है। इसके अभाव में भाई के पुत्र का (मत स्त्री के भाई के पुत्र का पिता

की बहन (बुआ) के धन में अधिकार है। वह पिता, पितामह और पितृ भगिनी (बुआ) को पिण्ड देता है। उसके अभाव में जामाता (पुत्री के भर्ता) का श्वश्रू के धन में अधिकार है। वह श्वश्रू और श्वशुर को पिण्डदान करता है।

प्रथमं देवर..........श्वश्रूधनेऽधिकारीति॥ दा.भा.4/3/37

पंचम अध्याय में विभाग के अनधिकारियों की विस्तृत चर्चा की गई है तद्यथा–

अनंशौ क्लीब पतितौ जात्यन्ध बधिरौ तथा।
उन्मत्त जड़ मूकाश्च ये च केचिन्निरिन्द्रयाः॥

मनु 9/20 दा.भा. 5/7

अर्थात् नपुंसक पतित, जन्मान्ध, बधिर उन्मत्त, जड़ मूक एवं इन्द्रिय दोषी को अंश देने कार निषेध किया गया है। फिर भी इनके भरण–पोषण की व्यवस्था की गई है–

भर्त्तव्यास्ते निरंशकाः॥ याज्ञ.स्मृ. 2/41, दा.भ. 5/10

षष्ठ अध्याय में दो परिच्छेद हैं। प्रथम परिच्छेद में विभाज्य एवं अविभाज्य सम्पत्ति का निरूपण किया गया है। द्वितीय परिच्छेद में विद्या धन की चर्चा की गई है।

अविभाज्य सम्पत्ति के प्रसंग में जीमूतवाहन का मत है कि संयुक्त परिवार में यदि कोई सदस्य संयुक्त सम्पत्ति की सहायता के बिना निज के विशेष उद्यम से धन का अर्जन करता है तो उस पर उस व्यक्ति विशेष का ही अधिकार होता है। इस प्रकार की सम्पत्ति का दायादों में विभाजन नहीं होता यथा स्वधन एवं श्रम से अर्जित सम्पत्ति, विद्याधन, शौर्यधन, पूर्व में असामर्थ्यादि से डूबी हुई और बाद में निजी प्रयत्न से उद्धृत क्रमागत द्रव्य आदि आते हैं तद्यथा

अनुपघ्नन् पितृद्रव्यं श्रमेण यदुपार्जयेत्।
स्वयमीहितलब्धं तन्नाकामो दातुमर्हति॥

मनु.स्मृ. 9/208 दा.भा. 6/1/3

विभाज्य धन के प्रसंग में कात्यायन को उद्धृत करते हुए कहा है कि–पितामहधन, पितृधन किसी अन्य दायाद द्वारा स्वयं अर्जित धन दायादों में विभाज्य होता है–

पैतामहञ्च पित्र्यञ्च यच्चान्यत् स्वयमर्जिम्।
दायादानां विभागे तु सर्वमेतद् विभज्यते॥

दा.भा. 6!1/1

द्वितीय परिच्छेद में विद्याधन की विस्तृत व्याख्या की है। इनका मत है कि किसी भी विद्या से प्राप्त किए गए धन पर अर्जक का ही अधिकार होता है। परन्तु इसका अपवाद है कि साधारण धन के अनुपघात से यदि कोई विद्याध्ययन करके विद्याधन प्राप्त करता है तो उस पर सम या अधिक विद्वान् का अधिकार होता है। न्यूनविद्या वाले के अधिकार का निराकरण किया गया है। परन्तु यदि विद्याध्ययन करने वाले भाई के कुटुम्ब का भरण–पोषण दूसरा अविद्वान् भाई निजी धन एवं श्रम से करता है तो उसके विद्याधन में अविद्वान भाई का भी अधिकार होता है।

तन्त्रोच्चरितं विद्यापदमुमाभ्यां समाधिकपदाभ्यां सम्बध्यते, तेन समविद्याधिकाविद्यानां दातव्यम् न्यूनविद्याविद्ययोः पुनरनधिकारः। दा.भा. 6/1/22 **यदि विद्यामभ्यस्तो भ्रातुः कुटुम्बमपरः भ्राता स्वधनव्ययशरीरायासाम्यां संवर्धयति, तदा तद्विद्योपार्जितधने तस्याप्यधिकारः।**[2] दा.भाग. 6/1/16

सप्तम अध्याय में विभाग के अनन्तर उत्पन्न पुत्र का विभाग बतलाया गया है। जीमूतवाहन का कथन है कि विभाजन के अनन्तर उत्पन्न पुत्र पितृधन का अधिकारी होता है। इस संदर्भ में पिता की पुत्र सन्तान दो स्थितियों में हो सकती है और दोनों स्थितियों में इसका भिन्न–भिन्न भाग है–

(1) यदि विभाजन किए बिना ही (अविभक्त) पिता की मृत्यु हो जाती है और उस समय माता के गर्भ लक्षण विहित नहीं होते। ऐसी स्थिति में जब पुत्र विभाजन कर लेते हैं और तदनन्तर पुत्र की उत्पत्ति होती है तो वह विभाजन के अनन्तर उत्पन्न पुत्र उन

विभक्त भाइयों से अपना भाग प्राप्त करता है।

विभागानन्तरं यस्य गर्भाधानम्, स विभक्तजः विभक्तेनः जनितः गर्भाधानादृते जनकस्य जननव्यापाराभावात्। अतो यद्यज्ञातगर्भायामेव स्त्रियां विभक्तः पुत्रा तदनन्तरं जातो भ्रातृभ्य एव भागं गृह्णीयात्। द्रा. भा. 7/4

(2) पिता जब अपने जीवनकाल में पुत्रों में विभाजन कर देता है और तदनन्तर पुत्र की उत्पत्ति होती है तो वह विभक्तज पुत्र पिता का भाग प्राप्त करता है **"विभक्तजः पित्र्यमेव।"** दा.भा. 7/3

अष्टम अध्याय के अन्तर्गत जीमूतवाहन ने विभाजन के बाद दायाधिकारी के वापिस आने पर उसके अधिकार की चर्चा की है–

कृतेऽकृते विभागे वा रिक्थं यत्र प्रदृश्यते।
सामान्यञ्चेद्भवेत् यत्तु तत्र भागहरस्तु सः॥ दा.भा. 8/1

उनके अनुसार ऋण, खेत, घर और लेख्य जो पितामह के हैं, विदेश से बहुत समय पश्चात् आए हुए व्यक्ति को यदि भाग न मिला तो वह भी भाग का अधिकारी होता है। दा.भा. 8/2

नवम अध्याय में सवर्ण पुत्रों के विभाजन की विधि के लिए दो विकल्प दिए हैं–

(1) ब्राह्मण का ब्राह्मणी, क्षत्रिया, वैश्या एवं शूद्रा स्त्री से उत्पन्न पुत्र क्रमशः तीन, दो, डेढ़ तथा एक भाग प्राप्त करता है।

(2) ब्राह्मण का ब्राह्मणी, क्षत्रिया, वैश्या एवं शूद्रा स्त्री से उत्पन्न पुत्र क्रमशः चार, तीन, दो एवं एक भाग प्राप्त करता है।

त्र्यशं दायाद्हरेद्विप्रो द्वावंशौ क्षत्रियासुतः।
वैश्याजस्सार्द्धमेवांशमंशं शूद्रासुतो हरेत्॥ दा.भा. 9/12

दशम अध्याय में पुत्रिका और औरसपुत्र के बीच समान विभाजन की चर्चा की गई यदि वे दोनों समान वर्ण के हैं–**पुत्रिकौरसयोस्तु सवर्णत्वे सति।** दा.भा. 10/5

परन्तु यदि वे असमान वर्ण के हैं तो उनका असवर्ण भाइयों के समान विभाजन होता है– **असवर्णत्वे तु तयोरसवर्णौरसपुत्रवदेव विभागः।**[2] दा.भा. 10/5

एकादश अध्याय में अपुत्र मृत व्यक्ति के धन विभाग की चर्चा की गई है। इस प्रसंग में याज्ञवल्क्य का एक श्लोक प्रस्तुत किया जाता है–

> **"पत्नी दुहितरश्चैव पितरौ भ्रातरस्तथा।**
> **तत्सुतो गोत्रजो बन्धुः शिष्यः सब्रह्मचारिणः।**
>
> **एषमभावे पूर्वस्य धनभागुत्तरोत्तरः।**
> **स्वर्यातस्य ह्यपुत्रस्य सर्ववर्णेष्वयं विधिः॥**[2]

दा.भा. 11/1/4, याज्ञ. स्मृ. 2/136-137

इस श्लोक के आधार पर सबसे प्रथम धन की अधिकारिणी पत्नी को माना है। इसी को दृष्टि में रख करके प्रस्तुत अध्याय छः परिच्छेदों में विभक्त है।

प्रथम परिच्छेद में बताया गया है कि पुत्रहीन व्यक्ति के मर जाने पर उसकी चल एवं अचल सम्पत्ति पर सहोदर भाई-चाचा एवं दौहित्र आदि के विद्यमान होने पर भी पत्नी का अधिकार स्वीकार किया गया है। जीमूतवान ने यह उत्तराधिकार क्रम पारलौकिक कल्याण के सिद्धान्त पर निर्धारित किया है। सामान्य रूप से पिण्डदान का अधिकार न होने के कारण दायभाग सम्प्रदाय में स्त्रियों को उत्तराधिकारी स्वीकार नहीं किया गया तथापि पत्नी, दुहिता, माता, पितामही एवं प्रपितामही– इन पांच स्त्री सम्बन्धियों को उत्तराधिकारी माना गया है, क्योंकि जीमूतवाहन का कहना है कि शास्त्र में विशेष वचनों के द्वारा इनके अधिकार को स्वीकार किया गया है।

जीमूतवाहन का कथन है कि विधवा पत्नी अपने पति की भाईयों से संसृष्ट या असंसृष्ट विभक्त या अविभक्त किसी भी अवस्था में मृत्यु होने पर सर्वप्रथम अधिकार प्राप्त करती है।

द्वितीय परिच्छेद में पत्नी की मृत्यु के पश्चात् मृतधनी के धन पर पुत्री का अधिकार बताया है और बृहस्पति के मत का समर्थन करते हुए दौहित्र का अधिकार स्वीकार किया है। इनके अनुसार पितादि बन्धुओं के रहते हुए जिस प्रकार दुहिता पुत्र के माध्यम से पिण्डदान करने से पितृधन की अधिकारिणी होती है उसी प्रकार दौहित्र भी मातामह का पिण्डदान करने से उसके धन का अधिकारी होता है–

तस्मात् विवाहोपयुक्तत्वेन पित्रादीनां नरकनिस्तारकत्वात् परिणीतायाश्च पुत्रद्वारेणाप्युपकारकत्वात्, तदर्थं धनं स्वाम्यर्थमेव भवतीति, पत्न्याभावे न्यायं कन्यास्वत्वम्। दा.भा. 11/2/7

क्योंकि पिण्डदान करना दोनों (दुहिता एवं दौहित्र) का धनग्रहण में निमित्त है। **पिण्डदानमेव च द्वयोरेकं निमित्तमनुवति।** दा.भा. 11/2/17

तृतीय परिच्छेद में मृतधनी के धन में पिता का अधिकार बताया गया है। जीमूतवाहन ने अपने मत की पुष्टि के लिए मन्वादि के प्रमाण भी दिए हैं। माता से पूर्व पिता का अधिकार स्वीकार करने के पीछे जीमूतवाहन की पारलौकिक कल्याण की भावना निहित है। उनका मत है कि दौहित्र एक पिण्ड मृतक को देता है तथा दो अन्य पिण्ड उन पितरों (प्रमातामह–प्र–प्रमातामह) को देता है जिनके साथ वह भोग करता है जबकि पिता केवल उन पितरों (पितामह एवं प्रपितामह) को दो अन्य पिण्ड देता है जिनके साथ मृतक भोग करता है। अतः दौहित्र से पिता निकृष्ट है। परन्तु पिता माता से उत्कृष्ट है क्योंकि वह मृत द्वारा भोगे जाने वाले दो अन्य पिण्ड देता है–

न्यायागतश्चैतत् दौहित्रात् परतो मातृतश्च पूर्वं पितुरधिकार इति मृतपिण्डमृतभोग्यान्यपिण्डद्वयदातुदौहित्रात् मृतभोग्यान्य-पिण्डद्वयमात्रदातृतया पितुर्जधन्यत्वात् मात्रादिभ्यस्तु मृतभोग्यान्य-पिण्डद्वयदातृतया बीजस्य चैवं योन्याश्त बीजमुत्कृष्टमुच्यते इति मनुवचनावगतोत्कर्षेण च बलवत्त्वात्। दा. भा. 11/3/3

चतुर्थ परिच्छेद में पिता के अभाव में मृतधनी के धन पर माता का अधिकार माना है। **पितुरभावे मातुरधिकारः।** दा.भा. 11/4/1 याज्ञवल्क्य ने माता के अधिकार में ही पितृव्यादि से पूर्व पितामह एवं

पितामही का अधिकार बतलाया है, उनका पृथक् उल्लेख नहीं किया।

अतएव याज्ञवल्क्येन मातुरधिकारप्रदर्शननैव पितृव्यादिभ्यः पूर्वं पितामहपितामह्योरधिकारस्याप्युक्तत्वात् न पृथगुक्तः। दा.भा. 11/4/6

पंचम परिच्छेद में मृतव्यक्ति के धन पर भाई को रिक्थाधिकारी माना है। भाइयों में सर्वप्रथम सहोदर भ्राता का अधिकार बताया है। उसके अभाव में भिन्नोदर भ्राता का अधिकार होता है–**तत्रापि प्रथमं सोदरस्यैव तदुक्तं सोदरस्य तु सोदरः भ्रातरस्तथेत्युक्तभ्रातुराधिकावसरे प्रथमं सोदरो गृह्णीयादित्यर्थः। तस्य त्वभावे सापत्नो भ्राता एकप्रभवत्वेन तस्यापिभ्रातृशब्दार्थत्वात्।** दा.भा. 11/5/9

परन्तु इसका अपवाद मिलता है कि यदि मृतस्वामी की सहोदर भाइयों से संसृष्ट होकर मृत्यु होती है तो उसके धन पर संसृष्ट सहोदर भाई का अधिकार होता है, भिन्नोदर असंसृष्ट का नहीं। इसी प्रकार यदि मृतस्वामी सहोदर एवं भिन्नोदर दोनों भाइयों से संसृष्ट होकर मृत होता है तो उसके धन पर दोनों का अधिकार होता है अर्थात् दोनों आधी–आधी सम्पत्ति प्राप्त करते हैं क्योंकि दोनों में एक–एक गुण विद्यमान है–**अन्योदर्यस्तु संसृष्टी नान्योदर्य्योः धनं हरेत्। असंसृष्ध्यापि चादद्यात् संसृष्टो नान्यमातृजः॥** याज्ञ. स्मृ. 2/140 दा.भा. 11/5/13

षष्ठ परिच्छेद में भाइयों के अभाव में भ्रातृपुत्र तथा अन्य उत्तराधिकारियों की चर्चा की गई है। भ्रातृपुत्रों में सर्वप्रथम भ्रातृपुत्र और तत्पश्चात् भिन्नोदर भ्रातृपुत्र का अधिकार बताया है। इनके अभाव में सपिण्ड, सकुल्य एवं समानोदक मृतस्वामी के धन के अधिकारी होते हैं। समानोदक के अभाव में आचार्य और तदुपरान्त शिष्य उत्तराधिकारी है। शिष्य के अभाव में सब्रह्मचारी धन प्राप्त करता है। सब्रह्मचारी के अभाव में एक गोत्र वाला (सगोत्र) और एक प्रवर (समान प्रवर) को धन मिलता है। इन सबके अभाव में ब्राह्मण को धन मिलता है। ब्राह्मण के धन को छोड़कर क्षत्रियादि वर्णों के धन को राजा प्राप्त करता है।

जीमूतवाहन ने याज्ञवल्क्य के वचन का उल्लेख करते हुए कहा है कि वानप्रस्थ संन्यासी एवं ब्रह्मचारी के धन को क्रम से धर्म भाई सत्शिष्य एवं अचार्य प्राप्त करते हैं। इन सबके अभाव में एकतीर्थी या

एकाश्रमी धन ग्रहण करता है।

वानप्रस्थयतिब्रह्मचारिणां रिक्थभागिनः।
क्रमेणाचार्यसच्छिष्यधर्मभ्रात्रेकतीर्थिनः॥

याज्ञ.स्मृ. 2/137 दा.भा. 11/6/35

द्वादश अध्याय में संसृष्ट शब्द का लक्षण बताया गया है जिसका सामान्य अर्थ है कि एक बार धन का विभाजन करने के पश्चात् पुनः उसका मिश्रीकरण करना संसृष्ट कहलाता है। बृहस्पति के मत का उल्लेख करते हुए 'संसृष्ट' शब्द की परिभाषा इस प्रकार दी है–विभाजन के पश्चात् जो पुनः पिता, भ्राता एवं पितृव्य के साथ प्रीतिपूर्वक सम्मिलित रहने लगता है तो उसे संसृष्ट कहा जाता है–

विभक्तो यः पुनः पित्रा भ्राता चैकत्र संस्थितः।
पितृव्येणाथवा प्रीत्या स तु संसृष्ट उच्यते॥ दा.भा. 12/3

त्रयोदश अध्याय में विभाजन के समय छिपी हुई सम्पत्ति का विभाजन किस विधि से किया जाता है–इस विषय की चर्चा की गई है। जीमूतवाहन ने मनु के आधार पर कहा है कि पूर्व विभाजन के समान ही उस दृष्ट धन का विभाजन होता है। और जो व्यक्ति सम्पत्ति का अपहरण करता है उसे भी अन्य दायादों के समान अंश मिलता है। उसको निरंशक नहीं किया जाता और न ही उसे अल्प अंश दिया जाता है–**पूर्वं यथा यस्य विभागकल्पना कृता, तत्समानैव कार्या न पुनरपहर्तरपहर्तृतया अल्पभागो दातव्यो न दातव्य एव वेति॥** दा.भा. 13/2

चतुर्दश अध्याय में विभाग में संदेह होने पर उसका निर्णय किस प्रकार से हाता है उसका निरूपण किया गया है यथा–दायादों में विभाजन का संशय होने पर ज्ञातियों द्वारा, लेख प्रमाण तथा पृथक् कार्यों से विभाग का निर्णय होता है।

विभागधर्मासन्देहे दायादानां विनिर्णयः।
ज्ञातिभिर्भागलेख्येन पृथक्कार्यप्रवर्तनात्॥ दा.भा. 14/1

पंचदश अध्याय में जीमूतवाहन ने अपने को पारिभद्र कुल में उत्पन्न माना है।

ग्रन्थ में आए हुए मीमांसा अधिकरणों की व्याख्या–

1. होलाकाधिकरण न्याय–जैमिनि के मीमांसा दर्शन के प्रथम अध्याय के तृतीय पाद में 15 से 23 सूत्रों तक वर्णन किया गया है।

अलग-अलग देशों में अलग-अलग धर्मों का प्रचलन दिखलाई पड़ता है। उदाहरण के लिए, पूर्व के लोगों में फाल्गुन मास की पौर्णमासी के दिन "होलाका' (वसन्तोत्सव) का दक्षिणात्यों में आन्हीनैबुक (अपने-अपने कुल क्रमानुार करञ्ज अथवा अर्क के बढ़ते हुए पौधे की पूजा) का और उदीच्यों में जेठे के महीने की पौर्णमासी के दिन उद्‌वृषभ यज्ञ (अर्थात् बैलों को सम्मानित करके उनकी दौड़ का आयोजन) का प्रचलन दिखलाई पड़ता है। यहाँ संशय उत्पन्न हाता है कि इन आचारों का पालन उन्हीं लोगों द्वारा किया जाना चाहिए जहाँ इनका प्रचलन दिखलाई पड़ता है अथवा सबके द्वारा? पूर्वपक्ष का मत है कि इन कृत्यों के आधार के लिए श्रुति का अनुमान करना केवल कुछ निश्चित व्यक्तियों (प्राच्यों, दाक्षिणात्यों आदि) तक ही सीमित रखना चाहिए। **"प्राच्यै होलाका कर्त्तव्या"** अथवा **"उदीच्यै उद्‌वृषभयज्ञः कर्त्तव्या"** ऐसी श्रुति की कल्पना करनी चाहिए। इसके उत्तर में सिद्धान्तपक्षी का कहना है कि समाज में प्रचलित स्मार्तधर्मों के समर्थन के लिए अवश्य कल्पनीय सामान्य श्रुति की ही कल्पना की जानी चाहिए। अथवा विशिष्ट प्राच्यादि, पदों से रहित-'होलाका कर्त्तव्या' ऐसी श्रुति की ही कल्पना की जानी चाहिए।

2. विश्वजिति सर्वस्वदाने पित्रादीनामदेयत्वाधिकरणम्

इस अधिकरण का उल्लेख मीमांसा के द्वितीय अध्याय में किया गया है। पुत्रार्जित सम्पत्ति के विभाजन के प्रसंग में कहा गया है कि पुत्र द्वारा अर्जित की गई सम्पत्ति में पिता द्वयंश या अर्धंश प्राप्त करता है, पूर्वपक्षी का मत है कि पिता को द्वयंश, पुत्र और वित्त के अर्जन से प्राप्त होते हैं। जीमूतवाहन इस मत का खण्डन करते हुए कहते हैं कि पिता

का पुत्र में अर्जन नहीं होता, क्योंकि यदि पिता का पुत्र में अर्जन होगा तो पिता पुत्र का भी दान कर देगा जो कि शास्त्र के विरुद्ध है। उपरिनिर्दिष्ट पूर्वमीमांसा के अधिकरण से स्पष्ट है कि पिता का पुत्र में स्वत्व नहीं होता अतएव वह उसका दान भी नहीं कर सकता।

3. समं स्यादक्षुत्वादिशेषस्य

मीमांसा के दशम अध्याय के तृतीय पाद में 53 से 55 तक का उल्लेख किया गया है। इस सूत्र से अभिप्राय है कि यदि विशेष श्रवण न हो तो सम विभाजन करना चाहिए। साधारण स्त्रीधन के प्रसंग में पूर्वपक्ष का मत है कि माता के मरने क बाद उसके साधारण स्त्रीधन में केवल भाइयों/पुत्रों) का और उनके अभाव के अविवाहिता भागिनियों (पुत्रियों) का तुल्य अधिकार होता है क्योंकि पूर्वमीमांसा के 'समं स्यादश्रुत्वाद्विशेषस्य' वचन से समत्व की प्राप्ति सिद्ध है। जीमूतवाहन इस मत का खण्डन करते हुए कहते हैं कि माता की मृत्यु के बाद उसके (साधारण) स्त्रीधन में भाई (पुत्रों) और अविवाहिता भगिनियों (पुत्रियों) का तुल्य अधिकार होता है। पूर्व मीमांसा के इस न्याय से यही निर्दिष्ट होता है।

4. क्रत्वर्थ पुरुषार्थयोर्जिज्ञासा

जैमिनि के चतुर्थ अध्याय के प्रथम पाद में 1, 2 सूत्र हैं क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ के विवाद की चर्चा के प्रसंग में अविभाज्य सम्पत्ति के प्रसंग में श्रीकर का आक्षेप है कि यदि प्रतिग्रह में (प्रतिग्रहीता के) पितृद्रव्य के उपघात को स्वीकार किया जाएगा तो ज्योतिष्टोम याग में कर्त्ता के शरीर धारण के लिए जन्म के दिन से लाया हुआ भोजन (शरीर-स्थिति का हेतु होने के कारण) क्रत्वर्थ हो जाएगा पुरुषार्थ नहीं और यह स्थिति, मीमांसा में क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ के विषय में किए गए विवेचन के विरुद्ध हो जाएगी। जीमूतवाहन इस मत का खण्डन करते हुए कहते हैं कि मीमांसा में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भोजन से मनुष्य को साक्षात् तृप्ति का अनुभव होता है और वह पुरुषार्थ है। अतएव द्रव्यार्जन अथवा भोजन पुरुषार्थ ही है, न कि क्रत्वर्थ।

5. अयज्ञिया वे माषाः

मीमांसा के षष्ठ अध्याय के तृतीय पाद में 13 से 20 सूत्र में उल्लेख मिलता है। इस सूत्र से अभिप्राय है कि यज्ञ में मुद्‌ग का चरु किसी कारण से नष्ट हो जाए तो उसके प्रतिनिधि स्वरूप दूसरा द्रव्य ले लेना चाहिए परन्तु मुद्‌ग के स्थान पर माष का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि उसका वचन से निषेध किया गया है। विभाजन के समय छिपी हुई किन्तु कालान्तर में प्रकाशित सम्पत्ति के विभाजन के प्रसंग में पूर्वपक्ष का मत है कि साधारण धन में यदि कोई दायाद द्रव्य का अपहरण करता है तो उसे दोष लगता है। पूर्वमीमांसा के 'अयज्ञिया वै माषाः' इस निषेध वचन से जैसे मुद्‌ग के स्थान पर माषि को प्रतिनिधि स्वरूप लेने का निषेध है उसी प्रकार संयुक्त सम्पत्ति में से दसरे के द्रव्य का अपहरण करने का निषेध है। जीमूतवाहन इस मत का खण्डन करते हुए कहते हैं कि यज्ञ में माष का माष के रूप में प्रयोग करने का निषेध है किन्तु मुद्‌ग के चरु में भी यदि कुछ माष के अवयवों का मिश्रण हो जाता है तो आपत्ति नहीं की जाती। प्रकृत प्रसंग में भी केवल परद्रव्य के अपहरण से स्तेय का दोष लग सकता था लेकिन उस द्रव्य में निज के अधिकार का मिश्रण होने से 'आत्मीय बुद्धि' से ग्रहण किए जाने के कारण ऐसे दोष की आपत्ति को कोई प्रसक्ति नहीं है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर अन्त में मैं इतना कहना चाहूँगी कि दायभाग की संक्षिप्त विषय सामग्री एवं मीमांसा के अधिकरणों की सरल व्याख्या का अध्ययन करते हुए पाठक पुस्तक को सुचारु रूप से समझने में समर्थ हो सकेंगे। अपने इस किंचित-कार्य के लिए विद्यापीठ के प्राक्तन कुलपति महायशस्वी बहुशास्त्रनिष्णात जो मेरे साक्षात् गुरु रहे हैं जिनकी प्रेरणा आशीर्वाद से मेरा मार्ग प्रशस्त हुआ ऐसे तपोमूर्ति स्वर्गीय प्रोफेसर वाचस्पति उपाध्याय जी के पावन चरणों में मैं हृदय से नमन करतील करती हूँ। साथ ही वर्तमान कुलपति प्रो. ऊषा रानी कपूर जी का भी इस अवसर पर आभार अभिव्यक्त करती हूँ। विद्यापीठ के प्रकाशन विभाग से प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय जी एवं अन्य सहयोगियों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापन करती हूँ जिन्होंने मुझे आरम्भ से लेकर कार्य

सम्पन्न होने तक अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। इस पुस्तक को प्रकाशित करने केलिए परिमल प्रकाशक का धन्यवाद ज्ञापन करना चाहूँगी जिनके सौजन्य से मुझे "Two treatises on the Hindu Law of inheritance by H.T. Colebrook" पुस्तक उपलब्ध हुई। इनके माध्यम से मैं अंग्रेजी अनुवाद पाठकों के समक्ष उपस्थित करने में समर्थ हुई। अपिच मैं विशेष रूप से अमर प्रिंटिंग प्रेस का भी हृदय से आभार व्यक्त करना चाहती हूं जिन्होंने मेरे लेखन कार्य को पुस्तक का रूप प्रदान कर सुधी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

विषयसूची

पारिभद्रीय-महामहोपाध्याय-जीमूतवाहनकृत

दायभागः

अथ प्रथमोऽध्यायः

मन्वादिवाक्यान्यविमृश्य येषाम्
यस्मिन् विवादो बहुधा बुधनाम्।
तेषां प्रबोधाय स दायभागः
निरूपणीयः सुधियः शृणुध्वम्॥ 1॥

मन्वादि वचनों की व्याख्या के प्रसंग में बुद्धिमानों के विवाद को दूर करने के लिए दायभाग का निरूपण किया गया है। हे बुद्धिमानों! सुनो।

Subject proposed.

Partition of heritage, on the subject of which various controversies have arisen among intelligent persons (not fully comprehending the precepts of Manu and the rest should be explained for their information. Hear it, O you wise!

अथ दायभागो निरूप्यते। तत्र नारदः-

विभागोऽर्थस्य पित्र्यस्य पुत्रैर्यत्र प्रकल्प्यते।
दायभाग इति प्रोक्तं तद्विवादपदं बुधैः॥ 2॥

अब दायभाग का निरूपण करते हैं। यथा नारद के मतानुसार जहाँ पैतृक सम्पत्ति का पुत्रों द्वारा विभाजन किया जाता है उस व्यवहार पद को विद्वानों के द्वारा दायभाग की संज्ञा दी गई है।

Partition of heritage, described by Nārada, as a head of actions.

First, the term Partition of Heritage *(dāya-bhāga)* is expounded and, on that subject, Nārada says, "Where a division of "the paternal estate is instituted by sons, that become a "topic of litigation, called by the wise Parititition of Heritage".

पितृत आगतं-पित्र्यम्, तच्च पितृमरणोपजातस्वत्व-मुच्यते। पित्र्यस्येति पुत्रैरिति च द्वयमपि सम्बन्धिमात्रेपलक्षणम्, सम्बन्धिमात्रेण सम्बन्धिमात्रधनविभागेऽपि दायभागपद-प्रयोगात्। अत एव दायभागं विवादपदमुपक्रम्य नारदोऽपि मात्रादिधनविभागमप्युपदर्शितवान्। तथा मनुरपि पित्रदिपद-मदत्त्वैव-

एष स्त्री पुंसयोरुक्तो धर्मो वो रतिसंहितः।
आपद्यपत्यप्राप्तिश्च दायभागं निबोधत॥ 3॥
इत्युपक्रमम्य यावत्सम्बन्धिधनविभागमुक्तवान्॥ 3॥

पिता द्वारा आई हुई सम्पत्ति से 'पित्र्यं' अर्थात् पैतृक कहा है। और पिता के मरण के पश्चात् स्वत्व उत्पन्न होता है। 'पित्र्यस्य' एवं 'पुत्रैः' दोनों सम्बन्धि मात्र के उपलक्षण हैं। सम्बन्धियों (पिता, पितामहादि) के धन का सम्बन्धियों (पुत्र, पौत्रदि) में विभाजित होना दायभाग पद का अर्थ है। इसलिए 'दायभाग' व्यवहार पद को आरम्भ करते हुए नारद ने भी माता आदि के धन का विभाग दिखलाया है। मनु ने भी पित्रादि पद को प्रारम्भ न करके सम्बन्धि के धन का विभाग कहा है - आप से रति (स्नेह-अनुराग) युक्त स्त्री-पुरुष के धर्म तथा उनके आपत्काल में सन्तान प्राप्ति के विधान को कहा। अब आप लोग दायभाग (पितादि के धन के विभाजन) को सुनें।

Exposition of his text. Inheritance includes succession to the goods of any relation.

What came from the father is "paternal" and this signifies property arising from the father's demise. The expressions "paternal" and "by sons" both indicate any relation: for the term "partition of heritage" is used for a division of the goods

of any relation by any relatives. Accordingly Nārada, having premised "partition of heritage" as a topic of litigation, (see 2) shows, under that head of actions, the distribution of effects left by the mother and the rest. So Manu, likewise, premising inheritance, but without employing the work father or any other specific term, propounds the division of effects of any relative.

दीयत इति व्युत्पत्त्या दायशब्दः, ददातिप्रयोगश्च गौणः, मृतप्रव्रजितादिस्वत्वनिवृत्तिपूर्वकपरस्वत्वोत्पतिफलसाम्यात्, न तु मृतादीनां तत्र त्यागोऽस्ति॥ 4॥

दाय शब्द की व्युत्पत्ति 'दा' धातु से है अर्थात् जो दिया जाता है वह दाय है किन्तु दाय में 'देना' क्रिया गौण है क्योंकि मृतकादि स्वयं स्वत्व का त्याग नहीं कर सकते। अतः यहाँ मुख्य बात है स्वत्व की निवृत्ति एवं पर स्वत्व की उत्पत्ति। स्वत्व की निवृत्ति कई प्रकार से हो सकती है जैसे मृत, संन्यासी एवं पतित होने पर॥ 4 ॥

Derivation of *dāya*, heritage, from *dā*, to give.

The term "heritage", by derivation, signifies "what is given". However, the use of the verb *(dā)* is here secondary or metaphorical, since the same consequence is produced, namely, that of constituting another's property after annulling the previous right of a person who is dead, or gone into retirement, or the life. But there is no abdication of deceased and the rest in regard to the goods.

ततश्च पूर्वस्वामिसम्बन्धाधीनं तत्स्वाम्युपरमे यत्र द्रव्ये स्वत्वम्, तत्र निरूढो दायशब्दः॥ 5॥

अतः जीमूतवाहन के अनुसार (पूर्व स्वामी के) स्वत्व के उपरम होने पर जिस द्रव्य में (अन्य सम्बन्धी का) स्वत्व होता है उसी में दाय शब्द निरूढ है॥ 5॥

Definition of heritage.

Therefore, the word "heritage" is used to signify wealth,

in which property, dependent on relation to the former owner, arises on the demise of that owner.

ननु किं दायस्य विभागः विभक्तावयवत्वम्, यद्वा दायेन सह विभागात् संयुक्तत्वम्? न तावत् पूर्वः, दायविनाशापत्तेः। नापि द्वितीयः, संयुक्तेऽपि न ममेदं विभक्तं स्वम्, भ्रातुरिदमिति प्रयोगात्॥ 6॥

जीमूतवाहन ने दाय शब्द पर विचार करने के उपरान्त समस्तपद – दायविभाग पर विचार प्रारम्भ करते हुए पहले पूर्व पक्ष के रूप में तीन सम्भावनाओं को प्रस्तुत किया है – 1. दायस्य विभागः, 2. दायेन सह विभागः, 3. सम्बन्धाविशेषात् सर्वेषां सर्वधनोत्पन्नस्य स्वत्वस्य द्रव्यविशेषे व्यवस्थापनं विभागः। प्रथम विग्रह के अनुसार यदि दाय का अवयवों में विभाजन किया जाए तो उसका स्वरूप ही नष्ट हो जाता है यथा – एक ही गाय का यदि परिवार के अनेक सदस्यों में विभाजन किया जाए तो उसके अवयवों का अनेक व्यक्तियों में पृथक्-पृथक् विभाग हो जाने पर निश्चय ही वह नष्ट हो जाती है और वह परिवार के सभी सदस्यों के लिए निष्प्रयोजन हो जाती है। अतः इस व्याख्या को मान्य नहीं कहा जा सकता है।

दूसरी व्याख्या – दायेन सह विभागः अर्थात् दाय के साथ विभाजन ऐसा विग्रह करने से संयुक्त परिवार की सम्पत्ति में सब भाइयों का संयुक्त स्वामित्व होने पर कोई भाई यह नहीं कह सकता कि अमुक सम्पत्ति मेरी है क्योंकि उसमें अन्य भाईयों का भी स्वत्व विद्यमान् है। अतः दायविभाग को संयुक्तावयव भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।।6।।

Partition is not a splitting of the chatterl; nor the separation of it from the co-heir's goods.

Is the partition of heritage a splitting of the divided thing into integrate parts? Or does partition consist in the chattel's not being united with the heritage of a co-heir? The first position is not correct; for the heritage itself would be destroyed. Nor is the second accurate; for though goods be conjoined, it may be said, "this chattel which was before parted, is not my "property,

but my brother's".

न च सम्बन्धाविशेषात् सर्वेषां सर्वधनोत्पन्नस्य स्वत्वस्य द्रव्यविशेषे व्यवस्थापनं विभाग इति वाच्यम्। सम्बन्ध्यन्तरसद्भावप्रतिपक्षस्य सम्बन्धस्यावयवेष्वेव विभागव्यङ्ग्यस्वत्वापादकत्वात्, कृतस्नपितृधनगतस्वत्वोत्पादविनाशकल्पनागौरवात्, यथेष्टविनियोगफलाभावेनानुपयोगाच्च॥ 7 ॥

तीसरी व्याख्या के अनुसार समान सम्बन्धियों (जैसे पुत्रों, भाईयों आदि) का मत स्वामी की सम्पूर्ण सम्पत्ति में पहले संयुक्त स्वामित्व होता है और तदनन्तर विभाजन के द्वारा उसी संयुक्त द्रव्य में से उन्हें पृथक्-पृथक् रूप से द्रव्य विशेष की प्राप्ति होती है। इस तीसरी व्याख्या के खण्डन के लिए तीन युक्तियाँ दी गई हैं –

1. 'सर्वधनोत्पन्नस्य स्वत्वस्य' इस अंश के अनुसार सब भाईयों का सम्पूर्ण सम्पत्ति में संयुक्त स्वामित्व उत्पन्न नहीं होता अपितु प्रत्येक भाई का अपने अपने अवयव पर ही स्वत्व होता है। इसलिए 'अवयवेष्वेव' शब्द पर बल दिया गया है।

2. जीमूतवाहन के अनुसार इस व्याख्या में कल्पना गौरव है क्योंकि पहले पिता की सम्पूर्ण सम्पत्ति में सब भाईयों के संयुक्त स्वामित्व की उत्पत्ति स्वीकार की गई है और फिर उसी संयुक्त स्वामित्व का पृथक्-पृथक् द्रव्यों में व्यवस्थापन कर नाश किया गया है।

3. सब भाइयों का सम्पूर्ण सम्पत्ति में संयुक्त स्वामित्व होने पर उसी संयुक्त स्वामित्व का द्रव्य विशेष में व्यवस्थापन करने से कोई भी भाई उसका स्वेच्छा से विनियोग (दान, विक्रय एवं उपभोग) नहीं कर सकता॥ 7 ॥

Nor a distribution of a general right particulars.

Nor can it be affirmed, that partition is the distribution to particular chattels of a right vested in all the co-heirs, through the sameness of heir relation, over all the goods. For relation, opposed by the co-existent claim of another relative, produces a right (determinable by partition) to portions only of the estate:

since it would be burdensome to infer the vesting and diversting of rights to the whole of the paternal estate; and it would be useless, as there would not result a power of aliening at pleasure.

उच्यते - एकदेशोपात्तस्यैव भूहिरण्यादावुत्पन्नस्य स्वत्वस्य विनिगमनाप्रमाणाभावेन वैशेषिकव्यवहारानर्हतया अव्यवस्थितस्य गुटिकापादिना व्यञ्जनम् विभागः ॥ 8 ॥

विभाजन से पूर्व चल या अचल सम्पत्ति (भू हिरण्यादि) के किसी एक ही भाग में उत्पन्न स्वत्व के नियामक प्रमाण के अभाव होने से 'यह किसका अंश है' इस प्रकार का विशिष्ट व्यवहार नहीं हो सकता। अतः जहाँ विशेष रूप से स्वत्व की व्यवस्था न हो वहाँ गुटिकापात (लाटरी आदि) द्वारा स्वत्व की अभिव्यक्ति ही विभाग है।। 8 ।।

Definiton of partition.

The answer is : Partition consists in manifesting (or in particularising) by the casting of lots or otherwise, a property which has arisen in lands or chattels, but which extended only to a portion of them, and which was previously unascertained, being unfit for exclusive appropriation, because no evidence of any ground of discrimination existed.

विशेषेण भजनम्, स्वत्वज्ञापनं वा विभागः॥ 9 ॥

अतः विशेषरूप से विभक्त करना या स्वत्व का बोधन करना ही विभाग कहलाता है।। 9 ।।

Its literal meaning

Or partition is a special ascertainment of property, or making of it known (by reference of a particular share to a particular person).

यत्रापि चैकं दासीगवादिकं बहुसाधारणम्, तत्रापि तत्तत्कालविशेषवहनदोहनफलेन स्वत्वं व्यज्यते।

तदाह बृहस्पतिः-

एकां स्त्रीं कारयेत् कर्म यथांशेन गृहे गृहे।
उद्धृत्य कूपवाप्यम्भस्त्वनुसारेण गृह्यते।।
युक्त्या विभजनीयं तदन्यथानर्थकं भवेत्।। इति
इदं श्लोकार्द्धत्रयं नानास्थानस्थम्, न तु क्रमिकम्।।10।।

जहाँ एक दासी, गाय या अन्य वस्तु सबके साधारण होते हैं वहाँ पर क्रमानुसार उनसे कार्य करवाना चाहिए जैसे गाय से दोहन तथा दासी से वहन आदि। इस प्रकार उस काल विशेष में कार्य करवाने से स्वत्व हो जाता है। बृहस्पति के अनुसार - यदि एक काम करने वाली दासी हो तो अपने अंशानुसार बारी बारी से विभिन्न घरों में उससे काम कराया जाये। कुएँ, बावड़ी, पानी की नाली (सेतु) का अपने हिस्से के अनुसार उपयोग करना चाहिए। अतः इनका युक्तिपूर्वक विभाग करना चाहिए अन्यथा वे निरर्थक हो जायेंगी। विषय की जानकारी के लिए बृहस्पति के उपर्युक्त तीनों श्लोकों के अंश भिन्न-भिन्न स्थानों से लिए गए हैं। ये सभी क्रम से नहीं हैं।। 10 ।।

The definition holds good in the case even of a single article : the right to which may be shared as provided by Bṛhaspati.

Even in the case where a single article, as a female slave, a cow, or the like, is common to many, the property is severed by separate use, in varying burdens or in milking, during specific periods, in turn, as directed by Bṛhaspati. "A single female slave should be employed on labour in the houses (of the several coheirs) successively, according to the number of shares:- and water of wells or ponds is drawn for use according to need (without stint)- such property (as is regularly not divisible) should be distributed by equitable adjustment; else it would useless (to the owners.)" These three half stanzas occur in many places, (as quotations from this auther) though not found in their regular order (in his Institutes of Law).

ननु 'पितर्यूर्ध्वं गते पुत्रा विभजेयुर्द्धनं पितुरि'ति नारदवचनात् पितुर्धनम् विभजेयुरित्यन्वयात्, विभागात् पूर्वं न तत्र पुत्राणां स्वत्वम्, न च विभागस्य स्वत्वकारणता, असम्बन्धिधनेऽप्यतिप्रसङ्गात्॥ 11 ॥

जीमूतवाहन ने पूर्वपक्षी नारद के वचन को उद्धृत करते हुए लिखा है कि- माता-पिता की मृत्यु के बाद ही पुत्रों के द्वारा पितृधन का विभाजन किया जा सकता है। इससे यह स्पष्ट है कि विभाजन से पूर्व पुत्रों का पितृधन में स्वत्व नहीं है। दूसरी ओर विभाज़न से स्वत्व की उत्पत्ति होती है यह सिद्धान्त भी स्वीकार नहीं किया जा सकता क्योंकि ऐसा मान लेने से असम्बन्धी के धन में भी (किसी अन्य असम्बन्धी के) स्वत्व की उत्पत्ति की शंका होने लगेगी॥ 11॥

Partition does not create right.

Does it not follow from the text of Nārada, (let sons regularly divide the wealth when the father is dead") which authorises sons to divide their father's effects after his decease, that son's have not property therein before partition? nor can partition be a cause of property, since that might be misunderstood as extending even to the goods of a stranger.

उच्यते-पित्रादिनिधनानन्तरमेवास्मदीयं धनमिति प्रयोगात्, एकपुत्रे च विभागं विनैव स्वत्वस्वीकाराच्च। सम्बन्धिनिधनमेव स्वत्वकारणम्, अतः नातिप्रसङ्गः॥ 12॥

उपर्युक्त शंका के उत्तर में जीमूतवाहन का कहना है कि - लोकव्यवहार में पिता की मृत्यु के बाद ही पुत्रों द्वारा पितृधन के विषय में "यह हमारा धन है" ऐसा प्रयोग किया जाता है और इसी तरह पिता की मृत्यु के बाद (बिना विभाग के ही) पिता के एकमात्र पुत्र के द्वारा पितृधन पर अपना अधिकार स्वीकार किया गया है। 'सम्बन्धिनिधनम्' ही स्वत्वोत्पत्ति का कारण है। ये दोनों ही शब्द स्वत्व के उपरम का निर्देश करते हैं और सम्बन्धी शब्द असम्बन्धी के धन में विभाग से स्वत्व की उत्पत्ति की आशंका का निराकरण करता है।

But the demise of a relation is its cause.

The answer is this: since it is the practice of people to call an estate their own, immediately after the demise of their father or other predecessor; and the right of property is acknowledged to vest without partition in the case of an only son; the demise of the relative is the cause of property. Consequently there is no room for any misconstruction.

नन्वर्जयितृव्यापारोऽर्जनम्, अर्जनाधीनस्वामिभाव-श्चार्जयिता, तेन पुत्रव्यापारो जन्मैवार्जनं युक्तम्, अतो जीवत्यपि पितरि पुत्राणां तत्र स्वत्वम्, न तु तन्निधनात्। अतएवोक्तं 'क्वचिज्जन्मैव यथा पित्र्ये धने'॥ 13 ॥

यहाँ पर एक शंका है कि अर्जयितृ अर्थात् लाभ प्राप्त करने वाले के कर्म को अर्जन कहते हैं। अर्जन के अधीन स्वामिभाव रखने वाला अर्जयिता होता है। इस प्रकार पुत्र का जन्म से ही अर्जन होता है, मृत्यु के बाद नहीं। इसलिए कहा गया है कि - कहीं जन्म से भी स्वत्व होता है जैसे पैतृक सम्पत्ति में।। 13।।

Acquisition of property by birth.

Acquisition is the act of the acquirer; and one, who has the state of ownership dependent on acquisition, is the acquirer. Is not birth, therefore, as the act of the son, rightly deemed his mode of acquisition; and have not sons, consequently, a proprietary right, during their father's life, (even without his being degraded or otherwise disqualified); and not by reason of his demise? and, therefore, is it declared "in some cases brith along (is a mode of acquisition) as in the instance of a paternal estate".

नैतत्, मन्वादिविरोधात्। यथा -

ऊधर्वं पितुश्च मातुश्च समेत्य भ्रातरः समम्।

भजेरन् पैतृकं रिक्थमनीशास्ते हि जीवतोः॥

मनु. 1-103॥ 14 ॥

मन्वादि के विरोध होने से यह मत ठीक नहीं है। यथा माता-पिता के मरने पर सब भाई एकत्रित होकर पैतृक (पितृ सम्बन्धी) सम्पत्ति को बराबर बाँट लें क्योंकि उन दोनों (माता-पिता) के जीवित रहते हुए (वे पुत्र) उनकी सम्पत्ति को लेने में असमर्थ रहते हैं।। 14।।

Shown to be an erroneous supposition.

That is not correct: for it contradicts Manu and the rest. "After the (death of the) father and the mother, the brethren, being assembled, must divide equally the paternal estate: for they have not power over it, while their parents live."

जीवतोरपि पित्रोः पुत्राणां कुतो न विभाग इत्याशङ्कायाम्, इदमुत्तरम्, तदानीमस्वामित्वादिति।। 15 ।।

मनु के द्वारा पुत्रों के अनधिकार का यह निर्देश केवल उनके अस्वातन्त्र्य को बतलाने के लिए नहीं किया गया है अपितु उनके स्वत्व के अभाव को बतलाने के लिए ही किया गया है।। 15।।

Manu, (see 14) denies the son's right in his father's life-time.

This text is an answer to the question, why partition among sons is not authorised, while their parents are living : namely "because they have not ownership at that time".

न च भार्या पुत्रश्चेत्यादिवत् अस्वातन्त्र्याभिप्राय-मितिवाच्यम्; तदानीं स्वत्वे प्रमाणाभावात्। भार्यादिषु तु 'यत्ते समधिगच्छन्ति'-अर्जयन्तीति स्वत्वे सिद्धे, युक्तमस्वातन्त्र्य-वर्णनम्।। 16 ।।

मनु के एक अन्य श्लोक में (8/416) भार्या, पुत्र और दास को अस्वतन्त्र कहा है किन्तु वहाँ अर्जन के कारण (स्वार्जित) द्रव्य पर उनका स्वत्व एक सिद्ध वस्तु है।। 16 ।।

His text cannot intend mere dependence and control.

It should not be argued, that the text intends want of independence, like another passage of the same author,

concerning acquisitions by a wife or son: for there is no evidence of property then vested; but, in the other instance, dependence is rightly supposed to be meant, since property is suggested by the phrase "what they earn" or acquire.

किञ्च स्वोपात्तेऽपि तेषामस्वामित्वे स्वधनसाध्य-वैदिककर्मोच्छेदात् श्रुतिविरोधः स्यात्॥ 17 ॥

इस स्वत्व की पुष्टि श्रुति के वचन से भी होती है जिसमें स्वार्जित द्रव्य के द्वारा धार्मिक कर्तव्यों के पालन का विधान है।।17।।

The son's property in his own gains is requisite to his performance of religious rites therewith.

Besides, it would contradict revealed law, if these person had not ownership even in that which is by them earned; since religious rites, enjoined by holy writ and which must be effected by means of their own wealth, would be prevented.

देवलश्च पितृधने अस्वाम्यमेव स्पष्टयति -

तथा पितर्य्युपरते पुत्रा विभजेयुर्धनं पितुः।
अस्वाम्यं हि भवेदेषां निर्दोषे पितरि स्थिते।।18।।

देवल भी पिता के धन में अस्वामित्व को स्पष्ट करते हैं यथा पिता के मरने पर पुत्र पिता की सम्पत्ति का विभाजन करें। पिता के निर्दोष रहने पर पुत्रों का अस्वामित्व होता है।। 18।।

Devala denies the son's right in the goods of his father yet living.

Devala, too, expressly denies the right of sons in their father's wealth. "When the father is deceased, let the sons divide the father's wealth : for sons have not ownership while the father is alive and free from defect."

किञ्च जीवत्यपि पितरि पितृधने पुत्राणां स्वामित्वे पितुरनिच्छयापि विभागः स्यात्, जन्मनैव स्वत्वमित्यत्र प्रमाणाभावाच्च। अर्जनरूपतया जन्मनः स्मृतावनधिगमात्।।19।।

और क्या पिता के जीवित रहते हुए पिता के धन में पुत्रों का स्वामित्व होगा तो पिता की अनिच्छा होने पर भी विभाग होगा, दूसरी बात है कि जन्म से पितृधन में पुत्रों का स्वत्व प्रमाणित करने वाले शास्त्र में कोई वचन नहीं मिलता और न ही स्मृति ग्रन्थों में जन्म को अर्जन के हेतु के रूप में कही स्वीकार किया गया है।। 19 ।।

No authority declares a right by birth.

Besides, if sons had property in their father's wealth, partition would be demandable even against his consent : and there is no proof, that property is vested by birth alone; nor is birth stated in the law as means of acquisition.

क्वचिज्जन्मैवेति च जन्मनिबन्धनत्वात् पितापुत्र-सम्बन्धस्य, पितृमरणस्य च स्वत्वकारणत्वात् परम्परया वर्णनम्।। 20 ।।

'क्वचिज्जन्मैव यथा पित्र्ये धने' यह शास्त्र वचन पुत्रों का पितृधन में जन्म से स्वत्व सिद्ध नहीं करता अपितु पिता-पुत्र के सम्बन्ध की ओर संकेत करता हुआ केवल उस परम्परा की ओर निर्देश करता है जो पिता की मृत्यु होने पर पुत्र को दाय ग्रहण करने का अधिकारी बनाते हैं।। 20 ।।

Relation of father and son and demise of the father, are causes of property.

In some places it is alleged : but there, by the mention of birth, the relation of father and son and the demise of the father are mediately indicated as causes of property.

अन्यव्यापारेणान्यस्य स्वत्वमविरुद्धं शास्त्रमूलत्वादस्य। दृष्टञ्च लोकेऽपि दाने हि चेतनोद्देशविशिष्टत्यागादेव दातृव्यापारात् सम्प्रदानस्य द्रव्ये स्वामित्वम्।। 21 ।।

अन्य के व्यापार से (पिता की मृत्यु) अन्य का (पुत्रों का) स्वत्व होता है यह शास्त्र के विरुद्ध नहीं है। लोक में भी देखते हैं कि दान में देने वाले (दाता) के व्यापार से लेने वाले का द्रव्य में स्वत्व

होता है। अर्थात् देने वाला उस वस्तु का त्याग करेगा तभी लेने वाले का स्वत्व होगा।। 21 ।।

A right may accrue to one by the act of another; as in donation.

The right of one may consistently arise from the act of another : for an express passage of law is authority for it; and that is actually seen in the world, since, in the case of donation, the donee's right to the thing arises from the act of the giver; namely, from his relinquishment in favour of the donee who is a sentient person.

The meaning of this passage is, that the father has a right to take either a double share or a moiety of his son's acquired wealth.

न च पुत्रश्च वित्तञ्चेति पुत्रवित्ते तयोरर्जनात् पिता द्व्यंशहरः पुत्रनर्जनात् सर्वहर इति वाच्यम्, अनर्जितपुत्रस्यापि भ्रातृभिर्विभागे वित्तार्जकतया अंशद्वयस्येष्टत्वात् कथं सर्वहरत्वम्? अतो विभागार्हसम्बन्धिनि विद्यमाने अर्जकस्य द्व्यंशित्वम्; असति तु सर्वहरत्वं वाच्यम्। तथात्र पिता-पुत्रयोः प्रमत्तगीतता स्यात्। किञ्चार्जनं-स्वत्वहेतुभूतव्यापारः। अर्जनम् स्वत्वं नापादयतीति विप्रतिषिद्धमित्यभिधानात्। न च पुत्रेषु स्वत्वमस्तीति सर्वस्वदाने (पू.दे. 6.7.1) प्रदर्शितम्। अतस्तत्र गौणमर्जनपदम्। वित्ते च मुख्यम्। न चैतत् सकृच्छ्रुतस्य तस्य सम्भवति।। 67।।

यदि यहाँ पर 'पुत्रवित्तार्जनात्' इस पद का विग्रह 'पुत्रश्च वित्तश्च इति पुत्रवित्ते तयोरर्जनात्' करते हुए कोई यह शंका करे कि पिता को दो भाग पुत्र और वित्त के अर्जन से प्राप्त होते हैं, परन्तु जो पुत्र अर्जन नहीं करता अर्थात् जिसके पुत्र ही नहीं है वह पिता सम्पूर्ण सम्पत्ति प्राप्त करता है तो यह ठीक नहीं है। इस शंका का समाधान करते हुए कहा जाता है कि पिता के पुत्रहीन होने पर भी भाइयों के विभाजन में वित्त का अर्जक होने से पिता दो भाग प्राप्त करता है, सम्पूर्ण सम्पत्ति नहीं। यदि ऐसा कहा जाए कि विभाजन के योग्य सम्बन्धियों के

विद्यमान होने पर ही अर्जक को दो अंश मिलते हैं, यदि न हो तो सम्पूर्ण सम्पत्ति प्राप्त होती है तो यह भी उचित नहीं क्योंकि पिता-पुत्र का जो विशेष विधान किया गया है वह निरर्थक हो जाएगा। समान्यत: सिद्धान्त है कि अर्जन स्वत्व को उत्पन्न करने का मूल हेतु है। जिसमें व्यक्ति का स्वत्व होता है उसका उसे दान-विक्रयादि करने की पूर्ण स्वतन्त्रता होती है। अर्जन स्वत्व को उत्पन्न नहीं करता यह किसी ने विपरीत कह दिया है। मीमांसा के सूत्र 'सर्वस्वदाने' के अनुसार केवल इतना अभिप्राय है कि पुत्र में पिता का स्वत्व नहीं अतएव पिता पुत्र का दान नहीं कर सकता। यदि यह कहा जाए कि पुत्र और वित्त का अर्जन होने से 'पुत्रार्जनात्' और 'वित्तार्जनात्' में पुत्र के साथ 'अर्जन' पद गौण है और वित्त के साथ अर्जन पद मुख्यार्थ है तो यह भी उचित नहीं है। क्योंकि कात्यायन के श्लोक 'पुत्रवितार्जनात्' में एक बार प्रयुक्त हुआ अर्जन पद दो अर्थों का बोधक नहीं हो सकता क्योंकि इस प्रकार विधिवैषम्य दोष हो जाएगा।। 67।।

Another interpretation rejected.

It must not be explained thus: 'From the acquisition of both son and wealth, the father becomes entitled to two shares; but from no acquisition of a son, the owner keeps the whole. For it is admitted, that, when partition is made with brothers, one, who even has not got a son, takes two shares, as the gainer of the wealth: how then can he keep the whole? It must therefore be affirmed, that, if any relative exist, who is entitled to participate, the acquirer has two shares; but, if there be none, he keeps the whole : and thus the specific mention of father and son becomes unmeaning, like the singing of a drunkard. Besides, acquisition is an act causing property : and it is a contradiction to say that it does not produce property, since it has been expressly declared to do so (by the wise). Neither is it true, that a son is the property of his father. For the contrary is shown under the head of gift of a whole estate. The term acquisition would be therefore metaphorical in regard to sons and literal in respect of wealth. But that is inadmissible in the instance of a single term once uttered.

न च पुत्रेणार्जितत्वात् पुत्रस्य द्व्यंशप्राप्तेः पितुश्च भागद्वयस्यास्माद्वचनादृतेऽपि प्राप्तेः, समभागत्वापातात् विधानमनर्थकमिति वाच्यम्, एतद्वचनमन्तरेण पुत्रधने पितुर्भागद्वयस्याप्राप्तेर्वचनस्यार्थवत्त्वात्॥ 68॥

यदि यह कहा जाए कि पुत्र द्वारा अर्जित की गई सम्पत्ति में से पुत्र को दो अंश मिलते हैं परन्तु पिता को दो अंश इस वचन के बिना ही प्राप्त है। अतः पिता और पुत्र का सम विभाजन होने से कात्यायन का यह वचन निरर्थक है। लेकिन ऐसी शंका करना अनुचित है क्योंकि इस वचन के बिना पिता को पुत्र द्वारा अर्जित सम्पत्ति में से दो भाग की प्राप्ति नहीं हो सकती; अतः यह वचन सार्थक है॥ 68॥

The precept, as above explained, is not superfluous.

It must not be argued, that the precept would be superfluous since the son's right to a double share is demonstrable, because the wealth was acquired by him; and since the father's right to two shares is also deducible independently of this text; (and) their equal participation may be thence inferred. The precept is significant : since, without this text, there is no ground for concluding a father's right to two shares of his son's wealth.

किञ्च पुत्रवित्तार्जनादित्यस्य पितृधनविषयत्वे पितुरिच्छातो द्व्यंशहरत्वम् अर्द्धहरत्वं वेत्यनुपपन्नम्, इच्छानुरोधित्वात् ग्रहणस्य। इच्छायाश्चानियतत्वात् सार्धसपाद-पादोनांशग्रहणस्यापि सम्भवात् कथं पक्षद्वयमात्रकीर्तन-नियमार्थत्वञ्च पितृधनगोचरं न सम्भवतीत्युक्तं प्राक्। अत्र च पुत्रार्जितवित्तस्य यथा द्व्यंशहरत्वम्, तथा तस्यैव वित्तस्यार्धहरत्वमिति युक्तम्॥ 69॥

यदि यह कहा जाए कि 'पुत्रवित्तार्जनात्' यह वचन पितृधन विषयक है तो यह उचित नहीं है क्योंकि पितृधन से सम्बन्धित होने के कारण पिता अपनी इच्छा से दो अंश या आधा अंश प्राप्त करे कहना

अनुचित होगा। इच्छा के अनियत होने से पिता अपने धन में से आधा, चौथाई या तिहाई भी प्राप्त कर सकता है। यह पूर्व में ही सिद्ध किया जा चुका है कि कात्यायन का वचन पितृधन विषयक नहीं है अपितु पिता के द्वयंश या अर्धांश का विधान पुत्र द्वारा अर्जित की गई सम्पत्ति में से ही है।। 69।।

It cannot relate to the father's own goods.

Besides, if the term "acquisition of wealth" be interpreted as relating to the father's goods, his right of taking two shares, or a moiety, at his choice, would be inapplicable, for his power taking according to his pleasure and the exercise of his will, are unrestricted. He may choose to take a share and a half, or one and a quarter, or three quarters of one share. How then are only two cases stated? That is cannot intend a restriction (to those two cases) nor relate to the father's own goods, has been already shown (from two passages before cited) and it is as fit that he should have a moiety of his son's acquired wealth, as it is that he should have two shares of such wealth.

न पुनर्द्व्यंशस्यार्धमेकोंऽशः, तद्ग्रहणार्थं वचनम्। अर्धस्य द्व्यंशस्य चैकदेशत्वेन एकदेशिन आकांक्षितत्वात् पुरुषविशेषणतया हरणकर्मत्वेन च द्वयोः समत्वात् परस्परसम्बन्धानुपपत्तेः। वित्तार्जनादिति पञ्चम्यन्तेन द्व्यंशरूपैकदेशान्वयार्थोपादानस्याविवादात् अर्द्धपदेनापि तस्यान्वयो युक्तः वित्तार्जनार्द्धपदयोश्चाव्यवधानात् वित्तस्यैवार्द्धं प्रतीयते, न पुनर्द्व्यंशस्यार्द्धमेकोंऽशः प्रतीयते, स्वायत्ते चैकांशपदे प्रयोक्तव्येऽवाचकपदप्रयोगस्यान्याय्यत्वात् वित्तस्यैवार्द्धयुक्तम्।। 70।।

यदि यह कहा जाए कि द्व्यंशहरोऽर्द्धहरो वा' में आधा अंश दो अंश के आधे अर्थात् एक अंश के लिए प्रयुक्त हुआ है तो युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि पुत्र द्वारा अर्जित सम्पत्ति में से पिता दो भाग प्राप्त करता है और आधा भाग भी उसी सम्पत्ति में से प्राप्त करता है। द्व्यंश और

अर्धांश यह एकदेशी हैं अर्थात् तुलना के अर्थ में प्रयुक्त हुए हैं। यदि दो अंश आधे अंश के लिए प्रयुक्त होता तो अर्धांश कहने का औचित्य ही नहीं था। अतः पिता द्वयंश या अर्धांश प्राप्त करता है।। 70।।

Nor can it intend a moiety of two shares, i.e., one share.

Nor does the text intend his taking a moiety of two shares or, in other words, a single share. For moiety and share being relative terms, imply a something of which they are parts: and, since they are equal in regard to the person and to the act of taking, they cannot relate to each other. As the interpretation, which takes the relative term "double share," in construction with "acquisition of wealth" in the ablative, is unexceptionable, it is also right to construe the word moiety with it; for the terms are contiguous. A moiety of the wealth, therefore, is meant; not a moiety of two shares, or in other words a single share : for it would be improper, while the obvious term, "a single share," might have been used, to employ a term, which does not express that sense. A moiety of the wealth, then, is the right interpretation.

तत्र पितृद्रव्योपघातेन पुत्रार्जितवित्तस्यार्धम् पितुः, अर्जकस्य पुत्रस्यांशद्वयम् इतरेषामेकैकांशिता, अनुपघाते तु पितुरंशद्वयमर्जकस्यापि तावदेव, इतरेषामनंशित्वम्।। 71।।

यदि पुत्र पैतृक धन की सहायता से धनोपार्जन करता है तो पिता को आधा अंश प्राप्त होता है अर्जककर्ता पुत्र को दो अंश की प्राप्ति और अन्य पुत्रों को एक-एक अंश प्राप्त होता है। यदि पैतृक धन की सहायता के बिना ही धनोपार्जन करता है तो पिता को दो अंश एवं अर्जक को भी दो अंश प्राप्त होते हैं, शेष पुत्रों को कुछ भी नहीं मिलता है।। 71।।

Either a moiety, or a double share, is allotted, according as the patrimony has, or has not, been used in making the acquisition.

Here the father has a moiety of the goods acquired by his son at the charge of his estate; the son, who made the

acquisition, has two shares; and the rest, take one apiece. But, if the father's estate have not been used, he has two shares; the acquirer, as many; and the rest are excluded from participation.

यद्वा विद्यादिगुणसम्पन्नस्य पितुरर्द्धहरत्वम्। विद्या-दिनाऽपि ज्येष्ठस्यैवाधिकांश दर्शनात्। विद्यादिशून्यस्य जनकतामात्रेण द्वयंशित्वम्।। 72।।

अथवा पिता के विद्यादि गुणों से सम्पन्न होने पर उसे पुत्रार्जित धान में से आधा भाग प्राप्त होता है क्योंकि विद्यादि के कारण ज्येष्ठ होने पर एक भाई को अन्य भाइयों की अपेक्षा अधिक अंश दिया जाता है। किन्तु विद्यादि से हीन होने पर भी सन्तान का उत्पादक होने से पिता को दो अंश मिलते हैं।। 72।।

Or a moiety is allowed, if the father possess good qualities. But two shares in right merely of paternity.

Or else, a father, endowed with knowledge and other excellencies, has a right to a moiety: for an increased allotment is granted to the eldest by science and other good qualities. But one destitute of such qualities has a double share in right merely of his paternity.

तेन क्रमागतधनाद्वा पुत्रार्जितधनाद्वा भागद्वयं पिता स्वयं गृह्णीयात्। अतोऽधिकमिच्छन्नपि नार्हतीतिवचनार्थः। स्वार्जितधनात्तु यावदेव गृहीतुमिच्छति, तावदेव गृह्णीयात्।। 73।।

इस प्रकार पितामहधन या पुत्र द्वारा अर्जित धन में से पिता दो भाग प्राप्त करता है। इससे अधिक अंश ग्रहण करने के लिए वह योग्य नहीं है। स्वार्जित धन में से पिता स्वेच्छा से जितना भी लेना चाहे ले सकता है।। 73।।

Recapitulation. A father may take two shares of inherited property; and of wealth acquired by his son. He may reserve as much as he pleases of his own acquisitions.

Therefore, the meaning of the texts is, that a father may

reserve for himself two share of wealth which has descended in succession (from ancestors) or of that which has been acquired by his son. He is not entitled to more, however desirous of it he may be. But, if his own acquired wealth, he may reserve as much as he pleases.

पुत्राणान्तु पितामहधनात् विंशोद्धारं दत्त्वा, अदत्त्वैव वा विभजेत्। स्वोपार्जितधनात् पुनर्गुणवत्त्वेन सम्मानार्थम्, बहुकुटुम्बत्वेन वा भरणार्थम्, अयोग्यत्वेन वा कृपया, भक्तत्वेन वा प्रसन्नतया, अधिकदानेच्छुर्न्यूनाधिकविभागं कुर्वन् धर्मकारी पिता।। 74।।

पितामहधन का विभाजन करते समय पिता की इच्छा है कि वह पुत्रों को बीसवाँ अंश उद्धार रूप में दे अथवा नहीं। स्वार्जित सम्पत्ति को धर्मकारी पिता अपनी इच्छा से न्यून या अधिक भाग करते हुए गुणवान् पुत्र को सम्मान के लिए, किसी अन्य पुत्र को अधिक कुटुम्ब होने पर भरण-पोषण के लिए, अयोग्य पुत्र को कृपा से या भक्त पुत्र को प्रसन्नता से अधिक भाग भी दे सकता है।। 74।।

He may give or withhold the eldest son's deduction from the patrimony : and he may distribute his acquired property unequally.

Among his sons, he may make the distribution, either by giving (to the first born) or withholding (from him) the deduction of a twentieth part of the grandfather's estate. But, if he make an unequal distribution of his own acquired wealth, being desirous of giving more to one, as a token of esteem, on account of his good qualities, or for his support on account of a numerous family, or through compassion by reason of his incapacity, or through favour by reason of his piety; the father, so doing acts lawfully.

तदाह याज्ञवल्क्यः -

'न्यूनाधिकविभक्तानां धर्म्यः पितृकृतः स्मृतः'।

(याज्ञवल्क्य0 2.117)

तथा बृहस्पतिः -

समन्यूनाधिका भागाः पित्रा येषां प्रकल्पिताः।
तथैव ते पालनीया विनेयास्ते स्युरन्यथा।।

नारदश्च -

पित्रैव तु विभक्ता ये समन्यूनाधिकैर्धनैः।
तेषां स एव धर्म्यः स्यात् सर्वस्य हि पिता प्रभुः।।75।।

(ना0 13-15) (75)

याज्ञवल्क्य का मत है कि पिता द्वारा न्यूनाधिक विभाजन धर्मानुकूल माना गया है। बृहस्पति के मतानुसार पिता ने जिन दायादों के सम न्यून या अधिक भाग निश्चित कर दिए हैं उनका उसी प्रकार पालन होना चाहिए। यदि वैसा पालन नहीं होता तो दायादों को दण्डित किया जाना चाहिए। इसी प्रकार नारद ने भी कहा है - पिता पुत्रों को सम, न्यून या अधिक भाग देकर विभाजन करता है तो वह धर्मकृत है क्योंकि पिता सब धन का प्रभु है।। 75।।

For Yājñavalkya, Bṛhaspati and Nārada have pronounced that lawful.

Yājñavalkya declares it : "A lawful distribution, made by the father, among sons separated with greater or less allotments, is pronounced (valid)." So Bṛhaspati: "Shares, which have been assigned by a father to his sons, whether equal, greater, or less should be maintained by them. Else they ought to be chastised." Nārada likewise: "For such as have been separated by their father with equal, greater or less allotments of wealth, that is a lawful distribution : for the father is lord of all."

सर्वधनप्रभुत्वस्य हेतुत्वात्, पैतामहे च तदसम्भवात्, न्यूनाधिकविभागः पितृकृतः पितृधनविषय एवायं धर्म्यः। तथा च विष्णुः-

'पिता चेत् पुत्रान् विभजेत् तस्य स्वेच्छा स्वयमुपात्तेऽर्थे, पैतामहे तु पितापुत्रयोस्तुल्यं स्वामित्वम्' (विष्णु0 17.1.1) ॥ **76॥**

पितृधन पर पिता का पूर्ण स्वामित्व होने पर उसके द्वारा किया गया न्यून या अधिाक विभाजन धर्मानुकूल है परन्तु पितामहधन के विषय में ऐसा असम्भव है। विष्णु का वचन है कि - पिता यदि पुत्रों में विभाजन करे तो स्वार्जित धन में उसकी इच्छा है कि वह न्यूनाधिक विभाजन कर सकता है। पितामहधन में पिता-पुत्र का समान स्वामित्व होता है।। 76।।

It is so only in the instance of the father's acquired wealth : as is ordained by Viṣṇu.

Since the circumstance of the father being lord of all the wealth, is stated sas a reason and that cannot be in regard to the grandfather's estate, an unequal distribution, made by the father, is lawful only in the instance of his own acquired wealth. Accordingly Viṣṇu says, "When a father separates his sons, from himself, his own will regulates the division of his own acquired wealth. But in the estate inherited from the grandfather, the ownership of father and son is equal."

ननु -

विभागञ्चेत् पिता कुर्यादिच्छया विभजेत् सुतान्।
ज्येष्ठं वा श्रेष्ठभागेन सर्वे वा स्युः समांशिनः'

(याज्ञ0 2.115) इति

याज्ञवल्क्यवचनादुद्धाररूपश्रेष्ठभागावगतेः, कथं ततो न्यूनाधिकत्वमिभधीयते? उच्यते; उपरते पितरि भ्रातृभिरपि

विभागे क्रियमाणे विशोद्धाररूपश्रेष्ठांशस्य सिद्धत्वाद्वचनानर्थक्यात् न तदर्थत्वम्।। 77।।

ननु से पूर्वपक्ष उपस्थित किया गया है कि - यदि पिता विभाजन करना चाहे तो अपनी इच्छा से पुत्रों का विभाजन करे। ज्येष्ठ पुत्र को श्रेष्ठ भाग देकर पृथक् करे अथवा सबको समान भाग देकर पृथक् करे। याज्ञवल्क्य के इस वचन से पिता द्वारा उद्धाररूप में किए गए ज्येष्ठ पुत्र के लिए श्रेष्ठांश की जानकारी होती है, फिर न्यून या अधिक भाग करने का क्या अभिप्राय है? कहा जाता है कि पिता की मृत्यु के पश्चात् भाइयों द्वारा विभाजन किए जाने पर ज्येष्ठ के लिए विंशोद्धार रूप श्रेष्ठांश का विधान - यह इस वचन से सिद्ध होता है। अत: याज्ञवल्क्य का पूर्व में उल्लिखित वचन निरर्थक है।। 77।।

The unequal distribution, meant by Yājñavalkya (see 75), is not one made according to specific deductions, as hinted by the same author.

As a superior allotment, in the form of a deduction, is indicated by a passage of Yājñavalkya, ("When the father makes a partition, let him separate his sons according to his pleasure; and either dismiss the eldest with the best share; or, if he choose, all may be equal sharers") how is any other unequal distribution here ordained? The answer is, such cannot be the meaning, for the text would be impertinent, since a superior allotment, resulting from the deduction of a twentieth part, is admissible when partition is made by brothers after the demise of the father.

अथ विनाप्युद्धारम् समांशतायाः पितृकृताया धर्म्यत्वार्थवचनमुच्यते। तन्न। न्यूनत्वमेव तर्हि पितृकृतं धर्म्यं स्यादित्यधिकपदमनर्थकं स्यात्।। 78।।

उद्धार भाग के बिना पिता द्वारा किया गया सम विभाजन धर्मानुकूल स्वीकार किया गया है, वह भी ठीक नहीं है क्योंकि यदि

न्यून विभाजन को ही धर्मानुकूल मानेंगे तो अधिक पद निरर्थक हो जाएगा।। 78।।

Nor does it intend equal distribution without specific deducations.

Perhaps the text is propounded for the purpose of legalising an equal distribution made by the father, without the authorised deductions? No : for then a less allotment only is declared lawful, as made by the father; and the word greater would be impertinent.

किञ्चोद्धाराभिप्रायेण समन्यूनाधिकत्ववर्णने इच्छया विभजेदित्यनर्थकम् पदम्। एतदितरपदत्रयेणैव वक्तव्यस्याभिहितत्वात्। अस्मन्मते तु इच्छया विभजेदिति स्वोपात्तधनविषयम्, श्रेष्ठांशता-समानांशतयोस्तु पैतामहधनगोचरत्वमिति, न किमप्यनर्थकम्।। 79।।

उद्धार के अभिप्राय से सम, न्यून या अधिक विभाजन ही स्वीकार किया जायेगा तो 'इच्छया विभजेत्' पद निरर्थक हो जाएगा। इस प्रकार तीन पदों में कहा गया वक्तव्य ही अभिहित है। हमारे मत में (जीमूतवाहन के अनुसार) 'इच्छया विभजेत्' पिता के स्वार्जित धन के विषय में है। श्रेष्ठांश और समानांश पितामह धन से संबन्धित है। इससे कुछ भी अनर्थक नहीं है।। 79।।

Part of the passage cited would be impertinent under that limitation.

Besides, if the mention of greater or less shares here intend the regulated deductions, the second verse of the stanza ("let him separate his sons according to his pleasure"), becomes superfluous; for that, which was to be declared, is fully specified in the three other verses of the text. But according to our interpretation, the phrase, "let him separate his sons according to his pleasure," relates to his own acquired wealth: while the allotment of the best share and an equal distribution, both regard

an estate inherited from the grandfather. There is consequently nothing superfluous.

किञ्च पितर्युपरतेऽपि द्विप्रकारः विभागो बृहस्पति-नोक्तः। यथा –

द्विप्रकारो विभागस्तु दायादानां प्रकीर्तितः।
वयोज्येष्ठक्रमेणैकः समा परांऽशकल्पना।।

ज्येष्ठक्रमेणेत्युद्धारं दर्शयति। तथा समांशता परेति भ्रातृणामपि परभागस्य द्विप्रकारत्वात् पितृकृतस्य विशेषो न स्यात्।। 80।।

पिता के मरने पर दो प्रकार का विभाजन बृहस्पति ने कहा है – विभाजन करने वालों ने दो प्रकार का विभाग बतलाया है – प्रथम आयु की ज्येष्ठता से और द्वितीय समान अंश बतलाया है। 'ज्येष्ठक्रमेण' यह उद्धार भाग दिखलाया है। समांश यह दूसरा प्रकार बताया हैं इस प्रकार पितृकृत विभाग में कोई अन्तर नहीं है।। 80।।

Bṛhaspati propounds two modes of partition among coheirs; one by specific deduction, the other by equal shares; thus there would be no distinction between that and partition by the father.

Moreover two modes of partition after the death of the father are actually declared by Bṛhaspati in these words: "Partition of two sorts is ordained for co-heirs, one, in the order of seniority, the other by allotment of equal shares". By saying "in order of seniority", the author indicates specific deduction. Equal partition among brothers are thus expressly declared, there would be no distinction between that and a distribution made by a father.

स्मरतिया नारदः –

'पितैव वा स्वयं पुत्रान् विभजेद्वयसि स्थितः।
ज्येष्ठं वा श्रेष्ठभागेन यथा वाऽस्य मतिर्भवेत्।। 81।।

(ना0 13,4)

नारद ने कहा है कि - पिता अपने जीवनकाल में विभाजन करते हुए ज्येष्ठ पुत्र को श्रेष्ठ भाग दे या अपनी बुद्धि के अनुसार न्यूनाधिक विभाग करे।। 81।।

Nārada declares two modes of partition by the father.

So Nārada says: "The father, being advanced in years, may himself separate his sons; either dismissing the eldest with the best share, or in any manner as his inclination may prompt."

ज्येष्ठस्य श्रेष्ठभागमभिधाय, पुनर्यथा वाऽस्य मतिर्भवेदि 'त्यनेन यादृशे न्यूनाधिकविभागे पितुः पूर्वोक्तकारणात् कर्तव्यतामतिर्भवेदिति पृथगभिधानात् श्रेष्ठभागादन्य एवायं न्यूनाधिकविभागः प्रतीयते।। 82।।

ज्येष्ठ को श्रेष्ठ भाग देकर पुनः कहा है कि जैसे उसकी मति करे। इस प्रकार न्यूनाधिक विभाग को पूर्वोक्त कारण से करना चाहिये। मति भवेत् यह पृथक् कहा है। श्रेष्ठ भाग से अन्य यह न्यूनाधिक विभाग की प्रतीति होती है।। 82।।

And here the best share for the eldest is distinguished from unequal partition at will.

The unequal distribution, here intended, appears evidently to be different from that, which consists in giving the best share to the first born; since the author, having noticed the allotment of the best share to the eldest, again says "or as his inclination may prompt;" thereby distinctly authorising any unequal distribution, which the father, for reasons before-mentioned, may think proper to make.

यत् पुनर्नारदवचनम्-

'व्याधितः कुपितश्चैव विषयासक्तचेतनः।
अयथाशास्त्रकारी च न विभागे पिता प्रभुः।।

(ना0 13.16) इति।

तत् व्याधिनाऽऽकुलचित्ततया, कस्मिश्चित् पुत्रे क्रोधाद्वा, सुभगापुत्रस्नेहाद्वाऽयथा शास्त्रं विभजति, तद्विषयम्। पूर्वोक्तकारणात्तु शास्त्रीय एव विषमविभागः।। 83।।

नारद के वचनानुसार – रोगी, क्रोधी, विषयों में जिसका मन आसक्त हो, जो शास्त्र के विपरीत विभाग करे ऐसा पिता विभाग में समर्थ नहीं है। इस प्रकार रोगी होने से जिसका मन व्याकुल हो, जो किसी पुत्र के प्रति क्रोधित हो, अथवा किसी प्रिय पत्नी के पुत्र में स्नेह के कारण विषम विभाजन करता है तो वह धर्मानुकूल नहीं है। पूर्वोक्त कारण से विषम विभाजन शास्त्रनुकूल है।। 83।।

Another passage of Nārada, restraining the father's power, forbids an unauthorised distribution made without sufficient cause.

But the text Nārada, which expresses, what "A father, who is afflicted with disease or influenced by wrath or whose mind is engrossed by a beloved object, or who acts otherwise than the law permits, has no power in the distribution of the estate," relates to the case where the father, through perturbation of mind occasioned by disease or the like or through irritation against any one of his sons, or through partiality for the child of a favourite wife, makes a distribution not comformable to law. Nevertheless, unequal partition is lawful, when grounded on (either of the four) reasons above-mentioned.

यथा कात्यायनः –

जीवद्विभागे तु पिता नैकं पुत्रं विशेषयेत्।
निर्भाजयेन्न चैवेकमकस्मात् कारणं विना।। 84।।

यथा कात्यायन के मतानुसार – पिता अपने जीवनकाल में विभाग करे तो एक पुत्र में भेद न करे और बिना किसी अकस्मात् कारण के विभाजन से अलग न करे अर्थात् उसे भाग अवश्य दे।। 84।।

A passage of Kātyāyana confirms this inference.

The Kātyāyana says: "But let not a father distinguish one son at a partition made in his life-time, nor on any account exclude one from participation without sufficient cause."

नैकमधिकदानेन विशेषयेत्, न च निर्भाजयेत्-विभागशून्यं न कुर्यात्। कारण विना उद्धारादिविशेषो हि बहूनामेव, नैकस्य-एकस्यापि च पुत्रस्य कारणं विना विशेषो न कार्यः कारणवशात्तु कार्य एव। एकस्यापीत्यवगतेर्नो-द्धारापेक्षो विशेषः, किन्तु पितुरिच्छाकृत एवेति यथोक्त एवार्थः॥ 85॥

किसी को अधिक भाग देकर पृथक् न करे न विभाग से वंचित करे। बिना कारण के बहुतों से (ज्येष्ठ-मध्यम-कनिष्ठ) उद्धारादि विशेष, एक पुत्र को भी बिना कारण के अलग नहीं करना चाहिए। कारण होने पर करना चाहिए। यथोक्त विभाजन पिता की इच्छा द्वारा समझना चाहिए।। 85।।

85. Exposition of the text.

Let him not distinguish one by the allotment of a greater portion, nor exclude one from participation by depriving him of his share, without sufficient cause. (This does not relate to specific deductions) : for the distinguishing of sons by alloting to them the prescribed deductions (of a twentieth and half or a quarter of a twentieth), extends to many (viz., eldest, middle-most and youngest); and is not confined to one. One son should not be distinguished without cause. But, for a sufficient reason, it may be done. Since the meaning is "even one son". The distinguishing of one (as here forbidden) has no reference to specific deduction; but intends a distribution made according to the father's mere pleasure, as before explained.

यदि पुनः पितरि जीवति पुत्र एव विभागमर्थयन्ते, तदा विषमविभागः पित्रा न दातव्यः।

तदाह मनुः-

भ्रातॄणामविभक्तानां यद्युत्थानं भवेत् सह।
न तत्र भागं विषमं पिता दद्यात् कथञ्चन॥ 86॥

(मनु0 7.215)

यदि पुनः पिता के जीवित रहने पर पुत्र विभाजन करना चाहे तो पिता द्वारा विषम विभाग नहीं देना चाहिए। यथा मनु का मत है कि - यदि सम्मिलित रहते हुए सब भाई साथ में धनोपर्जन करें तो पिता किसी प्रकार भी किसी पुत्र को अधिक भाग कदापि न देवे॥ 86॥

When partition is made by desire of the sons, no unequal distribution should be made.

However, when sons request partition in the father's life-time, an unequal allotment should not be granted by him. Manu declares it, "Among undivided brethren if there be an exertion in common, the father shall on no account make an unequal distribution in such case."

उद्धारस्तु तदा पित्रा दातव्य एव, तस्य विषमविभाग-रूपत्वाभावात् न्यूनाधिकविभागस्यैव निषेधात्॥ 87॥

यदि उद्धार भाग पिता द्वारा किया गया है तो उसमें विषम विभाग होने का अभाव है, न्यूनाधिक भाग का निषेध है॥ 87॥

The regular specific deductions should, however, be allowed.

But the regular deduction ought in this instance to be allowed by the father. For it is not of the nature of an unequal distribution; and the allotment of greater or less shares is alone forbidden.

इति पितृकृतो विभागः॥ 88।

इस प्रकार यह पिता द्वारा किया गया विभाग है॥ 88॥

Conclusion.

Thus partition made by a father (has been explained).

पारिभद्रकुलोत्पन्नस्य महामहोपाध्यायश्रीजीमूतवाहनस्य कृतौ धर्मरत्नान्तर्गते दायभागे पितृकृतविभागो नाम द्वितीयोऽध्यायः समाप्तः।

तृतीयोऽध्यायः

(प्रथमपरिच्छेदः)

इदानीमुपरते पितरि भ्रातृणां विभागः कथ्यते। सोऽपि च मातरि जीवन्त्याम्, सत्यपि पित्रुपरमाद्धनस्वामित्वे धर्म्यो न विभागः सोदराणां भवतीति कथ्यते - 'ऊर्ध्वं पितुश्च मातुश्चे' (मनु0 9-104) **ति। उभयोरुपरमे सोदराणाम् पैतृकधनविभागस्य ज्ञापनात्।। 1।।**

अब पिता के मरने के पश्चात् भाइयों का विभाग कहा जाता है। वह भी माता के जीवित रहते हुए, पिता के मर जाने पर धन में स्वामित्व होते हुए भी भाइयों का विभाजन धर्म्य नहीं कहलाता। मनु के श्लोक 'ऊर्ध्वं पितुश्च' इत्यादि के द्वारा भी यही सिद्ध होता है कि माता-पिता दोनों की मृत्यु के पश्चात् पितृधन का विभाजन होता है।। 1।।

Partition among whole brothers, after the death of the father, is not right while the mother lives. As hinted by Manu.

Partition among brothers, after the demise of the father, is next explained. That partition is pronounced to be not lawful, among brothers of the whole blood, while the mother lives although the ownership of wealth be vested in them by the death of their father. For the text ("after the father and the mother") propounds a division of the paternal estate among brothers of the whole blood subsequent in the demise of both parents.

न पुनर्मातुरूर्ध्वं मातृधनविभागार्थम्, पैतृकपदात् पितृधनमात्रस्यैव विभागावगते, पैतृकपदस्यैकशेषकल्पनाया प्रमाणाभावात्।। 2।।

यदि कोई यह कहे कि 'मातुरुर्ध्व' (इस मनु के श्लोक में आए हुए शब्द से) से मातृधन विभाजन का संकेत मिलता है तो यह ठीक नहीं क्योंकि पैतृक पद से मात्र पितृधन विभाजन का ही बोध होता है, मातृधन का नहीं। अत: पैतृक पद में एकशेष समास की कल्पना करने के लिए प्रमाण का अभाव है।। 2 ।।

The text, which supposes her previous demise, does not relate to her particular property.

It does not intend a distribution of the mother's goods, after her demise. For partition of the patrimony only is suggested by the term paternal; and there is no authority for interpreting parental.

किञ्च 'जनन्यां संस्थितायामि' त्यनेनैव (मनु0 9-192) **मातरि मृतायाम् तदीयधनविभागस्य मनुना वक्ष्यमाणत्वात्। ऊर्ध्वं मातुरिति पुनरुक्तम् स्यात्।। 3।।**

और क्या, मनु ने मातृधन के लिए पृथक् वचन (9/192) का प्रयोग किया है यथा - माता की मृत्यु के पश्चात् सब सहोदर भ्राता तथा अविवाहित सहोदर भगिनियाँ उसके धन को बराबर भाग में प्राप्त करती हैं। यदि 'ऊर्ध्वमातुः' इस पूर्वोक्त श्लोक को मातृधन से संबन्धित मानेंगे तो पुनरुक्ति दोष हो जाएगा।। 3 ।।

The partition of that is separately noticed by the same author.

Besides, it would be a repetition : for the division of the maternal estate, on the death of the mother, is subsequently noticed by Manu in a separate text.

यथा याज्ञवल्क्यः -

विभजेरन् सुताः पित्रोरूर्ध्वमृक्थमृणं समम्।
मातुर्दुहितरः शेषमृणात्ताभ्य ऋतेऽन्वयः।। 4।।

(2.118)

यथा याज्ञवल्क्य का मत है कि माता-पिता के मरने के बाद पुत्र धन और ऋण को बराबर-बराबर बाँट लें और ऋण से बचे हुए माता के धन को पुत्री ग्रहण करे, पुत्री न हो तो पुत्र ही ग्रहण करे।। 4।।

A passage of Yājñavalkya conforms this inference.

Thus Yājñavalkya says "Let sons divide equally the effects and the debts, after the death of both parents. But daughters share the residue of their mother's property, after payment of her debts; and the (male) issue in default of daughters.

मातृधनविभागस्य दुहितृणां सद्भावेऽनधिकारः, असद्भावे चान्वयपदेन पुत्राणामधिकार इत्युत्तरार्द्धेनैव प्रतिपादनात्। पूर्वार्द्धे पित्रोरिति पितृधनविषयमेव, अन्यथा पुनरुक्तत्वापत्तेः।। 5।।

याज्ञवल्क्य वचन का उत्तरार्द्ध मातृधन विषयक होने पर पुत्री के विद्यमान रहते पुत्र के अधिकार का निषेध करता है। इसमें प्रयुक्त अन्वय पद से पुत्री के अभाव में पुत्र के अधिकार का बोध होता है। पूर्वार्द्ध में प्रयुक्त पित्रो शब्द से पितृधन का निर्देश होता है। यदि याज्ञवल्क्य के वचन को मातृधन विषयक स्वीकार करें तो पुनरुक्ति दोष हो जायेगा।। 5।।

For, unless it be so interpreted, there would be tautology.

Since the latter half of this passage shows, that sons have no right of participation in the mother's goods, if daughters exist; but, if none exist, then sons have the right of succession, being intended by the term "issue"; the father's estate only can be meant, in the former half of the text, by the word "parents": for otherwise there would be tautology.

मातापित्रोरपरमे भ्रातरो विभजेरन्निति वदता याज्ञवल्क्येन उभयोरूपरमानन्तरकालस्य विभागार्थतया विधानात् साहित्यं विवक्षितम्।। 6।।

माता-पिता के मरने पर भाई विभाजन करे, ऐसा कहकर याज्ञवल्क्य ने दोनों के मरने के पश्चात् धन के विभाजन काल का

विधान करते हुए उन दोनों के (माता-पिता) के साहित्य भाव को बतलाया है।। 6।।

The author has designedly associated the deaths of father and mother as requisite to a lawful partition by brothers.

The author, declaring that brothers may divide after the death of the father and mother, propounds a time subsequent to the demise of both as a fit period of partition; and the association (of their deaths) appears therefore to be designedly expressed.

तथा च शङ्खलिखितौरिक्थमूलं हि कुटुम्बमस्वतन्त्रताः पितृमन्तो मातुरप्येवमवस्थितायाः। मातुरपि सकाशादस्वतन्त्र विभागानधिकारिणः' इत्याहतुः।। 7।।

शंखलिखित ने भी स्पष्ट रूप से कहा है कि कुटुम्ब अर्थात् परिवार रिक्थ पर आधारित होता है। पुत्र अस्वतन्त्र हैं। पिता के मरने पर माता के भी जीवित रहने पर पुत्रों को स्वतन्त्र नहीं माना है। वह विभाग के अनधिकारी हैं।। 7।।

Śaṅkha and likhita deny the independence of sons, while their mother lives.

Accordingly Śaṅkha and Likhita says, "Since the family is supported on the inheritance, sons are not independent : but as it were under the authority of a father, so long as the mother lives." They are not independent of their mother; they are not competent to make a partition.

सुव्क्तमाह व्यासः -

'भ्रातृणां जीवतोः पित्रोः सहवासो विधीयते।
तदभावे विभक्तानां धर्मस्तेषां विवर्धते'।। 8।।

व्यास के मतानुसार - माता-पिता के जीवित रहते हुए भाइयों के सम्मिलित रहने का विधान है। इन दोनों के अभाव में विभक्त भाइयों की धर्म में वृद्धि होती है।। 8।।

Vyāsa clearly forbids separation of co-heirs during the life of both parents.

Vyāsa very explicitly declares it. For brethren a common abode is ordained, so long as both parents live : but, after their decease, religious merits of separated brethren increase."

सहवासविधानमुखेन पृथग्भावनिषेधात्। पितृमातृ-जीवनवतश्च विभागनिषेधात् जीवतोरिति साहित्यमविवक्षितम्। अत एकस्मिन्नपि जीवति विभागः न धार्म्यः, किन्तूभयोरभावे॥ 9॥

सहवास के विधान से भाइयों को अलग रहने का निषेध है। माता-पिता के जीवित रहते विभाग करने का निषेध है। जीवतोरिति से माता-पिता दोनों को अविवक्षित कहा है अर्थात् पिता की मृत्यु के पश्चात् माता के साथ इकट्ठे रहना चाहें तो रहें अथवा नहीं। अतः एक के जीवित रहने पर विभाग करना न्यायसंगत नहीं है किन्तु दोनों के अभाव में ही विभाग करना चाहिए॥ 9॥

Thus partition is unlawful while either of them lives; but is lawful, when both are dead.

Since the author forbids the separation of brethren by commanding them to live together and prohibits partition with one whose fathher and mother are living, the association of their survival is not positively intended in the phrase "so long as both parents live." Therefore, if one parent be living, partition is not lawful; but it is so, when both are dead.

यथाह बृहस्पतिः -

'पित्रोरभावे पुत्राणां विभागः सम्प्रदर्शितः।
मातुर्निवृत्ते रजसि जीवतोरपि शस्यते'॥ 10॥

बृहस्पति ने कहा है- माता-पिता के अभाव में अर्थात् उनकी मृत्यु के पश्चात् भाइयों का विभाग बतलाया गया है। दोनों के जीवित

रहते हुए तभी विभाजन हो सकता है जबकि माता का रजोधर्म निवृत्त हो चुका हो।। 10।।

Bṛhaspati confirms this.

Thus Bṛhaspati says: "On the demise of both parents partition among brothers is allowed: and, even while they are both living, it is right if the mother be past child-bearing:".

निवृत्तरजस्कायां मातरि, जीवन्त्यां विभागस्य मातृधनगोचरत्वानुपपत्तेः। उभयाभावोक्तविभागस्यैव जीवतोरपीत्यपिकारेण शस्तत्वकीर्तनात्। उभयोरभावे भ्रातृविभागः पितृधनगोचरं एवावधार्यते।। 11।।

माता के रजोधर्म से निवृत्त होने पर और माता के जीवित रहने पर जो विभाग है वह मातृधान विषयक नहीं है। दोनों (माता-पिता) के अभाव में विभाग कहा है। जीवतोरपी में अपि शब्द प्रशंसा के अर्थ में प्रयुक्त हुआ हैं दोनों के अभाव में भाइयों का विभाजन कहा है उसे पितृधनविषयक समझना चाहिए।। 11।।

His text relates to partition of the father's estate.

Since partition while the mother is living cannot be relative to the mother's particular property and since the authorised partition after the demise of both parents, which is indicated by the particle in the phrase "even while they are both living," is thus pronounced to be proper; partition among brothers after the death of parents is evidently relative to the father's wealth.

अत एव जीवन्त्यां मातरि मातृप्रधानकं विभागं निर्दिशति व्यासः -

'समानजातिसंख्या ये जातास्त्वेकेन सूनवः।
विभिन्नमातृकास्तेषां मातृभागः प्रशस्यते'।।

तथा बृहस्पतिः -

यद्येकजाता बहवः समाना जातिसङ्ख्यया।
सापत्नास्तैर्विभक्तव्यं मातृभागेन धर्मतः।। 12।।

अतः माता के जीवित रहने पर माता के प्रधान भाग को व्यास ने निर्दिष्ट किया है - विभिन्न माताओं से उत्पन्न पुत्र जो एक पिता की सन्तान, वर्ण एवं संख्या में समान हैं उनको माताओं के अनुसार ही भाग मिलता है, पुत्रों की संख्या के अनुसार नहीं। बृहस्पति का भी यही मत है कि - अनेक स्त्रियों से एक पति से उत्पन्न पुत्र जो जाति और और संख्या में समान है धर्मानुसार माता के भाग के अनुसार ही इनका विभाजन करना चाहिये।।12।।

Vyāsa and Bṛhaspati direct partition in the mother's life-time to be made with reference chiefly to her, in certain circumstances.

Accordingly Vyāsa propounds partition, in the mother's life-time, made with reference chiefly to her: "If there be many sons of one man, by different mothers, but equal in number, and alike by class, a distribution among the mothers is approved." So Bṛhaspati says: "If there be many sprung from one, alike in number and in class, but born of rival mothers, partition must be made by them, according to law, by the allotment of shares to be mothers."

पुत्राणां जातिसङ्ख्यासाम्येन विभागे विशेषाभावात् मातुरेवायं विभागः, न पुत्राणामित्युद्दिश्य विभागः कर्तव्यः। तेनेतरमातृधन इवात्रपि पुत्राणां मातरि जीवन्त्यां न परस्परविभागे स्वातन्त्र्यम्, किन्तु मातुरनुमत्यैव परम् विभागो धर्म्यः।। 13।।

पुत्रों में जाति एवं संख्या की समानता से विभाजन में किसी प्रकार का भेद नहीं है। माता के विभाग से ही उनका विभाजन होता है, पुत्रों के उद्देश्य से विभाग नहीं होता। इस प्रकार इतरमातृधन अर्थात् सौतेली माता के धन में भी पुत्रों को माता के जीवित रहते हुए आपस में विभाग करने की स्वतन्त्रता नहीं है किन्तु माता की अनुमति से विभाजन करना धर्मानुकूल कहा गया है।।13।।

Hence it is inferred, that sons have not power to divide while the another lives, unless with her consent.

Since there is no difference in the son's shares, for they are equally numerous and of the same tribe, partition is to be made by an allotment to the mother, not to the sons. Therefore, as in the case of other wealth of the mother's, so in this instance (of the father's wealth, which is become their property) sons have not independent power to make a partition among themselves, while the mother lives; but with her consent the partition is lawful.

अतो यद्गौतमादिभिरुक्तम्-'विभागे तु धर्म-वृद्धिरि'त्यादि (3/10/4)। तन्मातुरुपरमे वेदितव्यम्।। 14।।

अतः गौतमादि ने भी कहा है कि - विभाजन करने से धर्म की वृद्धि होती है। इसे माता की मृत्यु के बाद ही समझना चाहिए।। 14।।

Separation is pronounced by Gautama, to be laudable, supposing the mother's demise.

Hence, what is said by Gautama and others ("In partition there is increase of religious merit"); must be understood after the demise of the mother.

तत्र यद्यविभक्ता एव स्थातुमिच्छन्ति, तदा ज्येष्ठ एव योगक्षेमशक्तः सर्वं गृह्णीयात्, इतरे पितरमिव तमुपजीवेयुः-

तथा मनुः -

ज्येष्ठ एव तु गृह्णीयात् पित्र्यं धनमशेषतः।
शेषास्तमुपजीवेयुर्यथैव पितरं तथा'।।

(मनु0 9-105)

तथा गौतमः 'सर्वस्वं वा पूर्वजस्य, स इतरान् बिभृयात् पितृवत्' (3/10/3) वा शब्दात् पृथग्वा भवेयुः सह वा वसेयुः। सहवासश्च सर्वेषामिच्छात एव।

यथा नारदः -

'बिभृयाद्वेच्छतः सर्वान् ज्येष्ठो भ्राता यथा पिता।
भ्राता शक्तः कनिष्ठो वा शक्त्यपेक्षा कुलस्थितिः'॥
(ना0 13-5)

शक्तः सन् कनिष्ठोऽपि सर्वान् बिभृयात्। मध्यमोऽत्र दण्डापूपन्यायात् सिद्धः॥ 15॥

वहाँ पर अर्थात् परिवार में यदि वे (भाई) अविभक्त रहना चाहते हों और ज्येष्ठ भाई यदि योगक्षेम से युक्त हों तो सारी सम्पत्ति को ग्रहण कर ले। अन्य भाई इस प्रकार रहें जैसे पिता के साथ रहते थे। यथा मनु का मत है कि बड़ा भाई पिता के सम्पूर्ण धन को ग्रहण करे शेष भाई उसके आश्रय में उसी प्रकार से रहें जैसे पिता के आश्रय में रहते हों। गौतम के मतानुसार - समस्त सम्पत्ति ज्येष्ठ पुत्र को प्राप्त हो। वह शेष भाइयों का पिता के समान भरण-पोषण करे। वा शब्द से विकल्प दिया गया है कि वे पृथक् रहें या सम्मिलित होकर रहें। सहवास शब्द सभी की इच्छा पर है।

नारद का मत भी मनु एवं गौतम के समान है - ज्येष्ठ भाई सब की इच्छा से अन्य भाइयों का पिता के समान पालन करे अथवा छोटा भाई भी समर्थ होने पर अन्य भाइयों का पालन-पोषण कर सकता हैं परिवार की स्थिति शक्ति अर्थात् योग्यता की अपेक्षा रखती है।

समर्थ होने पर छोटा भाई भी सब का भरण-पोषण कर सकता है। मध्यम भाई तो दण्डापूपन्याय से सिद्ध है॥ 15॥

While the brethren choose to remain together, the eldest should have the managment : as ordained by Manu and Gautama. Nãrada declares consent to be necessary. And a younger brother, being most capable, may have the charge of the estate and family.

If then they desire to remain unseparated, the eldest brother being capable of the care and management of the estate, may take the whole; and the rest should liver under him, as

under a father. Thus Manu says, "The eldest brother may take the patrimony entire, and the rest may live under him as under their father." So Gautama: "Or the whole may go to the first born; and he may support the rest as a father." From the particle "or" it appears, that they may either become separate or continue to dwell together; and their dwelling together must be by consent of all. Thus Nārada says, "Let the eldest brother, by consent, support the rest like a father; or let a younger brother, who is capable, do so. The continuance of the family depends on ability." Even the youngest, being capable, may govern all the brethren. The middle-most of course may, being here inferred by the analogy of the loaf and staff.

विभागस्त्वेकस्यापीच्छया भवतीत्युक्तं प्राक्॥ 16॥

विभाग तो एक की इच्छा से हो जाता है - यह पहले कहा जा चुका है॥ 16॥

Any one co-heir may require partition.

But partition takes place by the will of any one (of the co-heirs), as before intimated.

अत एव विभागं प्रक्रम्याह-कात्यायनः-

अप्राप्तव्यवहाराणां धनं व्ययविवर्जितम्।
न्यसेयुर्बन्धु-मित्रेषु प्रोषितानां तथैव च'॥
तथा 'रक्ष्यं बालधनमाव्यवहारप्राप्तेरि'ति
वचनम्॥17॥

अतएव कात्यायन ने विभाजन को आरम्भ करके कहा है कि अल्पवयस्कों का और विदेश में गए हुए मनुष्यों का धन उनके व्यय को छोड़कर उनके बन्धुओं एवं मित्रों के पास गिरवी रख देना चाहिए। इस प्रकार बालक के धन की तब तक रक्षा करनी चाहिए जब तक वह वयस्क न हो जाये॥ 17॥

As appears from the provision in Kātyāyana's text, for securing the shares of minors and absentees, who of course have not consented.

Accordingly (since partition by the choice of one co-heir is lawful); Kātyāyana, treating of partition says : "Let them deposit, free from disbursement, in the hands of kinsmen and friends, the wealth of such as have not attained majority; as well as of those who are absent." So a text expresses, "The property of minors should be so preserved until they attain their full age."

अयञ्च पुत्राणाम् विभागः पुत्र-पौत्र-प्रपौत्रणां समानः, नात्रोत्पत्तिक्रमेणाधिकारक्रमः। पुत्रादीनां त्रयामामेव पार्वणे तत्पिण्डतद्भोग्यपिण्डद्वयदानाविशेषात्।

अत एव देवलः -

'पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः।
उपासते सुतं जातं शकुन्ता इव पिप्पलम्।।
मधु-मांसैश्च शाकैश्च पयसा पायसेन च।
एव नो दास्यति श्राद्धं वर्षासु च मघासु च'।।

तथा शङ्खलिखित-यमाः -

'पिता पितामहश्चैव तथैव प्रपितामहः।
जातं पुत्रं प्रशंसन्ति पिप्पलं शकुना इव।।
मधुमांसेन खड्गेन पयसा पायसेन वा।
एष दास्यति नस्तृप्तिं वर्षासु च मघासु च'।।

प्रपितामहग्रहणात् पुत्रपदं प्रपौत्रपर्यन्तपरम्। तदनेन प्रपौत्रपर्यन्तस्य श्राद्धदानेन प्रपितामहपर्यन्तोपकारकत्वात् तुल्यो दायाधिकारः।। 18।।

यहाँ पुत्रों का विभाग - पुत्र-पौत्र एवं प्रपौत्र तीनों का समान रूप से अधिकार बताया गया है। उत्पत्ति के क्रम से अधिकार का क्रम नहीं

है। पुत्रादि तीनों ही समान रूप से दो पिण्ड देते हैं - एक पिण्ड मृत स्वामी के पितरों (पिता एवं पितामह) को देते हैं और दूसरा पिण्ड मृतस्वामी को दिया जाता है जिसका कि वह भोग करता है।

इस प्रसंग में देवल का मत है कि जिस प्रकार पक्षी पीपल के वृक्ष को देखकर आशा करते हैं उसी प्रकार पिता, पितामह एवं प्रपितामह उत्पन्न हुए पुत्रों के प्रति आशा रखते हैं कि वे हमें वर्षा एवं मघा में मधु, मांस, शाक, दूध एवं खीर का श्राद्ध करेंगे। शंखलिखित एवं यम के भी यही विचार हैं।

प्रपितामह शब्द का ग्रहण होने से पुत्र पद प्रपौत्रपर्यन्त तक का निर्देश करता है क्योंकि पुत्र, पौत्र एवं प्रपौत्र पिता, पितामह एवं प्रपितामह पर्यन्त श्राद्ध करते हैं। अतएव तीनों का समान रूप से अधिकार है।। 18।।

Partition extends to grandsons and great grandsons in the male line. By reason of benefits conferred by them on the mass of ancestors. Devala hints this : and so do Śaṅkha, Likhita.

The rule of distribution among sons extends equally to them and to grandsons and great grandsons in the male line. There is not here an order of succession following the order of proximity according to birth. For those three persons, the son, grandson and great grandson, do not differ; in regard to the presenting of two oblations at solemn obsequies, one which it was incumbent on the ancestor to present, and the other which is to be tasted by his manes, hence it is, that Devala says, 'A father, a grandfather and a great grandfather, assiduously cherish a new born son, as birds the holy fig-trees, (reflecting) "he will present to us a funeral repast with honey, meat and herbs, with milk, and with rice and milk, in the season of rains and under the asterism Maghā'. So Śaṅkha, Likhita and Yama. "A father, a grandfather and great grandfather, welcome a new born son, as birds the holy fig-tree, (reflecting) "he will give us

contentment with honey and meat and (especially the flesh of) rhinoceros and with milk and with rice and milk, in the season of rains and under the asterism Maghā." From the mention of the great grandfather, it appears that "son" here intends a descendant as low as great grandson. Thus, since such a descendant confers benefits on his ancestors up to the great grandfather, by presenting oblations to the manes, the descendant within the dgreee of great grandson has an equal right of inheritance.

अत एव जीवत्पितृकयोः पौत्र-प्रपौत्रयोरनधिकारः, पार्वणानधिकारितया पिण्डप्रदातृत्वात्॥ 19॥

अतएव पिता के जीवित रहने पर पौत्र-प्रपौत्र का अनधिकार होने से वे पार्वण श्राद्ध नहीं कर सकते अतः पिण्डदान के अयोग्य हैं।। 19।।

Not however those, whose fathers are living : for they make no offerings to the manes.

Hence it is, that the son and grandson, whose own fathers are ligving, have no right of succession; for they do not present oblations to the manes, since they are incompetent to the celebration of solemn obsequies.

पित्रोरूपरमे च भ्रातृणां पितृकृतो विशेषः परम् निवर्तते, अन्यत् तु सर्वमेव प्रत्येतव्यम्॥ 20॥

माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् पिता द्वारा किए गए विशेष विभाग में भाइयों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, अन्य सब को यहाँ वर्णित करना चाहिए जो पहले कह चुके हैं (ज्येष्ठ का बीसवां भाग इत्यादि)।।20।।

The arbitrary allotment, which a father may make, is not permitted among brothers.

After the death of parents, the special distribution, (which mighty have been) made by a father, cannot have effect among brethren. But all the rest, as before explained, must be here again admitted.

यदा चैकः पुत्रोऽस्ति, अपरस्य पुत्रस्य पुत्राः सन्ति, तदा तस्यैको भागः, अपरश्च बहूनां नप्तृणां स्वपित्रधीनजन्म-मूलत्वाद्धनसम्बन्धस्य यावत्येव धने तस्य स्वामित्वार्हत्वम्, तावत्येव तेषामपि।। 21।।

माता-पिता की मृत्यु के पश्चात् दो पुत्रों में से यदि एक पुत्र जीवित हो और दूसरा पुत्र एक अथवा अनेक पुत्रों को उत्पन्न करके मर जाए तो विभाजन के समय एक भाग जीवित पुत्र प्राप्त करता है और दूसरा भाग मृत पुत्र के पुत्र प्राप्त करते हैं क्योंकि उनका पिता के साथ जन्म से सम्बन्ध होने से उसके धन पर अधिकार होता है अर्थात् जितने धन पर पिता का स्वामित्व होता है उतने ही धन पर उसके पुत्रों का अधिकार होता है।। 21।।

Grandsons, whose father is deceased, are entitled to just so much as would have been his share.

If there be one son living, and sons of another son (who is deceased), then one share apprertains to the surviving son, and the other share goes to the grandsons, however numerous. For their interest in the wealth is founded on their relation by birth, to their own father; and they have a right to just so much as he would have been entitled to.

यच्च -

'अनेकपितृकाणान्तु पितृतो भागकल्पने' (याज्ञ0 2-121) **इति वचनम्। तस्य नायं विषयः - पितृव्यपितुरेव तत् सर्वं धनमिति, पितृव्यस्यैव सर्वम् स्यात्, न तद्भ्रातुः पुत्राणाम्, पितृतो भागकल्पने पितापुत्रविभागवद्भाग-कल्पने पितुर्भागद्वयसम्बन्धात् पितृव्यस्य भागद्वयं भवेत्, तद्भ्रातुः पुत्राणां त्वैकैको, भागः स्यात्, तदा च शिष्टाचारविरोधः स्यात्।। 22।।**

उपर्युक्त 21 सूत्र में जो प्रयोग कहा गया है उसको दृष्टि में रखकर यदि कोई यह कहे कि इसकी पुष्टि में याज्ञवल्क्य का वचन - अनेन पितृकाणान्तु ...... मिलता है तो यह मत ठीक नहीं है। क्योंकि पितृव्य पिता के समान होने से उसका सम्पूर्ण धन हो जाएगा और पितृव्य का सम्पूर्ण अधिकार होने से भ्रातृपुत्र को कुछ नहीं मिलेगा। पितृतो विभाग से सम्पत्ति का विभाजन होगा तो पितृव्य एवं भातृपुत्र में पिता-पुत्र का संबन्ध होने पर पिता दो भाग प्राप्त करे, इस नियम से पितृव्य दो भाग प्राप्त करेगा और भ्रातृपुत्रों को एक-एक अंश मिलेगा जो लोकाचार के विरुद्ध है।। 22।।

A passage cited concerning allotment of shares according to the fathers does not relate to partition between uncle and nephew.

The text, which exprsses "Among the issue of different fathers, the allotment of shares is according to the fathers," does not relate to this case (of partition between uncle and nephew). For the whole estate belonged to the uncle's father and therefore, the whole would belong to him and no part of it, to his nephews. Or, if partition is to be made as between father and son, under the direction for the allotment of shares according to the fathers, the uncle would have two shares because a father has a right to a double portion; and the nephews would have a single share. But this is contrary to the approved usage of the wise.

अस्य पुनरेष विषयः यत्रैकस्य भ्रातुरल्पसंख्यकाः पुत्राः सन्ति, अपरस्य बहुसंख्यकाः, तत्र पितृतः भागकल्पनेति।। 23।।

अतः सारांश यह निकलता है कि जहाँ एक भाई के कम पुत्र हों और दूसरे भाई के अधिक पुत्र हो। ऐसी स्थिति में पिता के माध्यम से पुत्रों को अंश मिलता है। 23।।

But intends partition between cousins whose fathers died before their grandfather.

The purport of the text, however, is this. If there be a numerous issue of one brother and few sons of another, then the allotment of shares is according to the father's.

इति पारिभद्रकुलोत्पन्नस्यमहामहोपाध्याय श्रीजीमूतवाहनस्य कृतौधर्मरत्नान्तर्गते दायभागे तृतीयाध्यायस्य प्रथम परिच्छेदः समाप्तः।

अथ तृतीयोऽध्यायः
(द्वितीयः परिच्छेदः)

इदानीं सवर्णभ्रातृणां विभागः, विंशोद्धारादिपूर्वको वा, सम एव वेति विकल्पः।। 24।।

इस प्रकार सवर्ण भाइयों का विभाग कहा है बीसवां भाग उद्धारादि में या सम विभाजन - इन दोनों में विकल्प है।। 24।।

Two modes of partition among brothers are authorised; one with the other without, specific deductions.

In the next place, (after defining the periods, when partition among brothers may take place), two modes of partition among brethren alike by class are propounded; namely, either with specific deductions of a twentieth and so forth or else an equal division.

उद्धारमन्तरेणापि समविभागमाह पितरीत्यनुवृत्तौ हारीतः - 'समानतो मृते रिक्थविभागः'।

तथोशनाः -

'वर्णानामानुलोम्यानां विभागोऽयं प्रदर्शितः।
समत्वेनैकजातानां विभागस्तु विधीयते'।।

तथा च पैठीनसिः, 'पैतृके विभज्यमाने दायाद्ये समो विभागः'।

तथा याज्ञवल्क्यः –

विभजेरन् सुताः पित्रोरूर्ध्वमृक्थमृणं समम्'।

(याज्ञ0 2.117)

अतः सोद्धारानुद्धारभागयोर्विकल्पः॥ 25॥

हारीत ने उद्धार के बिना ही सम विभाग कहा है मरने पर पैतृक सम्पत्ति का सम विभाजन कहा है। इस प्रसंग में उशना का मत है कि वर्णों के अनुलोम क्रम से यह विभाग किया गया है। एक ही जाति के भाइयों के लिए सम विभाग का विधान किया गया है। पैठीनसि का वचन है कि दायादों में पैतृक सम्पत्ति का विभाजन करते हुए सम विभाग होता है।

याज्ञवल्क्य का मत है कि – माता-पिता के मरने के बाद पुत्र रिक्थ (धन) और ऋण को बराबर बाँट लें। यहाँ उद्धारभाग और अनुद्धार भाग दोनों में विकल्प बताया गया है॥ 25॥

Equal shares are ordained by Hārīta.

Hārīta ordains an equal distribution without deductions, in the following passage, after speaking of a father : "If he be dead, the partition of inheritance should be made equally." So Uṣanas says, "This rule of partition is declared for brethren of various tribes, being born of women of classes below the father's; but the distribution among brothers born of women of the same tribe is ordained to be made equally." Thus Paiṭhīnasi says, "When the paternal inheritance is to be divided, the shares shall be equal." Yājñavalkya also declares, "Let the sons divide equally the effects and the debts, after the death of both parents." Thus, there are two modes of distribution; namely, with or without specific deductions.

न च केवलसमविभागस्यापि शास्त्रीयत्वान्नित्य-वत्तस्यैवानुष्ठानं स्यादिति वाच्यम्। भक्त्यतिशयेन भ्रातृणा-मुद्धारानुमतेरपि सम्भवाद्विभागाविभागवद्विकल्पः॥ 26॥

यहाँ पर कोई यह शंका कर सकता है कि पुत्रों में केवल सम विभाजन ही होता है क्योंकि शास्त्र में इसी को स्वीकार किया गया है। लेकिन यह कथन उचित नहीं है क्योंकि अतिशय भक्ति के कारण भाइयों में उद्धार भाग (दो डेढ-एक अंश) को स्वीकार किया गया है। विभाग कम या ज्यादा इसमें विकल्प है। अर्थात् किसी पुत्र के साथ यदि अतिशय भक्ति है तो हम अधिक भाग दे देते हैं॥ 26॥

But equal distribution is not indispensable. An option exists.

It must not be argued, that the practice of equal partition indispensable, as the only mode authorised by law. For the brethren may consent to the deductions by reason of great veneration (for the eldest). An option exists like that of making or omitting partition.

अतएवाद्यतनानां भक्त्यतिशयाभावात् समभाग एव लोके दृश्यते, उद्धारार्हज्येष्ठाभावाच्च॥ 27॥

आजकल किसी भाई के प्रति अधिक भक्ति कम ही देखने को मिलती है। ज्येष्ठ भाई उद्धार भाग प्राप्त करने योग्य भी प्रायः नहीं होते अतएव लोक में सम विभाग ही देखा जाता है॥ 27॥

Though a division with specific deductions be now rare.

Accordingly, since persons of the present day (who are younger brothers) entertain not great veneration (for their elders), equal distribution is alone seen in the world; as also because elder brothers deserving of deducted allotments are now rare.

यस्तु स्वयोग्यतामात्रपरामर्शात् पितृपितामहादिधन-विभागे निस्पृहः। सः किञ्चिदेव तण्डुलप्रस्थमपि दत्वा

तत्पुत्रादेः कालान्तरीयदुरन्ततानिरासार्थम् विभजनीयः।

तदाह मनुः -

भ्रातृणां यस्तु नेहेत धनं शक्तः स्वकर्मणा।
स निर्भाज्यस्वकादंशात् किञ्चिद्दत्त्वोपजीवनम्'।।

(म0 9-207)

तथा याज्ञवल्क्यः -

शक्तस्यानीहमानस्य कञ्चिद्दत्त्वा पृथक्क्रिया।। 28।।

(याज्ञ0 2-116)

जो पुत्र स्वयं योग्य होने पर पिता-पितामहादि की सम्पत्ति लेने का इच्छुक न हो तो उस भाई को प्रस्थ, तण्डुल देकर विभाजन कर देना चाहिए ताकि उसके पुत्र कालान्तर में विवाद न करें। इस प्रसंग में मनु का मत है कि - भाइयों में से अपने उद्योग से समर्थ जो भाई पिता के धन से भाग लेना नहीं चाहे तो उसे सब भाई पिता के धन में से कुछ भाग देकर पृथक् कर दें। याज्ञवल्क्य का भी यही मत है - जो समर्थ पुत्र पिता के धन को लेने की इच्छा न करे उसको कुछ धन देकर अलग कर देना चाहिए।। 28।।

A co-heir may relinquish his share, taking some trifle to obviate future cavil on the part os his representatives. As Manu and Yājñavalkya have provided.

If one of the co-heirs, through confidence in his own ability, decline his share of the wealth inherited from the father, grandfather or other ancestor, something should be given to him, be it only a prastha of rice, on his separation, for the purpose of obviating any future cavil on the part of his son or other heir. Thus Manu says, "If any one of the brethren has a competence from his own occupation and desires not the property, he may be debarred from his share, giving him some trifle in lieu of a maintenance." So Yājñavalkya; "The separation of one who is able to support himself and is not desirous of participation, may be completed by giving him some

trifle.

पितरि चोपरते सोदरभ्रातृभिर्विभागे क्रियमाणे मात्रेऽपि पुत्रसमांशः दातव्यः, 'समांशहारिणी माते' ति वचनात्॥ 29॥

पुत्रों के समान माता सम भाग को प्राप्त करती है - इस वचन से पिता के मर जाने पर पर सहोदर भाइयों द्वारा विभाग किए जाने पर माता को भी सम अंश देना चाहिए॥ 29॥

The mother shares equally with her sons after the father's demise. A text cited.

When partition is made by brothers of the whole blood, after the demise of the father, an equal share must be given to the mother. For the text expresses, "The mother should be made an equal sharer."

मातृपदस्य जननीपरत्वात्, न सपत्नीमातृपरत्वमपि, सकृच्छ्रु तस्य मुख्य-गौणत्वानुपपत्तेः॥ 30॥

मातृ पद से जननी अर्थ है, न कि सपत्नी। (सौतेली माता) एक बार सुना हुआ मातृ पद एक ही समय में मुख्य और गौण अर्थ नहीं दे सकता। अर्थात् कहीं पर माता से अभिप्राय अपनी माता और कहीं सौतेली माता - यह अर्थ करें तो ठीक नहीं है। माता शब्द एक बार ही प्रयुक्त हुआ है इसलिए मुख्य अर्थ लगाना ही उचित है॥ 30॥

And expounded.

Since the term mother intends the natural parent, it cannot also mean a step-mother. For a word employed once cannot bear the literal and metaphorical senses at the some time.

समांशता च मातुर्भर्त्रादिभिः स्त्रीधनादाने, दत्ते पुनरर्धम्। पित्रा च पुत्रेभ्यः समविभागदाने सर्वपत्नीनामेव पुत्रसमांशता कर्त्तव्या।

तदाह याज्ञवक्ल्यः-

यदि कुर्यात् समानांशान् पत्न्यः कार्याः समांशिकाः।
न दत्तं स्त्रीधनं यासां भर्त्रा वा श्वशुरेण वा॥

(याज्ञ. 2.149)

अधिविन्नस्त्रियै देयमाधिवेदनिकं समम्।
न दत्तं स्त्रीधनं यासां दत्ते त्वर्द्धं प्रकल्पयेत्'॥ 31॥

(याज्ञ0 2.149)

माता का भर्त्ता के साथ सम विभाग तभी होता है जब माता को स्त्रीधन न मिला हो यदि स्त्रीधन मिला हो तो आधा भाग मिलता है। यदि पिता पुत्रों को सम विभाजन देकर सम्पत्ति का विभाग करता है तब सब पत्नियों को पुत्रों के समान अंश मिलता है। इस प्रसंग में याज्ञवल्क्य का मत है कि - यदि पिता समान भाग करे तो उन पत्नियों को भी समान भाग दे जिनको भर्त्ता व श्वशुर ने स्त्रीधन न दिया हो। अपि च ...... अधिविन्न स्त्री के लिए आधिवेदनिक के बराबर धन देना चाहिए जिनको स्त्रीधन नहीं दिया गया हो। यदि स्त्रीधन दिया गया हो तो आधिवेदनिक का आधा दे॥31॥

If no separate property had been given to the woman, she has a share. At a partition by the father, all his wives partake. Yājñavalkya is authority for this.

The equal participation of the mother with the brethren take effect, if no separate property had been given to the woman. But, if any have been given, she has half (a share). And, if the father make an equal partition among his sons, all the wives (who have no issue) must have equal shares with the sons. So Yājñavalkya declares: "If he make the allotments equal, his wives, to whom no separate property has been given by their husband, or their father-in-law, must be rendered partakers of like portions." "To a woman, whose husband marrries a second wife, let him give an equal sum, as a compensation for the supercession, provided no separate property have been

bestowed on her : but, if any have been assigned, let him allot half."

पुत्रहीनाश्च पितुः पत्न्याः समानांशाः, न पुत्रवत्यः।

तथा व्यासः -

असुतास्तु पितुः पत्न्याः समानांशाः प्रकीर्तिताः।
पितामह्याश्च सर्वास्ता मातृतुल्याः प्रकीर्तिताः'॥

तथा विष्णुः -

'मातरः पुत्रभागानुसारेण भागहारिण्यः, अनूढ़ा दुहितरश्च'॥ 32॥

(विष्णु 18.34.35)

पुत्र हीन पिता की पत्नियों को समान अंश मिलता है। जिनका पुत्र है उनको नहीं मिलता है। इस प्रसंग में व्यास का मत है कि पुत्रहीन पिता की पत्नियों को समान अंश मिलता है। सभी पितामही माता के बराबर हैं। विष्णु का कथन है - माता पुत्रों के भाग के अनुसार भाग ग्रहण करती हैं और अविवाहित पुत्रियाँ भी इसी प्रकार भाग ग्रहण करती है॥ 32॥

But those wives only, who have no male issue, take shares, Vyāsa and Viṣṇu confirm this.

Wives of the father (meaning step-mother) who have no male issue, not those who are mothers of sons, (must be rendered) equal sharers (with son). So Vyāsa ordains "Even childless wives of the father are pronounced equal sharrers; and so are all the paternal grandmothers : they are declared equal to mothers." Viṣṇu likewise says, "Mothers receive allotments according to the shares of sons; and so do unmarried daughters."

पुत्रभागानुसारेण यथावर्णक्रमेण पुत्राणां चतुस्त्रिद्व्येकभागिता, तथा पत्नीनामपीति॥ 33॥

पुत्रों के भाग के अनुसार वर्णों के क्रम से पुत्रों को चार-तीन-दो एक भाग मिलते हैं। इसी प्रकार पत्नियों को भी मिलते हैं।। 33।।

The wife's portion, like a son's, is according to her tribe.

According to the shares of son. As sons are entitled to four shares, three, two, or one in the order of the classes; so are the wives also.

अनूढ़ानां दुहितॄणां पुत्रभागमनुसृत्य तच्चतुर्थांशः।
तदाह बृहस्पतिः -

समांशा मातरस्त्वेषां तुरीयांशाश्च कन्यकाः।। 34।।

अविवाहित पुत्रियों को पुत्रों के भाग का अनुसरण करते हुए उनका चतुर्थांश प्राप्त होता है। इस प्रयोग में बृहस्पति का मत है कि माताओं को समान अंश मिलता है और कन्याओं को चौथा अंश मिलता है।। 34।।

So is the daughter's : and her share is a quarter of the son's : as declared by Bṛhaspati.

Unmarried daughters, likewise, following the allotments of sons, take a quarter thereof. Thus Bṛhaspati says, "Mothers are equal shares with them; and daughters are entitled to a fourth part."

पुत्रस्य भागत्रयम्, कन्यकाया एको भागः।

यथाह कात्यायनः -

कन्यकानां त्वदत्तानां चतुर्थो भाग इष्यते।
पुत्राणाञ्च त्रयो भागाः स्वाम्यं स्वल्पधने स्मृतम्।। 35।।

पुत्र को तीन भाग और कन्या को एक भाग प्राप्त होता है। यथा कात्यायन का मत है - अविवाहित कन्याओं को चार भाग और पुत्रों को तीन भाग की प्राप्ति होती है। स्वामि के अल्प धन होने पर ही समझना चाहिए।। 35।।

She has one part and he has three : as Kātyāyana ordains.

A son has three parts and a daughter one. So Kātyāyana

declares : "For the unmarried daughter a quarter is allowed; and three parts being to the son. But the right of the owner (to exercise discretion) is admitted when the property is small."

अल्पधने पुत्रैः स्वात् स्वादंशादाकृष्य-कन्याभ्य-श्चतुर्थोऽशो दातव्यः।

'स्वेभ्योंऽशेभ्यस्तु कन्याभ्यः प्रदद्युर्भ्रातरः पृथक्।
स्वात् स्वादंशाच्चतुर्भागं पतिताः स्युरदित्सवः'॥36॥

(मनु0 9.118)

अल्पधन होने पर पुत्रों को अपने अपने अंश में से चौथाई अंश निकालकर कन्याओं को देना चाहिए। यथा मनु का वचन है - अपने अपने अंश का चतुर्थांश भाग भाई अपनी बहनों के लिए दें। यदि वे नहीं देना चाहते हैं तो पतित कहलाते हैं।। 36।। '

But, if the funds be small, the sons must contribute so much from their respective allotments.

If the funds be small, sons must give a fourth part to daughters, deducting it out of their own respective shares. Thus Manu says, "To the maiden sisters let their brothers give portions out of their own allotments respectively ; let each give a fourth part of his own distinct share : and they who refuse to give it, shall be degraded."

प्रदद्युरिति प्रदानश्रुतेः, अदाने च पतितत्वश्रुतेः। न कन्याभिरधिकारिबुद्धा ग्रहीतव्यम्। न ह्यधिकारिणे भ्रात्रेऽपरो भ्राता स्वादंशाद्ददाति॥ 37॥

प्रदद्यु' कहने से देने का विधान बतलाया है। 'अदाने' अर्थात् न देने से पतित होने का श्रवण होता है। कन्या को अधिकारी की बुद्धि से ग्रहण नहीं करना चाहिए। एक भाई दूसरे भाई को अपना अंश नहीं देता।। 37।।

Daughters do not take portions in right of inheritance.

Let each give. From the mention of giving and the

denunciation of the penalty of degradation, if they refuse, it appears, that portions are not taken by daughters as having a title to the succession. For one brother does not give a portion out of his own allotment to another brother who has a right of inheritance.

यथा याज्ञवल्क्यः -

'असंस्कृतास्तु संस्कार्या भ्रातृभिः पूर्वसंस्कृतैः।
भगिन्यश्च निजादंशाद्दत्वांशन्तु तुरीयकम्'॥

(याज्ञ0 2.125)

भगिनीनां संस्कार्यतामाह, नाधिकारिताम्॥ 38॥

याज्ञवल्क्य के अनुसार - पूर्व में विवाहित भाइयों के अनुसार अविवाहित भाइयों का विवाह संस्कार होना चाहिए। अविवाहित बहनों के लिए अपने अंश में से चौथाई भाग दें। बहनों के विवाह संस्कार के लिए कहा है, अधिकार के लिए नहीं॥ 38॥

But because the brethren are bound to defray the charges of a sister's marriage and a brother's initiation; as declared by Yājñavalkya.

Thus Yājñavalkya saying, "Uninitiated brothers should be initiated by those for whom the ceremonies have been already performed; but sisters should be disposed of in marriage, giving them as an allotment, a fourth part of a brother's own share," declares the obligation of disposing of them in marriage, not their right of succession.

एवञ्च बहुतरधने विवाहोचितधनं दातव्यम्, न चतुर्थांशनियम इति सिद्ध्यति॥ 39॥

इससे यह सिद्ध होता है कि बहुत धन होने पर विवाह के लिए उचित धन देना चाहिए चतुर्थांश का नियम कोई नहीं है॥ 39॥

If the wealth be great, a sufficiency for the nuptials, and not a quarter part, is given.

Thus (since the daughter takes not in right of

inheritance): if the wealth be great funds, sufficient for the nuptials should be allotted. It is not an indispensable ruler, that a fourth part shall be assigned.

एतञ्च कन्यापुत्रयोः समसङ्ख्यत्वे ज्ञातव्यम्, विषमसङ्ख्यत्वे च कन्याया एव बहुतरधनं वा स्यात्, पुत्रस्य वा निर्धनता स्यात्, न चैतदुचितम्, पुत्रस्य, प्राधान्यात्॥ 40॥

यह कन्या और पुत्र की समसंख्या होने पर ही समझना चाहिए। विषम संख्या होने पर कन्या को अधिक धन दिया जाये तो पुत्र निर्धन हो जाएगा, यह उचित नहीं है क्योंकि परिवार में पुत्र की प्रधानता होती है॥ 40॥

The allotment of a quarter implies an equal number of sons and daughters.

This (allotment of a fourth part if the funds be small) must be understood as applicable only, where the number of sons and daughters is equal. For, if the number be unequal, either the daughter would have a great portion, or the son would be entirely deprived of property. But that cannot be proper, since the son is principal (in relation to the inheritance).

यच्चेदमत्र बाधकमुक्तम् -

'अविद्यमाने पित्रर्थे स्वांशदुद्धृत्य वा पुनः।
अवश्यकार्याः संस्कारा भ्रातृभिः पूर्वसंस्कृतैः॥

(ना0 13.14)

अस्मान्नारदवचनादवश्यकर्तव्यत्वाद्भगिनीनां संस्कारस्य निरंशतापि न दोषायेति॥ 41॥

यह जो कहा गया है उससे बाधा उपस्थित होती है - 'पिता की सम्पत्ति न होने पर पूर्व में विवाहित भाइयों के द्वारा अपना अंश निकालकर बहनों का विवाह संस्कार करना चाहिए।' इस नारद के वचन से यह सिद्ध होता है कि भाइयों को बहनों का विवाह अवश्य करना चाहिए। ऐसी स्थिति में यदि भाई निरंशक हो जाए तो भी कोई दोष नहीं

है।। 41।।

An argument in support of the specific allotment grounded on a passage of Nārada.

It is stated as an object, that, as the defraying of the nuptials of a sister is an indispensable obligation under the text of Nārada, which expresses, "If no wealth of the father exist, the ceremonies must without fail be defrayed by brothers already initiated; contributing funds out of their own portions", the impoverishment of the brothers is no exceptionable consequence.

तदयुक्तम्; भ्रातृसंस्कारार्थत्वादस्य वचनस्य भ्रातृणाम् पूर्वसंस्कृतैरिति पाठस्यानाकरत्वात् भातृसंस्कारस्य च प्रकृतत्वात्।

इदं हि पूर्वमुक्तम् -
'येषान्तु न कृताः पित्रा संस्कारविषयः क्रमात्।
कर्तव्या भ्रातृभिस्तेषां पैतृकादेव तद्धनात्।।'

(ना0 13-33)

येषाम्, तेषामिति पुंलिङ्गनिर्देशात् एतदनन्तर-मेवाविद्यमाने। (13.33) इति वचनारम्भात् भ्रातृसंस्कारार्थमेवेदं वचनम्।। 42।।

जीमूतवाहन के अनुसार यह मत ठीक नहीं है। उनके अनुसार नारद का वचन भगिनियों के संस्कार के लिए नहीं अपितु भाइयों के संस्कार के लिए आया हैं यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो नारद के वचन में आया हुआ 'भ्रातृभिः पूर्वसंस्कृतैः' पाठ अनुचित हो जाएगा। अतः भाइयों के संस्कार का ही प्रकृत विषय है।

यह पहले नारद ने कहा है कि - पिता ने जिन भाइयों की संस्कारविधि क्रम से नहीं की उन सब भाइयों की पैतृक धन से पूर्व विवाहित भाइयों द्वारा संस्कार विधि की जानी चाहिए।' इस पद्य में येषां तेषां में पुल्लिंग का निर्देश किया गया हैं नारद ने येषां .... इत्यादि श्लोक के बाद अविद्यमाने पित्रर्थे ..... इत्यादि श्लोक का उल्लेख किया है।

अतएव इससे स्पष्ट होता है कि नारद का वचन भाइयों के संस्कार का ही उल्लेख करता है।। 42।।

Refutation of that argument.

That is wrong. For the text is intended to provide for initiatory ceremonies of brothers; and the reading of it, which expresses, that the ceremonies of brethren must be defrayed by those who are already initiated," is unauthentic; and the initiation of a brother was the subject treated of. It had been already said, "For those, whose forms of initiation have not been regularly performed by the father, these ceremonies must be completed by the brethren out of the patrimony." Here the pronouns "those" and "whose" are in the masculine gender. But this text immediately precedes the one before cited ("If no wealth of the father exist"). That passage therefore, relates to the initiation of brothers.

इति पितृ-पितामहादिधनविभागः।। 43।।

इस प्रकार से पिता-पितामहधन विभाग अध्याय समाप्त हुआ।। 43।।

Conclusion.

Thus partition of the wealth of the father, grandfather, or other ancestor, (has been fully explained).

इति पारिभद्रकुलोद्भवस्य महामहोपाध्यायश्रीजीमूत-वाहनस्य कृतौ धर्मरत्नान्तर्गते दायभागे तृतीयाध्यायस्य द्वितीयपरिच्छेदस्समाप्तः। तृतीयाध्यायश्च समाप्तः।

चतुर्थोऽध्यायः

प्रथमपरिच्छेदः

अथ स्त्रीधनविभागार्थं प्रथमं स्त्रीधनं निरूप्यते।

तत्र विष्णुः -

पितृ-मातृ-सुत-भ्रातृदत्तमध्यग्न्युपागतम्।
आधिवेदनिकं बन्धुदत्तं शुल्कान्वाधेयकम्॥ इति स्त्रीधनम्।

(विष्णु0 10/18)

अब स्त्रीधन का विभाग बताने के लिए स्त्रीधन के स्वरूप का विवेचन करते हैं। यथा विष्णु का मत है कि - पिता-माता-पुत्र-भाई के द्वारा अग्नि के समक्ष जो कुछ दिया जाता है, आधिवेदनिक धन[1] कहलाता है। बन्धुओं द्वारा दिया गया धन, शुल्क एवं अन्वाधेयक धन सब स्त्रीधन कहलाते हैं॥ 1॥

The peculiar property of a woman is of various sorts; as enumerated by Viṣṇu.

In the next place, for the purpose of teaching the distribution of a woman's separate goods, such property is first described. ON this subject Viṣṇu says, "What has been given to a woman by her father, her mother, her son, or her brother, what has been received by her before the nuptial fire, what has

---

1. टि. - द्वितीय स्त्री के विवाह इच्छुक व्यक्ति द्वारा पूर्व स्त्री के लिए पारितोषिक रूप में जो धन प्राप्त होता है वह आधिवेदनिक धन कहलाता है।

been presented to her on her husband's espousal of another wife, what has been given to her by kindred, as well as her perquisite, and a gift subsequent, are a woman's separate property.

अन्वाधेयमाह कात्यायनः -

विवाहात् परतो यत्तु लब्धं भर्तृकुलात् स्त्रिया।
अन्वाधेयं तदुक्तन्तु लब्धं बन्धुकुलात्तथा॥
ऊर्ध्वं लब्धन्तु यत्किञ्चित् संस्कारात् प्रीतितस्स्त्रिया।
भर्तुः पित्रोः सकाशाद्वा अन्वाधेयन्तु तद्भृगुः॥

अन्वाधेय का स्वरूप कात्यायन ने इस प्रकार बताया है - विवाह के उपरान्त स्त्री को पति द्वारा जो प्राप्त होता है बन्धु-बान्धवों से जो प्राप्त होता है वह अन्वाधेय स्त्रीधन कहलाता है। विवाहोपरान्त स्नेहवश जो कुछ पति अथवा माता-पिता से प्राप्त होता है, उसे भृगु ने अन्वाधेय कहा है।। 2।।

On sort, termed gift subsequent, is defined by Kātyāyana.

Kātyāyana defines a gift subsequent. "What has been received by a woman from the family of her husband at a time posterior to her marriage, is allied a gift subsequent; and so is that which is similarly received from the family of her kindred. Whatever is received by a woman after her nuptials, either from her husband or from her parents, through the affection of the giver, Bhṛgu pronounces to be a gift subsequent."

बन्धुपदेन माता-पित्रोरुपादानम्, तेनायमर्थः-मातापितृ-द्वारेण सम्बन्धिनाम्, पित्रोश्च सकाशात् यत्तु विवाहात् परतो लब्धम्, तथा भर्तुः सकाशात् भर्तृकुलाच्च श्वशुरादितो यल्लब्धं धनम्, तदन्वाधेयम्। विष्णुवचने च बन्धुपदं मातुलाद्यभिप्रायम्, पित्रादीनां स्वपदेनैव निर्दिष्टत्वात्। परिणयनसमयलब्धस्य ब्राह्माद्यासुरादिविशेषेण भर्तुः, पित्रोर्वाऽधिकारात्॥ 3॥

बन्धुपद से अभिप्राय माता-पिता के उपादान है, उसका यह अर्थ है कि माता-पिता के माध्यम से, विवाह के उपरान्त माता पिता से

जो कुछ प्राप्त होता है, पति से या उसके परिवार से, ससुर आदि से जो प्राप्त होता है वह सब अन्वाधेय कहलाता है। विष्णु के वचन में आए हुए बन्धु पद से अभिप्राय मामा से है। पितादि अपने पद से ही निर्दिष्ट है। विवाह के समय प्राप्त धन के प्रसंग में कहा गया है कि- ब्राह्मादि विधियों से विवाहिता स्त्री के धन पर भर्ता का और आसुरादि विधियों से विवाहिता स्त्री के धन पर माता-पिता का अधिकार है।। 3।।

Interpretation of his text.

By the word "kindred" her father and mother are denoted. Hence the meaning is this : any thing received subsequently to the marriage, from (maternal or paternal uncles or other) persons who are related through the father or the mother, or from those two parents themselves; or so received from the husband, or from his family, namely, her father-in-law and the rest; is a gift subsequent. But the term 'kindred', in the text of Viṣṇu, intends maternal uncles and others; for the father and the rest are specified by the appropriate terms : and either the husband, or the parents, inherit that which was received at the time of nuptials, according to the difference between marriages denominated Brāhma and those called Asura and so forth.

स्त्रीधनमाहतुर्मनु-कात्यायनौ -

अध्यग्न्यध्यावाहनिकं दत्तञ्च प्रीत्तितः स्त्रियैः।
भ्रातृ-मातृ-पितृप्राप्तं षड्विधं स्त्रीधनं स्मृतम्।।

(मनु0 9-194)

तथा नारदः-

अध्यग्न्यध्यावाहनिकं भर्तृदायस्तथैव च।
भ्रातृदत्तं पितृभ्याञ्च षड्विधां स्त्रीधनं स्मृतम्'।।

(ना0 13-8)

स्त्रीधन के प्रसंग में मनु और कात्यायन का वचन है कि छः प्रकार का स्त्रीधन होता है, यथा 1. अध्यग्नि (विवाह के समय अग्नि

के समक्ष दिया गया धन), 2. अध्यावाहनिक (पतिगृह जाते समय वधू को दिया गया द्रव्य), 3. प्रीति, 4.5.6. भाई-माता और पिता द्वारा दिया गया द्रव्य स्त्रीधन कहलाते हैं। नारद ने भी इसी प्रकार के स्त्रीधन की चर्चा की है। कात्यायन ने अध्यग्नि की व्याख्या इस प्रकार से की है - विवाह के समय अग्नि के समक्ष स्त्री को जो कुछ दिया जाता है उसे बुद्धिमान लोग अध्यग्नि स्त्रीधान कहते हैं।। 4।।

Six sorts are specified by Manu and Kātyāyana.

Manu and Kātyāyana describe the separate property of a woman. "What was given before the nuptial fire, what was presented in the bridal procession, what has been conferred on the woman through affection, and what has been received by her from her brother, her mother, or her father, are denominated the six-fold property of a woman." So Nārada says : "What was given before the nuptial fire, what was presented in the bridal procession, her husband's donation and what has been given by her brother or by either of her parents, is termed the six-fold property of a woman."

एतद्व्याकुरुते कात्यायनः -

'विवाहकाले यत् स्त्रीभ्यो दीयते ह्यग्निसन्निधौ।
तदध्यग्निकृतं सद्भिः स्त्रीधनं परिकीर्तितम्।।
यत् पुनर्लभते नारी नीयमाना हि पैतृकात्।
अध्यावाहनिकं नाम तत् स्त्रीधनमुदाहृतम्।। 5।।

अध्यावाहनिक स्त्रीधन की व्याख्या कात्यायन के अनुसार इस प्रकार से है - पतिगृह जाते समय पिता के घर से जो कुछ भी स्त्री को प्राप्त होता है वह उसका अध्यावाहनिक स्त्रीधन कहलाता है।। 5।।

Kātyāyana defines gift before the nuptial fire.

Kātyāyana explains this : "What is given to woman at the time of their marriage, near the nuptial fire, is celebrated by the wise as the women's peculiar property bestowed before the nuptial fire. That again, which a woman receives while she is conducted from the parental (abode, to her husband's

dwelling), is instanced as the separate property of a woman, under the name of gift presented in the bridal procession."

पैतृकादित्येकशेषेण पितृमातृकुलात् यल्लभते धनं भर्तृगृहं नीयमाना तदध्यावाहनिकम्।। 6।।

'पैतृकात्' इस एक शेष से माता-पिता के कुल से जो कुछ प्राप्त होता है पति के घर जाते समय उसे अध्यावाहनिक कहा जाता है।। 6 ।।

Exposition of the text.

Since the term "parental" is derived from a complex expression, of which one member only is retained, the presents, which she receives from the family of either her father or her mother, while she is conducted to the house of her husband, are gifts presnted in the bridal procession.

भर्तृदायः-भर्तृदत्तं धनम्, भर्तृदायमनभिधाय, मन्वादिभिर्भर्तृदत्तस्याभिधानात् नारदेनापि भर्तृदत्तमनभिधाय भर्तृदायस्याभिधानात्।। 7।।

मन्वादि ने भर्तृदत्त का अभिधान किया है जबकि नारद ने भर्तुदत्तम् को न कहकर भर्तृदाय का अभिधान किया है।। 7।।

The word dāya in the passage above cited, signifies not heritage, but gift.

"Her busband's donation" (dāya) is wealth given (datta) to her by her husband; (not, as the word might by supposed to signify, the heritage of her husband). For Manu and other (viz. Kātyāyana and Viṣṇu) notice that which is given (datta) and Nārada specifies donation (dāya), without any separate notice of given (datta).

तथाऽन्यत्रापि भर्तृदत्ते भर्तृदायप्रयोगो दृष्टः।

यथा कात्यायनः -

'भर्तृदायमृते पत्यौ विन्यसेत् स्त्री यथेष्टतः।
विद्यमाने तु संरक्षेत् क्षपयेत्तत्कुलेऽन्यथा।। 8।।

अन्यत्र भी भर्तृदत्त के स्थान पर भर्तृदाय का प्रयोग दिखाई देता है। कात्यायन का वचन है कि पति की मृत्यु के बाद स्त्री पति द्वारा दिए गए धन को अपनी इच्छा से रखे परन्तु उसके (पति के) जीवन काल में उस धन की रक्षा करे या कुल के लिए खर्च कर दे।। 8।।

Other instances occur of that use of the term: as in a passage of Kātyāyana.

In other instances also, "husband's donation" is used for wealth given by the husband. Thus Kātyāyana says, "Let the woman place her husband's donation as she pleases, when he is deceased: but, while he lives, she should carefully preserve it, or else (if unable to do so) commit it to the family.

अस्यार्थः-भर्तृदत्तं धनं भर्तरि मृते यथेष्टं विनियुञ्जीत, जीवति तु तद्रक्षेत्। इदममुक्तहस्तताज्ञापनार्थम्, तथा व्यासवचनमपि भर्तृदेयपर्यन्तताज्ञापनार्थम्।। 9।।

इसका अर्थ है कि पति द्वारा दिए गए धन को भर्ता के मर जाने पर अपनी इच्छानुसार उसका उपभोग करे। यदि जीवित है तो उसकी रक्षा करे। यहाँ पर अमुक्त हाथ का ज्ञापन होता है अर्थात वह खुले हाथ से अपनी इच्छा से भोग करे। तथा व्यास वचन से पति द्वारा दिए गए धन को सीमित रखा है।। 9।।

Exposition of the text.

The meaning of the passage is this : wealth given to her by her husband, she may dispose of, as she pleases, when he is dead; but, while he is alive, she should carefully preserve it. This is intended as a caution against profusion.

यथा -

द्विसहस्त्रपरो दायः स्त्रियै देयो धनस्य तु।
यच्च भर्त्रा धनं दत्तं सा यथाकाममश्नुयात्'।।

द्विसहस्त्रपर्यन्तः स्त्रियै देयः, नाधिकः, केनेत्या-काङ्क्षायां भर्त्रेति श्रुतमन्वेति, न पुनरश्रुतकल्पना। तथाच देय इति ददातिर्मुख्यः स्यात्। मृतपतिधने तु तावति पत्न्या

एव स्वामित्वात् गौणः, स चान्याय्यः॥ 10॥

यथा - पति सम्पत्ति में से दो सहस्र पण निकालकर स्त्री को दे। पति द्वारा दिए गए धन को स्त्री अपनी इच्छा से उपभोग करे।

दो हजार पण स्त्री को देने चाहिए, अधिक नहीं। किसके द्वारा दिए जाने चाहिए ऐसी आकांक्षा होने पर भर्ता के साथ अन्वय का श्रवण होता है, पुनः अश्रुत की कल्पना नहीं करनी चाहिए। तथा च देय में ददाति क्रिया मुख्य है। पति के मर जाने पर उतने धन पर पत्नी का स्वामित्व होने से गौण है, यह युक्तिसंगत नहीं है॥ 10॥

Confirmed by a passage of Vyāsa; in which the same term occurs and must be taken in the same sense.

So the text of Vyāsa, concerning the limits of the value which may be given by her husband (exhibits the same term). "A present, amounting to two thousand (paṇas) at the most, may be given to a woman, out of the wealth : and whatever property is given to her by her husband let her use as she pleases." As far as two thousand (paṇas) a present may be given to a woman, but not more. In answer to the question by whom given? the construction refers to the word husband contained in the text; and one not contained in it must not be assumed. Thus the term (dāya) 'may be given' retains the literal sense of the verb (dā) to give. But since so much as is her deceased husband's estate, belongs to the widow, the sense becomes metaphorical (under another interpretation); and that is not reasonable.

यच्च भर्त्तृदत्तं धनम्, तद्यथाकाममश्नीयात्। अतोऽपुत्रस्य मृतस्य पत्युर्धने द्विसहस्रपर्यन्त एव पत्न्या अधिकारः, न सर्वत्रेति यदुक्तम्, तद्विद्वद्भिरनादेयम्'॥ 11॥

पति द्वारा दिए गए धन को वह इच्छानुसार उपभोग करे। अतः पुत्रहीन पति के मर जाने पर दो हजार पण धन पर ही पत्नी का अधिकार है न कि सम्पूर्ण धन पर - यह जो कहा गया है वह विद्वानों द्वारा मान्य नहीं है॥ 11॥

That passage does not limit a widow's participation of her husband's estate.

And what property is given to her by her husband, let her use as she pleases. Hence (since the text relates to a gift made by her husband, and not to an allotment delivered to her by an umpire adjusting the succession); the alleged conclusion, that the widow is competent to take so much of the property of her husband, who has died leaving no male issue, as amounts to two thousand (paṇas) and not the whole estate, must be rejected by the wise.

एतच्च विस्तरेण वक्ष्यते॥ 12॥

इसकी विस्तार से व्याख्या करेंगे॥ 12॥

This subject will be resumed in another place.

This and (the right of the widow to take the whole estate of her husband who leaves no male issue) will be discussed at full length (under the head of succession to the estate of one who has no male issue).

आह याज्ञवक्ल्यः-

'पितृ-मातृ-पति-भ्रातृदत्तमध्यग्न्युपागतम्।
आधिवेदनिकञ्चैव स्त्रीधनं परिकीर्तितम्'॥ 13॥

(याज्ञ0 2-144)

याज्ञवल्क्य ने कहा है कि पिता, माता, पति, भाई के द्वारा प्रदत्त अग्नि के समक्ष जो कुछ प्राप्त होता है और अधिवेदनिक धन - स्त्रीधन कहलाता है॥ 13॥

Yājñavalkya describes the separate property of a woman.

Yājñavalkya explains (a woman's property) : "What has been given to a woman (before or after her nuptials), by the father, the mother, the husband or a brother, or received by her at the nuptial fire or presented to her on her husband's marriage to another wife, (as also any other separate acquisition), is denominated a woman's property."

यच्च द्वितीयस्त्रीविवाहार्थिना पूर्वस्त्रियै पारितोषिकं धनं दत्तम्, तदाधिवेदनिकम्, अधिकस्त्रीलाभार्थत्वात्तस्य॥ 14॥

द्वितीय स्त्री के विवाह इच्छुक व्यक्ति द्वारा पूर्व स्त्री के लिए पारितोषिक रूप में जो धन प्राप्त होता है वह आधिवेदनिक धन कहलाता है॥ 14॥

Explanation of his text.

That wealth, which is given to gratify a first wife by a man desirous of marrying a second, is a gift on a second marriage : for its object is to obtain another wife (with the assent of the first)).

तथा देवलः-

वृत्तिराभरणं शुल्कलाभश्च स्त्रीधनं भवेत्।
भोक्त्री तत्स्वयमेवेदं पतिर्नार्हत्यनापदि॥ 15॥

देवल के मतानुसार- वृत्ति, आभूषण, शुल्क, ऋण-ब्याज - ये सब स्त्रीधन हैं। स्त्री स्वयं इनका उपभोग कर सकती है। आपद् काल से भिन्न समय में पति इसके लिए समर्थ नहीं है। अर्थात् पति आपत्काल में इसका उपभोग कर सकता है॥ 15॥

A passage of Devala on a woman's peculiar property.

So Devala says : "Her subsistence, her ornaments, her perquisite and her gains, are the separate property of a woman. She herself exclusively enjoys it; and her husband has no right to use it, unless in distress."

तथा व्यासः-

विवाहकाले यत्किञ्चित् वरायोद्दिश्य दीयते।
कन्यायास्तद्धनं सर्वमविभाज्यञ्च बन्धुभिः॥ 16॥

व्यास के मतानुसार-विवाह के समय वर को उद्देश्य में रख करके जो कुछ दिया जाता है वह कन्या का ही धन है। बन्धुओं द्वारा वह सारा अविभाज्य है॥ 16॥

And one of Vyāsa.

Vyāsa also : "Whatever is presented at the time of the nuptials to the bridegroom, intending (the benefit of the bride) belongs entirely to the bride; and shall not be shared by kinsman."

उद्दिश्येति-कन्याया इदं भवत्वित्युद्दिश्य वराय यद्दानम्, न पुनरेतदभिसन्धि विनापीत्यर्थः। अतएव विवाहकाल इति प्रदर्शनार्थम्, न पुनरेतदेव प्रयोजकम्, दात्रभिसन्धिनिमित्तत्वात् स्वत्वस्य।

तथा च प्रामाणिकं वचनम् -

'यद्दत्तं दुहितुः पत्ये स्त्रियमेव तदन्वियात्।
मृते जीवति वा पत्नी तदपत्यमृते स्त्रियाः॥

विवाहकाल इति न विशिनष्टि, अभिसन्धिस्तु दुहित्रन्वयाभिधानादेव लब्धत्वान्नोक्तः॥ 17॥

उद्दिश्य का अर्थ है - यह कन्या के लिए है - इस उद्देश्य से जो वर को दिया जाता है। यहाँ पर अभिसन्धि के बिना नहीं कहा (अभिसन्धि का अर्थ- इच्छा या संकल्प है) अतः विवाहकाल को बताने के लिए कहा है इसका यह प्रयोजन नहीं है। देने वाले की अभिसन्धि स्वत्व का कारण है। तथा च प्रामाणिक वचन है कि - "दुहिता के पति को दी गई सम्पत्ति पर दुहिता का अधिकार स्वीकार किया है और पति के जीवनकाल अथवा मृत्यु के उपरान्त उस धन की उत्तराधिकारिणी स्त्री की सन्तान होती है।" यहाँ विवाह काल का निर्देश नहीं किया गया अपितु संकल्पपूर्वक दिए गए धन की ओर संकेत है। 'दुहिता' और 'अन्वय' शब्द इसी (अभिसन्धि) को बतलाते हैं॥ 17॥

Exposition of this passage.

Intending, Designing, that it shall appertain to the bride. It is not meant, that the property becomes her's, even without such intention. Accordingly the time of nuptials is here stated illustratively; and not as the sole motive. For the will of the

giver is the cause of property. So the following authentic text does not specify, that it must be at the time of the nuptials. "What is presented to the husband of a daughter, goes to the woman, whether her husband live or die; and after her death, descends to her offspring." Here the giver's intention is not specified because it is implied by the word daughter.

तदेवमव्यवस्थितसङ्ख्यास्त्रीधनकीर्तनात् न षट्सङ्ख्या विवक्षिता, किन्तु स्त्रीधनकीर्तनमात्रपराणि वचनानि। तदेव च स्त्रीधनम् यत्र भर्तृतः स्वातन्त्र्येण दान-विक्रय-भोगान् कर्तुमधिकरोति॥ 18॥

इस प्रकार स्त्रीधन का वर्णन करने से ज्ञात होता है कि उसकी संख्या अनियत है, षट्संख्या विवक्षित नहीं है अपितु सभी वचन स्त्रीधनपरक कहे गए हैं। जहाँ भर्ता से स्वतन्त्र रहकर स्त्री दान-विक्रय और उपभोग करने की अधिकारिणी है॥ 18॥

The number of six sorts (see 4) is not restrictive: whatever is at her sole disposal, is a woman's separate property.

Since various sorts of separate property of a woman have been thus propounded without any restriction of number, the number of six (as specified by Manu and other), is not definitely meant. But the texts of the sages merely intend an explanation of woman's separate property. That alone is her peculiar property, which she has power to give, sell, or use, independently of her husband's control.

तदिदं किञ्चित् संक्षिप्याह कात्यायनः -

'प्राप्तं शिल्पैस्तु यद्वित्तं प्रीत्या चैव यदन्यतः॥
भर्तुः स्वाम्यं भवेत् तत्र शेषन्तु स्त्रीधनं स्मृतम्'॥ 19॥

कात्यायन ने संक्षेप में कहा है कि शिल्प से प्राप्त धन, स्नेहवश अन्य किसी के द्वारा प्राप्त धन पर पति का स्वामित्व होता है, शेष धन स्त्रीधन कहलाता है॥ 19॥

Kātyāyana expresses this meaning.

Kātyāyana expresses this rather concisely : "The wealth, which is earned by mechanical arts, or which is received through affection from any other (but the kindred) is always subject to her husband's dominion. The rest is pronounced to be the woman's property."

अन्यत इति पितृ-मातृ-भर्तृकुलव्यतिरिक्तात् यब्लधम्, शिल्पेन वा यदर्जितम्, तत्र भर्तुः स्वाम्यम् - स्वातन्त्र्यम् अनापद्यपि भर्ता गृहीतुमर्हति तेन स्त्रिया अपि धनं न स्त्रीधनम् अस्वातन्त्र्यात्॥ 20॥

अन्यत इति से अभिप्राय पिता-माता-भर्ता के कुल से अतिरिक्त अन्य व्यक्ति से प्राप्त धन, शिल्प से अर्जित धन पर भर्ता का स्वाम्य अर्थात् अधिकार है। दूसरे शब्दों में उस धन को व्यय करने में पति की पूर्ण स्वतन्त्रता है। आपत्काल से भिन्न समय में भी पति ग्रहण करने का अधिकारी है। यह धन स्त्रीधन नहीं हो सकता क्योंकि वह अस्वतन्त्र है॥ 20॥

Exposition of his text. The husband has power over wealth earned by his wife, or received in presents from any other but kindred.

Over that, which has been received by her "from any other" but the family of her father, mother, or husband, or has been earned by her in the practice of a mechanical art, (as spinning or weaving), her husband has dominion and full control. He has a right to take it, even though no distress exist. Hence, though the goods be her's, they do not constitute woman's property : because she has not independent power over them.

एतद्व्यतिरिक्तधनन्तु स्त्रियाः एव, दानविक्रयाद्यधिकारत्।

तदाह कात्यायनः-

'ऊढ़या कन्यया वापि पत्युः पितृगृहेऽथवा।
भर्तुःसकाशात् पित्रोर्वा लब्धं सौदायिकं स्मृतम्॥

सौदायिकं धनं प्राप्य स्त्रीणां स्वातन्त्र्यमिष्यते।
यस्मात्तदानृशंस्यार्थं तैर्दत्तं तत्प्रजीवनम्॥
सौदायिके सदा स्त्रीणां स्वातन्त्र्यं परिकीर्तितम्।
विक्रये चैव दाने च यथेष्टं स्थावरेष्वपि'॥ 21॥

इससे भिन्न धन को स्त्री दान-विक्रय करने की अधिकारिणी कही गई है। कात्यायन का मत है कि -

विवाहिता अथवा अविवाहिता स्त्री द्वारा पति के अथवा पिता के घर से पति से प्राप्त अथवा माता-पिता से प्राप्त धन उसका सौदायिक धन कहलाता है। सौदायिक धन को प्राप्त करके स्त्रियों को उसमें पूर्ण स्वतन्त्रता दी है। पिता-पति द्वारा दिया गया जीवनोपयोगी धन उन पर कृपा-स्नेह प्रदर्शित करने के लिए दिया जाता है। सौदायिक धन में स्त्रियों को सदैव स्वतन्त्रता दी है कि वह अपनी इच्छा से जैसे विक्रय एवं दान कर सकती है उसी प्रकार स्थावर सम्पत्ति में भी॥ 21॥

The wife has sole power over other descriptions of property.

But in other descriptions of property excepting these two, the woman has the sole power of gift, sale or other alienation. So Kātyāyan declares, "That which is received by a married woman or a maiden, in the house of her husband or of her father, from her husband or from her parents, is termed the gift of affectionate kindred. The independence of women, who have received such gifts, is recognised in regard to that property; for it was given by their kindred to soothe them, and for their maintenance. The power of women over the gifts of their affectionate kindred is over celebrated both in respect of donation and of sale according to their pleasure, even in the case of immovables."

सुदायः-सम्बन्धिभ्यो लब्धां सौदायिकम्॥ 22॥

सुदायः शब्द से सौदायिक बना है जिसका अर्थ है - संबन्धियों से प्राप्त धन॥ 22॥

Explanation of the text.

What is obtained from kind relations, (meaning persons of her father's family or her mother's), is the gift of affectionate kindred.

स्थावरेऽपि भर्तृदत्तमात्रे स्त्रिया दानाद्यनधिकारः।

तदाह नारदः-

'भर्त्रा प्रीतेन यद्दत्तं स्त्रियै तस्मिन् मृतेऽपि तत्।
सा यथाकाममश्नीयात् दद्याद्वा स्थावरादृत्ते'॥

भर्तृदत्तविशेषणात् भर्तृदत्तस्थावरादृते अन्यत् स्थावरं देयमेव भवति, अन्यथा 'यथेष्टं स्थावरेष्वपी'ति विरुध्येत॥ 23॥

स्थावर से अभिप्राय है कि पति द्वारा दी गई स्थावर में स्त्री को दान करने का अधिकार नहीं है। नारद का वचन है कि - भर्ता ने स्नेहवश स्त्री को जो कुछ भी दिया है उसके मर जाने पर वह स्थावर सम्पत्ति को छोड़कर इच्छानुसार शेष धन का उपभोग कर सकती है।

भर्तृदत्त विशेषण से यह प्रतीत होता है कि भर्ता द्वारा दिए गए स्थावर को छोड़कर शेष अन्य स्थावर का दानादि कर सकती हैं यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो यथेष्टं स्थावरेष्वपि के साथ विरोध हो जायेगा॥ 23॥

Immovables given to her by her husband may not be aliened by her. A passage of Nārada proves this. Other immovables may be aliened.

But in the case of immovables bestowed on her by her husband, a woman has no power of alienation by gift or the like. So, Nārada declares : "What has been given by an affectionate husband to his wife, she may consume as she pleases, when he is dead, or may give it away, excepting immovable property." It follows from the specific mention of "given by a husband;" that any other immovable property, except such as has been given to her by him, may be aliened

by her. Else (if this text forbid donation in the case of immovables in general), the preceding passage concerning the power of women in respect of donation and of sale, "according to their pleasure, even in the case of immovables." would be contradicted.

भर्ता तु यदा दुर्भिक्षादौ स्त्रीधनं विना वर्तनाक्षमः, तद्ग्रहीतुमर्हति नान्यदा।

यदाह याज्ञवल्क्यः-

'दुर्भिक्षे धर्मकार्ये च व्याधौ सम्प्रतिरोधके।
गृहीतं स्त्रीधनं भर्त्ता न स्त्रियै दातुमर्हति'॥
(याज्ञ0 2-148)

अन्यत्र पुनरधिकारमाह कात्यायनः -

न भर्ता नैव च सुतो न पिता भ्रातरो न च।
आदाने वा विसर्गे वा स्त्रीधने प्रभविष्णवः॥
यदि ह्येकतरस्त्वेषां स्त्रीधनं भक्षयेद्बलात्।
स वृद्धिं प्रतिदाप्यः स्याद्दण्डञ्चैव समाप्नुयात्॥
तदेव यद्यनुज्ञाप्य भक्षयेत् प्रीतिपूर्वकम्।
मूलमेव तदा दाप्यो यदा स धनवान् भवेत्॥
अथ चेत् स द्विभार्यः स्यात् न च तां भजते पुनः।
प्रीत्या विसृष्टमपि चेत् प्रतिदाप्यः स तद्बलात्'॥
ग्रासाच्छादनवासानामुच्छेदो यत्र योषितः।
तत्र स्वमाददीत स्त्री विभागं रिक्थिनां तथा'॥ 24॥

पति जब दुर्भिक्ष अर्थात् आकालादि के समय स्त्रीधन के बिना निर्वाह करने में असमर्थ हो तो वह स्त्रीधन ले सकता है, अन्यथा नहीं। यथा याज्ञवलक्य का वचन है कि -

दुर्भिक्ष के समय, धार्मिक कार्य में, रुग्णावस्था में तथा बन्दी बनाए जाने पर पति यदि स्त्रीधन का व्यय करता है तो वापिस करने के

लिए उसे बाध्य नहीं किया जा सकता। कात्यायन ने पुनः कहा है कि-पति, पुत्र, पिता और भाई इनमें से किसी को भी स्त्रीधन ग्रहण या विक्रय करने का अधिकार नहीं है। यदि इनमें से कोई एक भी बलपूर्वक स्त्रीधन का उपयोग करता है उसे ब्याज सहित वापिस देना चाहिए और राजा को उसे दण्ड देना चाहिए। यदि कोई स्नेहवश अनुमति लेकर उसका उपयोग करता है तो उसके धनवान् होने पर मूल सहित वापिस कर देना चाहिए। यदि पति दो पत्नीवाला हो एक उनमें से उपेक्षित हो भले ही उसने स्नेहवश कुछ दिया हो तो भी उसे बलपूर्वक स्त्रीधन देना पड़ता है। जहाँ पर स्त्रियों के भोजन-वस्त्र और निवास स्थान का नाश हो वहाँ सम्पत्ति के उत्तराधिकारियों से स्त्री को अपना भाग ले लेना चाहिए।। 24।।

In distress, a husband may use his wife's property : as declared by a passage of Yājñavalkya. But in no other case. Kātyāyana directs a woman's property to be restored, with or without interest; according as it was taken by her consent or against it.

However, if the husband have no means of subsistence, without using his wife's separate property, in a famine or other distress, he may take it in such circumstances : but not in any other case. So Yājñvalkya declares : "A husband is not liable to make good the property of his wife, taken by him in a famine, or for the performance of a duty, or during illness, or while under restraint." Kātyāyana, again, denies the right of the husband to do so in any other circumstance : "Neither the husband, nor the son, nor the father, nor the brothers, can assume the power over a woman's property to take it or to bestow it. If any one of the these persons by force consume the woman's property, he shall be compelled to make it good with interest, and shall also incur a fine. If such person, having obtained her consent, use the property amicably, he shall be rquired to pay the principal, when he become rich. But, if the husband have a second wife and do not show honour to his first wife, he shall be compelled by force to restore her property,

though amicably lent to him. If food, raiment and dwelling be withheld from the woman, she may exact her due supply and take a share (of the estate) with the co-heirs."

स्त्रिया धनं गृहीत्वा यद्यपरभार्यया सह वसति; ताञ्चावजानीते, तदा गृहीतधनं राज्ञा बालाद्दाप्यम्, भक्ताच्छादनादिकं यदि भर्ता न ददाति, तदा तदपि स्त्रिया आकृष्य ग्राह्यम्।। 25।।

पति यदि स्त्री का धन लेकर दूसरी पत्नी के साथ रहने लगता है और प्रथम पत्नी की उपेक्षा करता है तब राजा को पति से बलपूर्वक धन ग्रहण करके पूर्व पत्नी को दिलवाना चाहिए। यदि पति पत्नी को भोजन-वस्त्रदि नहीं देता तब स्त्री को बलपूर्वक ले लेना चाहिए।। 25।।

If she be neglected by her husband, she may exact a provision from him.

If the husband, having taken the property of his wife, live with another wife and neglect her, he shall be compelled to restore the property taken by him. If he do not give her food, raiment and the like, that also may be exacted from him by the woman.

इति स्त्रीधनलक्षणम्।। 26।।

स्त्रीधन लक्षण अध्याय समाप्त हुआ।। 26।।

Conclusion

Thus a definition of woman's property has been propounded.

इति पारिभद्रकुलोद्भवस्य महामहोपाध्याय श्रीजीमूतवाहनस्य कृतौ धर्मरत्नान्तर्गते दायभागे चतुर्थे प्रथमः परिच्छेदः समाप्तः।

द्वितीयपरिच्छेदः

इदानीं स्त्रीधनविभागोऽभिधीयते।

तत्र मनुः-

'जनन्यां संस्थितायान्तु समं सर्वे सहोदराः।
भजेरन् मातृकं रिक्थं भगिन्यश्च सनाभयः'॥ 1॥

(मनु0 9-102)

अब स्त्रीधन के विभाग का निरूपण किया जाता है। मनु का वचन है - माता के मरने पर सब सहोदर भ्राता और सहोदर बहनें माता के धन को बराबर-बराबर प्राप्त करते हैं॥ 1॥

Manu propounds the succession to a woman's property.

In the next place, partition of woman's property is explained. On that subject Manu says, "When the mother is dead let all the ulterine brothers and the uterine sister equally divide the maternal estate."

द्वन्द्वाश्रवणेऽपि तत्तुल्यार्थकचकारेण भ्रातृ-भगिन्योरितरेतरयुक्तयोर्विभागप्रतिपादनात् भगिन्यः, सहोदराश्च विभजेरन्नित्ययमेवास्या वचनस्यार्थः॥ 2॥

द्वन्द्व समास का श्रवण न होने पर भी उसके समानार्थक चकार से सहोदर भाई एवं भगिनी दोनों का समान अधिकार प्रतीत होता है॥ 2॥

It is inherited by her sons and daughters conjointly.

Since this suggests the participation of brohter and sister connected in the sentence by reciprocation, although the conjunctive compound do not there occur, by means however of the conjunctive particle, which bears the same import (and is contained in the text), the meaning of the passasge must be this; "Let sisters and brothers of the whole blood share the

estate."

बृहस्पतिरपि चकारात् समुच्चयमाह-

'स्त्रीधनं तदपत्यानां दुहिता च तदंशिनी।

अप्रत्ता चेत् समूढ़ा तु न लभेन्मातृकं धनम्'॥ 3॥

बृहस्पति के वचन से भी चकार से समुच्चय का अर्थ अभिप्रेत है -

स्त्रीधन उसकी सन्तान को मिलता है और पुत्रियों को मिलता है यदि वह अविवाहिता है। विवाहिता होने पर मातृधन की प्राप्ति नहीं होती॥ 3॥

So Bṛhaspati declares.

Bṛhaspati likewise expresses assemblage by the conjunctive particle in the following passage. "A woman's property goes to her children; and the daughter is a sharer with them, provided she be unaffianced; but, if married, she shall not receive the maternal wealth."

अपत्यपदं पुत्रपरम्। तेषामप्रत्तादिभिर्दुहितृभिः सह मातृधनविभागः।

तथा च शङ्खलिखितौ -

'समं सर्वे सोदर्या द्रव्यमर्हन्ति कुमार्यश्च'॥ 4॥

यहाँ अपत्य पद का अर्थ पुत्र से है। उसमें अविवाहित पुत्रियों को माता का धन मिलता है। शंखलिखित का मत है कि - (माता के धन में) सब सहोदर भाई और कुमारी बहनें बराबर-बराबर द्रव्य प्राप्त करते हैं॥ 4॥

Śaṅkha and Likhita ordain their equal particiaption.

Her the term children intends sons : and they share their mother's goods with unbetrothed daughters. So Śaṅkha and Likhita say, "All uterine brothers are entitled to the wealth equally; and so are unmarried sisters."

सर्वत्रैव प्रथमं पुत्रोपादानात् सर्वावस्थस्य पुत्रस्य मातृधनेऽधिकारः, चकारश्रुतिश्च सर्वत्रानुगता समुच्चय-वाचिका॥ 5॥

सब जगह पहले पुत्र का उल्लेख होने से सभी अवस्थाओं में पुत्र का माता के धन में अधिकार है। चकार श्रवण से सब जगह समुच्चय का अर्थ है॥ 5॥

The son in herits whether initiated or unimitiated.

Since the son is mentioned first in all these passages, he a has a right to succession to his mother's wealth, whatever be his state (initiated or uninitiated): and the conjunctive particle, which likewise occurs in every one of those texts, denotes assemblage.

एतावताप्युद्ग्राहमल्लस्य देवलवचनं गलहस्तः।

यथा -

'सामान्यं पुत्र-कन्यानां मृतायां स्त्रीधनं स्त्रियाम्।
अप्रजायां हरेद्भर्ता माता भ्राता पितापि वा'॥ 6॥

उद्ग्राहमल्ल का देवलवचन गलहस्त है यथा - स्त्री की मृत्यु पर स्त्रीधन पुत्र और पुत्रियों का सामान्य होता है। यदि सन्तान न हो तो भर्ता, माता, भाई अथवा पिता को मिल जाता है॥ 6॥

The text of Devala is conclusive against the supposition, that unmarried daughters and sons inherit successively.

A passage of Devala is conclusive against one who persists in the controversy, notwithstanding the foregoing reasons. It is as follows: "A woman's property is common to her sons and unmarried daughters, when she is dead; but, if she leave no issue, her husband shall take it, her mother, her brother, or her father."

इह पुत्र-कन्ययोः साधारणं मातृधनमिति सुव्यक्तम्, केवलकुमार्याः सकलमातृधनाधिकारित्वे यौतकधने विशेषवचनं

मन्वादीनामानर्थक्यं स्यात्, सर्वत्राधिकाराविशेषात्॥ 7॥

यहाँ कन्या और पुत्र दोनों का माता के साधारण स्त्रीधन में समान अधिकार है। केवल कुमारी कन्याओं का माता के धन में सम्पूर्ण अधिकार नहीं है क्योंकि ऐसा स्वीकार करने पर यौतक धन के विषय में जो मनु आदि के विशेष वचन हैं, वे निरर्थक हो जाएंगे॥ 7 ॥

Else the special right of the maiden daughter in a particular case would not be declared.

Here it is expressly declared, that the mother's goods are common to the son and unmarried daughter : and if the maiden daughter were exclusively entitled to the whole of her mother's estate (notwithstanding the existence of her brother), the special texts of Manu and others, (which will be cited) concerning the (Yautuka) wealth given at the nuptials, would be unmeaning since she would have the right in all cases indiscriminately.

यः पुनरेवं समाधानं ब्रूते-भ्रातृ-भगिन्योस्तुल्यवज्जननी-धनाधिकारित्वे समभागविधानं युक्तं केवलभगिनीनाम्, तद्भावे च केवलभ्रातृणां धनसम्बन्धो 'समं स्यादश्रुतत्वाद्विशेषस्ये'ति न्यायत एव समत्वप्राप्तेरनर्थकं सममिति।

स एवं वाच्यः- भ्रातृभगिन्योरप्यधिकारे समं स्यादिति न्यायात् समत्वप्राप्तेरविशेषादानर्थक्यस्य तदवस्थत्वात्। किञ्च केवलभ्रात्रधिकारपक्षेऽपि पितृधन इव मातृधनेऽपि विंशोद्धा-रादिप्रसक्तिनिवर्तकतया समपदस्य सार्थकत्वात् कथमनर्थकता? अतो वचनन्यायानभिज्ञः सर्वैः प्राज्ञैरवज्ञेय एव किञ्चिज्ज्ञ इति॥ 8॥

यदि कोई शंका करते हुए यह समाधान करे कि माता के धन पर बहन-भाई का समान अधिकार बतलाने के लिए समम् शब्द का प्रयोग किया गया है किन्तु मातृधन केवल भगिनियों में और उनके अभाव में केवल भाइयों में विभक्त होता है तो समम् शब्द का प्रयोग

निरर्थक है क्योंकि मीमांसा के वचन 'समं स्यादश्रुतत्वाद्विशेषस्य' में निर्दिष्ट न्याय से वहाँ समत्व स्वत: सिद्ध है।

उपर्युक्त युक्तियों का खण्डन करते हुए कहा जाता है कि साधारण मातृधन में भाइयों और बहनों का समान अधिकार 'समं स्यात्' इस न्याय से प्राप्त है इसलिए स्मृतिकारों के वचनों में 'समम्' शब्द का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता। यदि केवल भाइयों में विभाजन हो तो वहाँ 'समम्' शब्द निरर्थक न होकर सार्थक है क्योंकि पितृधन के समान मातृधन में पुत्रों में विभाजन उद्धार क्रम से न होकर सम विभाजन होता है। अत: उपर्युक्त वचन न्याय के प्रतिकूल होने के कारण सभी बुद्धिमानों के द्वारा त्याज्य है।। 8।।

A different argument rejcted.

But if one should propose this solution : 'the ordaining of equal participation is fit, if the brother and sister have alike a right of succession to their mother's property; but, if sisters only inherit equally, or, on failure of them brothers only, the declared equality would be impertinent, since it might be deduced, without such declaration, from reasoning, because no exception to it has been specified:' he might be thus answered (by an obstinate antagonist): 'It is no less impertinent to declare equality, on the assumption, that brother and sister inherit; since their parity may be in like manner deduced from reasoning.' (The antagonist might proceed to say) 'Besides, how is it impertinent? since, in the case of brothers inheriting along, (upon failure of sisters), the term "equal" is unquestionably pertinent, as if obviates the supposition, that deductions of a twentieth and the like shall be allowed in the instance of the mother's estate, as in that of the father's.' Therefore, the half learned person (who argues, that the declaration of equality would be impertinent), must be disregarded by the wise, as unacquainted with the letter of the law, and with the reasoning (which has been here set forth).

किन्तूक्तादेव हेतोः पुत्र-कुमारीदुहित्रोस्तुल्यवदधिकारः,

एतयोश्चान्यतराभावेऽन्यतरस्य तद्धनम्, द्वयोरप्येतयोरभावे तु ऊढ़ायाः दुहितुः पुत्रवत्याः, सम्भावितपुत्रायाश्च तुल्योऽधिकारः, स्वपुत्रद्वारेण पार्वणपिण्डदानसम्भवात्॥ 9॥

इस प्रकार उक्त हेतु से पुत्रों और अविवाहित पुत्रियों का समान अधिकार है। इन दोनों में से एक के अभाव में अन्य का अधिकार है। अर्थात् पुत्र के अभाव में अविवाहित पुत्री का और अविवाहित पुत्री के अभाव में पुत्र का अधिकार है। इन दोनों के अभाव में विवाहित पुत्री का अधिकार है। पुत्रियों में भी पुत्रवती एवं सम्भावित पुत्री का समान अधिकार है क्योंकि पुत्री अपने पुत्र के माध्यम से पार्वण श्राद्ध एवं पिण्डदान करती है॥ 9॥

On failure of either, the other is heir. On failure of both, a daughter, who has or may have issue, inherits.

But for the cause above stated, the son and maiden daughter have a like right of succession. On failure of either of them, the goods belong to the other. On failure of both of them, the succession devolves, with equal rights, on the married daughter who has a son and on her who may have male issue. For, by means of their sons, they may present oblations of solmn obsequies.

अत एव पूर्वोक्तदुहित्रभावे दौहित्रस्यैव धनाधिकारः। 'दौहित्रोऽपि ह्यमुत्रैनं सन्तारयति पौत्रवदि' (मनु० 9-130) ति मनुवचनात्, न तु बन्ध्या-विधवादुहित्रोः स्वसत्तया, स्वजन्यसत्तया च पार्वणपिण्डदानाभावात्।

अत एव नारदः

पुत्राभावे च दुहिता तुल्यसन्तानदर्शनात्॥ 10॥

(ना० 13-50)

Such being their meaning, the same is equally proper for the unseparated co-parcener, as for the re-united one : because residence in the same abode (which implies junction of property) is equally pertinent as a reason, when separation has not yet taken place, as when it has been annulled. Since the text is likewise pertinent, as directing, that the acquirer shall have two shares of an acquisition made with the use of common property, it is not right to restrict it to the case of re-united parceners : for the reasoning, taught under the head of Holākā, opposes that restriction.

किञ्चोपघातार्जितेऽर्जकस्य भागद्वयमिति तावन्निर्विवादम्।
'साधारणं समाश्रित्य यत्किञ्चिद्वाहनायुधम्,
शौर्यादिनाप्नोति धनं भ्रातररस्तत्र भागिनः।
तत्र भागद्वयं देयं शेषास्तु समभागिनः॥'

इत्यनेनोपघात एव भागद्वयस्य विधानात्, असाधारण-धनशरीरव्यापारार्जिते तु न भागद्वयं न्याय्यम्, किन्त्वधिकम्, ''सर्वमेव वा, किञ्चिदूनम् वा, तत्र किञ्चिदूनस्य मुनिभिः, निबन्धृभिश्चानुक्तत्वात्। साधारणधनव्यापारेण भ्रात्रन्तरस्य भागदर्शनात्, तद्भावे भागाभाव एव युक्तः॥ 30॥

और क्या उपघात से अर्जित द्रव्य में अर्जक को दो भाग मिलते हैं यह निर्विवाद है। व्यास का भी यही मत है कि यदि किसी वाहन, अश्व, रथादि की सहायता से शौर्यादि से कोई व्यक्ति धन प्राप्त करता है तो उसमें अन्य भाइयों का भी भाग होता है परन्तु अर्जक को द्वयंश की प्राप्ति होती है और शेष भाइयों में सम विभाजन होता है। इस प्रकार उपघात से अर्जन करने वाले को दो अंश का विधान बताया गया है, असाधारण धन और शरीर-व्यापार से अर्जन करने वाले को दो भाग न्यायोचित नहीं कहे गए अपितु अधिक मिलना चाहिए अथवा सम्पूर्ण द्रव्य या सम्पूर्ण में से कुछ कम हो सकता हैं कम का उल्लेख न तो स्मृतिकारों ने किया है और न निबन्धकारों ने। साधारण धन अथवा

साधारण शरीर व्यापार से अर्जन किए गए द्रव्य में दूसरे भाइयों का भाग होता है और उसके अभाव में अभाव युक्तिसंगत है अर्थात् साधारण धन अथवा साधारण शरीर व्यापार के अभाव में अन्य भाइयों का उस द्रव्यापर्जन में अधिकार नहीं है।। 30।।

An acquirer using joint stock has two shares. Not using it, he should have the whole.

Besides, it is an uncontested rule, that an acquirer, as such shall have two shares of wealth gained by the use of joint funds : for the allotment has been ordained by a text (of Vyāsa) above cited (see 14) in the single case of the use of common stock. It is not reasonable to assign two shares only in the instance of an acquisition made by personal exertion upon separate funds : but something more (than two shares) would be reasonable; either the whole, or something less (than the whole). Here, since something less (than the whole) has not been directed either by sages or by compilers; and since it appears, that the rest of the brethren participate (in one case) on account of the employment of their common stock; it is fit, that their participation should be null (in another case) where that does not exist.

द्विरर्जयितुरित्येतस्य च न्यायमूलत्वमेव युक्तम्, अन्यथा श्रुतिकल्पने अर्जकत्वानुप्रवेश, वा पृथग्वाधिकारी कल्पनीयः स्यात्।। 31।।

इस प्रकार से अर्जयिता की दो अंश की प्राप्ति न्यायोचित कही गई है। अन्यथा श्रुति के आधार की कल्पना करने पर या तो अलग से अधिकारी अर्थात् पिता की कल्पना करनी पड़ेगी अथवा अर्जक के लिए दो अंशों की प्राप्ति के अधिकार की निर्देश करने वाली श्रुति की कल्पना करनी पड़ेगी।। 31।।

The rule is founded on reason.

The rule, that the acquirer shall have twice as much as the rest, must be grounded on reasoning : otherwise, (it its

foundation in a passage of Scripture is to be assumed, and reasoning is not to be taken as its ground); it would be necessary either to insert in the maxim of revelation in question, the condition of a gain made (by the father who is declared entitled to two shares); or else to establish separately the title (of an acquirer to a double share).

तस्मादनुपधातार्जितमर्जकस्यैव, नेतरेषामिति सिद्धम्॥ 32॥

इस प्रकार से अनुपघात से अर्जित किए गए द्रव्य में अर्जक का ही अधिकार है, दूसरों का नहीं, यही सिद्ध होता है॥ 32॥

And the conclusion is true.

It is therefore true, that wealth gained without use of joint stock belongs to the acquirer alone, not to the rest of the co-parceners.

श्रीकरमतस्यानुवादः

किञ्चाविभक्तार्जितम्-सर्वे विभजेयुरिति न तावत् सामान्येन वचनं कल्पनीयम्, शौर्यादिधने पर्युदासदर्शनात्।

तथा मनुः -

'विद्याध्नन्तु यद् यस्य तत्तस्यैव धनं भवेत्।
मैत्रमौद्वाहिकञ्चैव माधुपर्किकमेव च'॥

(मनु 9-206)

तथा मनुविष्णू -

'अनुपध्नन् पितृद्रव्यं श्रमेण यदुपार्जयेत्।
स्वयमीहितलब्धन्तन्नाकामो दातुमर्हति'॥ 33॥

(मनु 9-208। विष्णु 72-42)

श्रीकर मत का अनुवाद -

अविभक्त द्वारा अर्जित की गई सम्पत्ति को सब बांट ले - यह जो श्रीकर ने कहा है कि यहाँ केवल इतनी ही श्रुति की कल्पना करनी

चाहिए - यह वचन उनका ठीक नहीं है क्योंकि शौर्यादिधन या विद्याधन के वचन जो मनु आदि स्मृतिकारों ने कहे हैं वे गलत सिद्ध हो जायेंगे। यथा मनु का वचन है कि - विद्या से, मित्र से, विवाह में और मधुपर्क के समय पूज्यता के कारण जिसको जो धन प्राप्त हो, वह धन उसी का होता है। मनु विष्णू ने आगे कहा है कि - पिता के धन को नष्ट नहीं करता हुआ यदि कोई पुत्र अपने पुरुषार्थ (व्यापार आदि) से उपार्जित धन में से किसी के लिए कुछ नहीं देना चाहे तो वह (अपने पुरुषार्थ से उपार्जित धन में से) किसी को कुछ नहीं देवे।। 33।।

It is no general rule, that gains, made before partition, shall be shared. A passage of Manu cited. And of Manu and Viṣṇu.

Moreover, a general maxim (of Scripture) to this extent,

"Let all share what is gained by an unseparated coparcener', cannot be inferred. For an exception to wealth acquired by valour or the like (without use of the joint stock) does occur. Thus manu says, "Wealth, however, acquired by learning belongs exclusively to him who acquired it: and so does anything given by a friend, received on account of marriage, or presented as a mark of respect." So manu and Viṣṇu ordain, "What a brother has acquired by his labour, without using the patrimony, he need not give up without his assent; for it was gained by his own exertion."

अनुपघ्नन्निति विद्यादिधनेऽपि सम्बध्यते, सत्युपघाते विभागवचनदर्शनात्।। 34।।

'अनुपध्नन्' विद्यादि धन से भी संबन्धित है। उपघात होने पर अर्थात् संयुक्त परिवार की सम्पत्ति का व्यय करने पर विभाग होता है।। 34।।

Exposition of those texts.

Without using. This is connected likewise with wealth acquired by learning : for, in such instances also, a precept, ordaining partition if joint funds be used, does occur.

तथा याज्ञवल्क्यः -

'पितृद्रव्याविरोधेन यदन्यत् स्वयमर्जितम्।
मैत्रमौद्वाहिकञ्चैव दायादानां न तद्भवेत्॥
क्रमादभ्यागतं द्रव्यं हृतमभ्युद्धरेत्तु यः।
दायादेभ्यो न तद्दद्याद्विद्यया लब्धमेव च'॥

(याज्ञ0 2-218-19)

तथा नारदः -

शौर्यभार्याधनं हित्वा यच्च विद्याधनं भवेत्।
त्रीण्येतान्यविभाज्यानि प्रसादो यश्च पैतृकः॥

(नारद 13-6)

तथा व्यासः -

'विद्याप्राप्तं शौर्यधनं यच्च सौदायिकं भवेत्।
विभागकाले तत्तस्य नान्वेष्टव्यं स्वरिक्थिभिः'॥35॥

याज्ञवल्क्य के मतानुसार -

पितृद्रव्य के अविरोध से अर्थात् उसका उपघात किए बिना ही अपने परिश्रम से जो सम्पत्ति अर्जित की जाती है, इसी प्रकार पितृ द्रव्य के अविरोध से मित्र से प्राप्त और विवाह में जो धन प्राप्त होता है उस का विभाजन दायादों में नहीं होता। वंश परम्परागत द्रव्य जो किसी ने अपहरण कर लिया था और दूसरा अपने परिश्रम से उसका उद्धार करता है उसका भी विभाजन नहीं होता। इसी प्रकार विद्या से प्राप्त सम्पत्ति का भी विभाजन नहीं होता है। नारद ने इस प्रसंग में कहा है कि -

शौर्य से प्राप्त धन, विवाह में प्राप्त धन, विद्याधन और प्रीतिपूर्वक प्राप्त धन का विभाजन नहीं होता है।

व्यास के मतानुसार -

विद्या से प्राप्त धन, शौर्य से प्राप्त धन और संबन्धियों से प्राप्त धन विभाजन के समय उसी का होता है जो अर्जित करता है, अन्य अधिकारी प्राप्त नहीं कर सकते॥ 35॥

Passages of Yājñavalkya, Nārada and Vyāsa.

Thus Yājñavalkya says: "Whatever else is acquired by the co-percener himself, without detriment to the father's estate, as a present from a friend, or a gift at nuptials, does not appertain to the co-heirs. Nor shall he, who recovers hereditary property, which had been taken away, give it up to the co-perceners : nor what has been gained by science." So Nārada : "Excepting what is gained by valour, the wealth of a wife, and what is acquired by science, which are three sorts of property exempt from partition; and any favour conferred by a father." Likewise Vyāsa : "Wealth gained by science, or earned by valour or received from affectionate kindred, belongs, at the time of partition, to him (who acquired it), and shall not be claimed by the co-heirs."

सौदायिकम्-सुदायः सम्बन्धिभ्यो यल्लब्धम्।। 36।।

सौदायिकम् - सुदायः से बना है जिसका अर्थ है - संबन्धियों से प्राप्त धन।। 36।।

Interpretation of the text.

Received from affectionate, kindred. Obtained from kind relations.

'पितामहेन यद्दत्तं पित्रा वा प्रीतिपूर्वकम्।
तस्य तन्नापहर्तव्यं मात्रा दत्तञ्च यद्भवेत्'।।
'अनाश्रित्य पितृद्रव्यं स्वशक्त्याप्नोति यद्धनम्।
दायादेभ्यो न तद्दद्यात् विद्यालब्धञ्च यद्भवेत्'।।37।।

पितामह ने जो धन दिया है, अथवा पिता ने स्नेहवश जो सम्पत्ति दी है और माता द्वारा जो कुछ दिया जाता है उन सबका अपहरण नहीं करना चाहिए। पितृ द्रव्य का आश्रय लिए बिना ही अपनी शक्ति से जो धन प्राप्त किया जाता है वह दायादों को नहीं देना चाहिए और इसी प्रकार से विद्या से प्राप्त धन भी उसी का होता है जो अर्जित करता है।। 37।।

Another passage of Vyāsa.

"What is given by the paternal grandfather, or by the father as a token of affection, belongs to him (who receives it); neither that, nor what is given by a mother, shall be taken from him. What a man gains by his own ability, without relying on the patrimony, he shall not give up to the co-heirs, nor that which is acquired to learning."

तन्निरासः -

तदेवमादिवचनैर्यावद्वर्ण-वर्णान्तरालानाम्, सङ्कीर्णजातानाम्, सकलविद्यानिमित्तस्य, सौदायिकस्य, च स्वशक्तिमात्रार्जितस्य पर्युदासात्, सर्वमेव पर्युदस्तमिति, तदितराभावात् निर्विषयो स्वजनदत्तस्य च, तथा मित्र-विवाह-मधुपर्कप्राप्तस्य, शौर्येण च युद्धादिना प्राप्तस्य कृषि-सेवा-वाणिज्यादिना च श्रमेणोपार्जितस्य अनुपाघातेन च स्वशाक्तिमात्रार्जितस्य पर्युदासात् सर्वमेव पर्युदस्तमिति तदितराभावात् निर्विषयो विधिाः। अथ यथाकथञ्चिदेको, द्विको वा, विषयो लभ्यते, तदा तदेव स्वपदेन निर्देष्टुमुचितं मुनीनाम्, अविभक्तार्जितममुकधनं विभजेदिति, लाघवात् स्वपदात् शीघ्रप्रतीतेश्च॥38॥

इस प्रकार इन स्मृतिकारों के वचनों से सभी वर्णों (अम्बष्ठ-करणादि) वर्णान्तरालों (रथकारादि) और संकीर्ण जातियों में सम्पूर्ण विद्याधन, सौदायिक, स्वजनदत्त, मित्र-विवाह और मधुपर्क से प्राप्त, शौर्य तथा युद्धादि से प्राप्त, कृषि-सेवा-वाणिज्यादि से उपार्जित, श्रम से उपार्जित, साधारण द्रव्य के अनुपघात से केवल अपनी शक्ति से अर्जित द्रव्य के विभाजन का निषेध कर देने के कारण प्रायः सभी कुछ का निषेध हो जाता है। ऐसी स्थिति में श्रीकर द्वारा प्रतिपादित विधि - 'अविभक्तार्जितं सर्वे विभजेयुः' निरर्थक हो जाता है। यदि जिस किसी भी प्रकार से एक या दो प्रकार का ऐसा धन मिल भी जाए तो उसे मुनियों के वचनानुसार स्वपद से कहना उचित होगा यथा -

'अविभक्तार्जितममुकधनं विभजेत्' इसमें लाघव भी है और द्रव्य विशेष का उसके नाम के द्वारा उल्लेख होने के कारण शीघ्र प्रतीति हो जाती है।। 38।।

The supposition of such a rule (see 31) is erroneous.

By this excepting, under these and other texts, in regard to all the tribes and all the classes of mixed or of mediate origin, wealth acquired, without use of the joint stock, by the acquirer's own ability; whether effected by means of any science; or received from affectionate kindred (being given by a relative); or obtained from a friend, or at nuptials, or with a token of respect, or gained by valour (that is, by combat or the like); or earned by labour (that is, by agriculture, service, merchandise etc.); every acquisition (made without use of joint funds) is excepted : therefore, since there can be none other, the (alleged) precept has no pertinence.

श्रीकरमते बाधकमभिधाय, स्वमते लाघवप्रदर्शनम्।

न तु शौर्यादिधनेतरतया, बहुतरपदप्रयोगापत्त्या गौरवात्, पर्युदासत्वे च, सर्वमुनिभिरेव सकलपर्युदसनीयपदानुकीर्तनं कर्तव्यं, तद्विना तदितरज्ञानानुपपत्तेः, मुनीनां पर्युदासवचनं बालप्रलपितमिव स्यात्, प्रदर्शनार्थत्वे तु अनास्थया केनचित् किञ्चित् कीर्तितम्, केनचिच्च किञ्चिदिति युक्तम् सर्वस्याकीर्तनम्।। 39।।

श्रीकर के मत में बाधा दिखलाकर अपने मत में लघुता का प्रदर्शन-शौर्यादि को छोड़कर अविभक्तों द्वारा अर्जित किए गए द्रव्य को सब मिलकर बाँटे - इस विधि में पदों की बहुलता होने से गौरव नहीं है। सब मुनियों के द्वारा इसके विपरीत पद को ही स्वीकार करना चाहिए। उसके बिना इतर ज्ञान-मैत्रधन-विवाहधनादि की प्राप्ति नहीं हो सकती है। अपि च निषेध वचनों में सभी के द्वारा सभी प्रकार के द्रव्यों का उल्लेख नहीं किया गया है अपितु अनास्था के साथ किसी न किसी

का और किसी ने किसी का उल्लेख कर दिया है।। 39।।

For reasons here stated.

Or a case or two (of acquisition made without use of the common stock) may be, in some manner, assumed, to which the precept may relate. Still those cases should have been declared by express words : since it would have been easy for the sages to have said, 'divide certain property gained by an unseparated co-parcener' : and such property would be readily understood under its own name; better too than by using a long and circuitous expression, like this (wealth acquired before partition), other than the gains of valour (acquired without use of joint funds); for it is burdensome. And, if the present be intended as an exception, all the sages ought to specify every excepted term : for, without that, the meaning of "other than such" would be unexplained; and the restrictive words of the sages would consequently appear as idle as the prattle of children. But, if it be intended for illustration, then some one instance is negligently propounded by one another; and another by another writer; and the ommission of specifying the whole is right.

तस्मात् साधारणधनोपघातार्जितं धनं विभजेदिति विधिः, शौर्यादिपदञ्च वाक्येषु प्रदर्शनार्थम्।। 40।।

अतः 'साधारणधनोपघातार्जितं धनं विभजेत्' यही विधि है और शौर्यादि के विषय में कहे हुए वचनों को दृष्टान्त के रूप में मानना चाहिए।। 40।।

Property gained on the joint stock is divided.

Therefore the maxim is, 'divide wealth acquired with the use of the common stock' : and particular terms, as the gains of valour, are inserted in the texts as instances.

अतोऽविभक्तार्जितत्वमात्रेण धनस्य साधारणत्वाभिधानमप्रामाणिकम्।। 41।।

इसलिए अविभक्तार्जितधन का अभिधान अप्रमाणिक सिद्ध हो जाता है।। 41।।

Not any property acquired before separation.

Hence the declaring of property common, merely because it was gained by an unseparated co-parcener, is not grounded on authority.

किञ्च -

'क्रमादभ्यागतं द्रव्यं हृतमभ्युद्धरेत्त् यः।
दायादेभ्यो न तद्दद्यात् विद्यया लब्धमेव च।।'

2-119

अत्र याज्ञवल्क्यवचनेऽपि, पितृपितामहादिधनमपि केनचिदपहृतम् योऽभ्युद्धरेत् तस्यैव तत्, नान्येषामिति भवतोऽपि सम्मतं, तेन पूर्वसम्बन्धलेशे सत्यपि अविभक्तानामप्यभ्युद्धारकत्वेन, तत्र सम्बन्धं निराकुर्वन्नपूर्वत्वेन स्वार्जिते सुदूरमेवान्येषां सम्बन्धं निरस्यति।। 42।।

और क्या याज्ञवल्क्य के वचन में (2/119) भी यही कहा गया है कि पिता-पितामहादि के धन को किसी ने अपहरण कर लिया है जो उसका उद्धार करता है उसी का वह धन होता है अन्य का नहीं। इस प्रकार पूर्व के साथ लेशमात्र संबन्ध होने पर भी अविभक्तों के उद्धारकत्व संबन्ध का निराकरण करते हुए अन्य व्यक्तियों के द्वारा स्वार्जित किए धन सम्बन्ध का दूर से निराकरण हो जाता है।। 42।।

A passage of Yājñavalkya explained.

Besides, the text of Yājñavalkya ("Nor shall he who recovers hereditary property, See 33), is acknowledged by you likewise, as signifying, that, if one recover the property of the father, grandfather, or other ancestor, which has been taken away by any person, it appertains to him alone, not to the rest. Thus, (the author) denying the right of unseparated co-heirs in

the property, because it has been recovered, although a trace of the former right exist, denies the remoter title of the rest to wealth originally gained by the man himself.

श्रीकरमतानुवादः

यच्चोक्तं श्रीकरेण यदि पितृद्रव्यानुपघातार्जित-मर्जकस्यैव, तथा प्रतिग्रहोपात्तं धनं न कदाचित् भ्रात्रन्तरस्य भवेत्, नहि प्रतिग्रहः पितृद्रव्यविनाशेन सम्भवति, द्रव्यं हि दातुरानमनमुखेन प्रतिग्रहे उपयुज्यते एकहायन्यादिकमिव सोमक्रये, कर्तृशरीरधारणेन वा पयोव्रतादिकमिव ज्योतिष्टोमे। तत्र तावददृष्टार्थे दाने द्रव्यान्तरग्रहणेन न दातुरानतिरपेक्षितेति, न दात्रानत्या द्रव्यमुपयुज्यते, प्रतिग्रहस्य चाल्पकालीनत्वात्, न तत्कर्तुर्भोजनमपेक्षितं दीर्घकालीनज्योतिष्टोमेनेव स्वर्ग-कर्तुरिति॥ 43॥

श्रीकरमत का अनुवाद

पूर्वोक्त में यह प्रतिपादित किया गया है कि पितृ द्रव्य का उपघात किए बिना अर्जित द्रव्य अर्जक का होता है, ऐसी स्थिति में श्रीकर का मत है कि प्रतिग्रह से प्राप्त धन में कभी भी दूसरे भाईयों का हिस्सा नहीं होगा क्योंकि प्रतिग्रह की प्राप्ति पितृद्रव्य के विनाश से कभी नहीं होती। प्रतिग्रह में दाता की आनति के लिए पितृद्रव्य का व्यय होता है। जिस प्रकार सोमक्रय में एक वर्ष के बछड़े का उपयोग किया जाता है अथवा ज्योतिष्टोम में शरीर धारण के लिए पयोव्रतादि का उपयोग किया जाता है। इस आशंका का निराकरण करते हुए जीमूतवाहन का कथन है कि दान में दाता अदृष्ट फल की प्राप्ति के निमित्त प्रवृत्त होता है अतएव उसे प्रतिग्रहीता के द्रव्य से आनति की अपेक्षा नहीं होती। प्रतिग्रह अल्पकालिक होता है अतएव दीर्घकालीन ज्योतिष्टोम याग में स्वर्ग की कामना करने वाले कर्ता अर्थात् यजमान की भोजनापेक्षा के साथ सादृश्य बतलाना उपयुक्त नहीं है॥ 43॥

Śrīkara's opinion.

It has been said by Śrīkara, 'If wealth, acquired without using the partimony, belong exclusively to the acquirer, then affects, received in a present can never be shared with another brother, for the receipt of present cannot be attended with expenditure of paternal wealth. It is indeed alleged, that valuables are employed at the receipt of gifts, for gratification of the donor, as a heirer or the like in the purchase of sacrificial materials; or as milk for the support of life, during the sacrifice denominated Jyotiṣṭoma. Here the valuables are not employed for the gratification of the giver, since his gratification, by receipt of other effects, is not requisite for a donation, the intension of which is spiritual; and as the act of receiving is momentary, nourishment for the person, who accepts the present, is not requisite, as it is during the tedious celebration of Jyotiṣṭoma, for him who by that ceremony seeks celestial bliss.'

तन्निरास :।

तन्मन्दम्-दापकानत्यर्थमुपहारप्रदानादिना धनोपघातस्य लोके बहुलमुपलम्भात्, कलौ च प्रतिग्रहधनस्य सेवाधन-समानत्वात्। अतएव 'कलौ त्वनुगमान्विते' इति स्मरन्ति।। 44।।

श्रीकर के मत का खण्डन करते हुए जीमूतवाहन ने कहा है कि यह आपत्ति दुर्बल है क्योंकि लोक में भी बहुधा देखा जाता है कि देने वाले की आनति के लिए उपहार आदि का प्रदान होता है। कलियुग में प्रतिग्रह धन को सेवाधन के समान माना गया है।। 44।। अर्थात् जिस प्रकार सेवा के द्वारा स्वामी की आनति का सम्पादन करके वेतन के रूप में द्रव्य की प्राप्ति की जाती है उसी प्रकार कलियुग में उपहार आदि के द्वारा आनति का सम्पादन करके उसमें प्रतिग्रह की प्राप्ति की जाती है।। 44।।

Refuted.

That is futile : for instances often do occur, in the world, of expenditure of wealth, by giving presents to induce a donation; and in the present age, wealth received in gifts is similar to that which is earned by service. Accordingly it is said, "In the Kali" age, (gifts are made) to a follower.

यच्च चिरावस्थितेर्व्यभिचारात् न प्रतिग्रहकारणत्वमानतेः, अतः आनतिद्वारा न अतिग्रहार्थत्वं द्रव्यस्येत्युक्तम्। तन्मन्दतरम्। आनतिद्वारेण चिराश्रयणादीनां प्रतिग्रहकारणत्वात्पुरुषयाशयवैचत्र्येण कस्यचिद् धनदानेन कस्यचिच्चिराश्रयणादिना कस्यचित्तत्तद्गुणानुसन्धानमात्रेण 'आनतेरनियतोपायपरिणामत्वादि'ति।। 45।।

आनति के लिए चिरावस्थिति की आवश्यकता होती है और प्रतिग्रह में यह सम्भव नहीं है क्योंकि प्रतिग्रह अल्पकालिक होता है। अतः यह मत दुर्बल है क्योंकि आनति (पुरुष के चित्त का झुकाव) चिराश्रयण से प्रतिग्रह से, गुणानुसन्धान मात्र से और धन दान से होता है। इस प्रकार आनति के अनियत कारण कहे गए हैं।। 45।।

His reply answered.

And as for what is alleged (by the same author), that 'gratification is no cause of receipt of presents, having no such operation, since long attendance is the cause; and wealth, therefore, is not the occasion of such receipt through the medium of gratification; that is still more futile: for long attendance and the rest became causes of the receipt of presents,. trhough the medium of gratification and according to the diversity of men's disposition (gratification), is seen to arise, in the mind of one, from pecuniary gifts; of another, from long attendance or the like, of some, from the mere evincing of particular qualities. If the effect be not produced, for want of an attendant circumstance, it must not be thence concluded to be no cause; since, as is observed accordingly, gratification is produced by

means which are not invariable.

यदप्युक्तम्-अथ तत्सन्निधिमन्तरेणप्रतिग्रहस्यासम्भवात् भोजनमन्तरेण च तदयोगात् तस्यां स्थितौ व्याप्रियमाणं धनं प्रणाल्या प्रतिग्रहं निष्पादयतीति, तदा ज्योतिष्टोमादिकर्मणः प्राचीनमपि भोजनं शरीरस्थितौ व्याप्रियमाणं प्राचीनशरीरस्थि-तिमन्तरेण ज्योतिष्टोमाद्यनिष्पत्तेः, प्रणाल्या ज्योतिष्टोमर्थमिति सर्वमेव भोजनं क्रत्वर्थं स्यात्, न पुरुषार्थम्, तथा च तत्साधनमपि द्रव्यं क्रत्वर्थं, तदर्जनोपायोऽपि क्रत्वर्थं स्यादिति पुरुषार्थत्वम् द्रव्यार्जनस्य, द्रव्यस्य भोजनस्य च हीयेत-इति॥46॥

अतः यह जो कहा गया है कि भोजन के बिना सन्निधि नहीं हो सकती और सन्निधि के बिना प्रतिग्रह असम्भव है। इस स्थिति में व्यय किए जाने वाली जो प्रणाली अर्थात् तरीका है उसी से प्रतिग्रह निष्पन्न होता है। तब ज्योतिष्टोम कर्म में पहले से खाया हुआ भोजन ही हमारे शरीर को स्थित किए हुए है। प्राचीन शरीर स्थिति के बिना ज्योतिष्टोम की निष्पत्ति नहीं हो सकती इसलिए ज्योतिष्टोमार्थ ही यह सब होने पर सारा भोजन क्रत्वर्थ हो जाएगा, पुरुषार्थत्व नहीं होगा। अर्जन करने के उपाय अर्थात् द्रव्य क्रत्वर्थ हो जाएगा और द्रव्यार्जन पुरुषार्थत्व है - यह अनुचित है।। 46।।

His further arguments.

It has been further urged (by the same author), "If (it be alleged), that wealth mediately accomplishes the receipt of presents, being employed during attendance; since receipt cannot take place without contiguity; nor can this be without nourishment : that is denied, for nourishment, used for the support of life, previous to the celebration of Jyotiṣṭoma or other religious ceremony, would mediately serve for that ceremony, since the Jyotiṣṭoma could not take place without previous support of life: all food would, therefore, be intended for religious ends, not for human purposes : and consequently wealth, which supplies it, would be designed for sacrificial

uses; and the means of acquiring it would also be meant for the same end; and thus the maxim, that the acquisition of wealth, wealth itself and food, are adapted to human purposes, would be contradicted.'

तन्मन्दतमम्-प्रणाल्या ज्योतिष्टोमोपकारकत्वेऽपि भोजनस्य साक्षात् तृप्त्यर्थत्वात्, पुरुषार्थस्यैव सतः क्रतूपकार-कत्वात् तत्रैदमर्थ्ये प्रमाणाभावात्, उपकारकत्वस्य तादर्थ्य-व्यभिचारात्। अतः कथं द्रव्यार्जनस्य, द्रव्यस्य भोजनस्य च क्रत्वर्थत्वमापद्यत इति।। 47।।

जीमूतवाहन के अनुसार यह मत अत्यन्त दुर्बल है। ज्योतिष्टोम उपकारक होता है यह जो प्रणाली है इसमें भोजन साक्षात् तृप्ति प्रदान करता है। अतएव वह पुरुषार्थ ही है, उसके परम्परा से क्रत्वर्थ होने में कोई भी प्रमाण उपलब्ध नहीं है। अतएव द्रव्यार्जन अथवा भोजन पुरुषार्थ ही है न कि क्रत्वर्थ।। 47।।

Repelled.

That is most futile, for, although it mediately contribute to the celebration of the Jyotiṣṭoma, food obviously serves the immediate purpose of satisfying huner; and being designed for human uses, it contributes to religious ends; but there is no proof of it being intended for such ends; nor does its so contributing operate towards such a result. How then should it follow, that acquisition of wealth, wealth itself, and food, are adapted to religious purposes?

अतएवास्यापि पर्यनुयोगस्यानवकाशः- यदि द्रव्यस्य प्राचीनभोजनद्वारा प्रतिग्रहोपकारकत्वमिष्यते, तदा जन्मत आरभ्य भोजनं विना शरीरावस्थितेरभावात्, नार्जनं सम्भवतीति सर्व एव धनोपायः पितृद्रव्यविनाशेन स्यात्। अतोऽनुपघ्नन् पितृद्रव्यमि'ति विशेषणं न स्यादिति। यतो विशेषणानर्थक्यादेव भक्षणाद्युपभोगोपयुक्तधनोपघातादन्यस्यैवोपघातादिरूपस्य

वचनार्थत्वात्।। 48।।

अतः पुनः कहने में कोई अवकाश नहीं मिलता अर्थात् श्रीकर के मत को मान लिया जाए तो शरीर की स्थिति के बिना द्रव्योपार्जन सम्भव नहीं है और भोजन के बिना शरीर की स्थिति संभव नहीं है और जन्म से ही भोजन के लिए अनिवार्य रूप से पितृद्रव्य का उपघात अपेक्षित है ऐसी स्थिति पितृद्रव्य के उपघात के बिना द्रव्यार्जन असम्भव है और 'अनुपघ्नन् पितृद्रव्यम्' यह विशेषण अनर्थ हो जाता। परन्तु इस विशेषण का प्रयोग सिद्ध करता है कि भोजन के निमित्त प्रयुक्त पितृद्रव्य के उपघात से भिन्न उपघात को सिद्ध करने के कारण शास्त्रकारों के वचनों की सार्थकता है।। 48।।

An objection obviated.

Hence, (because it was not intended for that purpose though it contribute to the result, or for the reason which will be stated) there is no room for the reproach, 'If wealth be acknowledged to contribute to the receipt of presents, by means of nourishment previous to such receipt, then, since no acquisition of wealth can be made without nourishment from the time of the receiver's birth, every mode of gain would be accompanied with deteriment to the patrimony; and the restriction, "without using the patrimony," (see 3) would therefore not be inserted.' For, lest the restriction become superfluous, the text is understood to signfy employment of wealth other than an expenditure of it adapted a nourishment and similar use.

किञ्च भक्षणाद्युपभोगार्थधनोपघातस्य गृहगतेनाप्यवश्यं कर्तव्यत्वात् न धनार्जनार्थत्वमुपघातस्य तादर्थ्यमेव च तत्प्रयोजकमिति नातिप्रसक्तिः।। 49।।

और क्या भक्षणादि के लिए धन का उपघात तो घर में रहकर भी किया जाता है। धन का अर्जन के लिए उपघात नहीं हैं उस द्रव्यार्जन के लिए (तादर्थ्यम्) यह प्रयोजन है ऐसी प्रसक्ति नहीं है।। 49।।

What is expended for neccessaries, is no cause of an acquisition.

Moreover, an expenditure of wealth for nourishment or other use, must necessarily be made even by a person remaining at home, and such expenditure is not designated for the acquisition of wealth : but its having been actually intended for that purpose is a requisite (to its) being the cause of the gain) : consequently the supposition does not go too far.

अतएवोक्तं विश्वरूपेण, पितृद्रव्यं दत्त्वा यदि नोपार्जितं धनम्, तदा तस्यैव असाधारणं वैवाहिकवदेवोक्तं, न तु भक्षणाद्युपभोगमात्रेण तस्य स्तन्यपानादितुल्यत्वादित्यन्तेन॥ 50॥

विश्वरूप ने कहा है कि – पितृद्रव्य के अनुपघात से अर्जित किया गया द्रव्य वैवाहिक धन के समान असाधारण होता है। इसी प्रकार भोजन के निमित्त व्यय किया गया द्रव्य माता के स्तनपान के समान है।। 50।।

Viśvarūpa's opinion is consonant to this.

Accordingly (since its being actually intended for the purpose is positively required; its merely contributing to that end is not sufficient); Viṣvarūpa has said, 'When wealth is not acquired by giving (or using) paternal property, it is declared (by the sages) not to be common, any more than wealth received on account of marriage : it becomes not common, merely because property have been used for food or other necessaries; since that is similar to the sucking of the (mother's) breast.

अतएव पुत्रोपनयन-विवाहयोः सोत्सुकसव्ययपितृ-कृतबहुतरधनव्ययेऽपि न व्रतभिक्षादिलब्धस्य वैवाहिकस्य वा साधारण्यम्, धनप्रेप्सया धनव्ययस्याकृतत्वात्॥ 51॥

माता-पिता पुत्र के उपनयन तथा विवाह संस्कार पर बहुत अधिक धन व्यय करते हैं और उनको व्रत, भिक्षा तथा विवाह में

संबन्धियों से जो धन प्राप्त होता है वह उनका साधारण धन नहीं होता क्योंकि वहाँ धन प्राप्त करने की इच्छा से उसका व्यय नहीं किया जाता।। 51।।

So other expenditures without a view to gain.

Hence (because its being actually intended for that purpose is a requisite to its being the cause of the acquisition), though much wealth, belonging to the father, have been expended in festivity at the son's initiation, or at his wedding, what is obtained by him in alms during his austerities as a student, or received on account of his marriage, is not common; for that expenditure of wealth was not made with a view to gain.

तस्माद्धनोद्देशेनैव साधारणधनोपघातेनार्जितं साधारणम्, नान्यदिति सिद्धम्।। 52।।

अतएव धन प्राप्त करने के उद्देश्य से साधारण धन के सहयोग से अर्जित किया गया धन ही साधारण धन होता है।। 52।।

The purpose must have been gain, to reader the acquisition common.

It is, therefore, demonstrated, that wealth, acquired by means of joint stock used for the express purpose of gain, is common property; and no other is so.

जितेन्द्रियेणापि बहुप्रकारं विमृश्योक्तं तदस्य यावदुक्तप्रपञ्चस्य संक्षेपेणायमर्थः प्रत्येतव्यः-यत्किञ्चिद्धनमसाधारणोपायार्जितम्, तद-साधारणम्। विस्पष्टार्थन्तु-विद्याधनन्तु यद् यस्येत्यादिना (मनु 9-206) उदाहरणप्रपञ्चेनोपन्यस्तम्, असाधारणत्वादेवाविभाज्यमेवंविधमेव धनं साधारणमपि साधारणहेतुसमुत्थमेवंविधमेव, तदपि सुखावबोधार्थं क्वचिदर्थसाधारण्येन, क्वचिच्च व्यापारतथात्वेन, सम्बन्धसाधारण्येन च प्रदर्शितमित्यन्तेन।। 53।।

जितेन्द्रिय के द्वारा भी बहुत कुछ कहा है। उनके अनुसार उक्तप्रपञ्च का संक्षेप में यह अर्थ है कि - जो कुछ भी असाधारण उपायों से अर्जित किया जाता है वह असाधारण धन होता है। मनु ने भी यस्येत्यादि श्लोक के द्वारा जो प्रस्तुत किया है उसका भी अभिप्राय यही है कि 'साधारण उपाय से अर्जित किया गया धान साधारण है।' इस प्रकार असाधारण धन अविभाज्य और साधारण धन विभाज्य कहा है। अतः यहाँ पर यह बतलाया गया है कि कहीं अर्थ साधारण होता है तो कहीं श्रम साधारण होता है और कहीं सम्बन्ध साधारण होता है।। 53।।

The same results from Jitendriya arguments.

The same import may be deduced by abridging the substance of what has been expressed, after various disquisitions, by Jitendriya, who says, "Whatever is acquired on separate funds is several property. For the sake of perspicuity, (gains of science and other particular sorts) are specified by way of example, in these and other words, Wealth, however, acquired by learning belongs exclusively to him who acquired it." Such sorts of property are exempted from partition, because they are separate; but even these sorts of wealth become common, if there be a sufficient cause of a joint right. This also has, for the sake of ready comprehension, been in certain instances described (in the writings of sages) by the circumstance of joint stock used; in others, by that of united exertion made, in some, by that of common relation.'

बालकेनाप्युक्तम् 'न ह्येकेन भ्रात्रा विद्यादिना लब्धे' अपरेषामधिकारसम्भवः, प्रमाणाभावादित्यन्तेन, यश्चानुपघात-प्रतिग्रहार्जितधनस्य विभागः शिष्टानां दृश्यते, स भ्रातृस्नेहेन, पौरुषवृद्ध्या वा नानुपपन्नः।

यद्वा प्रतिग्रहधनस्य विद्याधनत्वात् विद्याधने च साधारणधनानुपघातार्जितेऽपि समविद्याधिकविद्यानां विभागस्य वाचनिकत्वात् तद्विभाग पश्यन्तः विद्याधनस्य विद्याविशेष-

कृतोऽयं विभाग इत्यजानन्तोऽविभक्तार्जितत्वेनायं विभाग इति भ्रान्ताः स्वयमपि तथैव व्यवहृतवन्तः, तन्मूलश्चापरापरव्यवहार इति न किञ्चिदनुचितम्॥ 54॥

बालक ने भी कहा है कि - किसी एक भाई द्वारा प्राप्त किए विद्या धन (अपने परिश्रम से अथवा निजी धन से) पर अर्जक का ही अधिकार होता है। यदि यह कहा जाए कि पितृद्रव्य के अनुपघात से प्रतिग्रह से प्राप्त धन का विभाजन देखा जाता है तो इसका कारण शिष्ट लोगों में या भाइयों में पारस्परिक स्नेह होने से या पौरुषता से होता है।

अथवा इस प्रकार का विभाजन वे लोग करते हैं जो प्रतिग्रह धन को ही विद्याधन समझते हैं और जिस प्रकार विद्याधन के विषय में कहा गया है कि पितृद्रव्य के अनुपघात से अर्जित सम्पत्ति समविद्या या अधिक विद्या प्राप्त करते हैं। इसी नियम को प्रतिग्रह में लगाकर प्रतिग्रह से प्राप्त धन का भी उसी प्रकार विभाजन करते हैं। वे यह नहीं जानते कि विद्याधन में विद्या का विशेष विधान है परन्तु वे लोग 'अविभक्त द्वारा अर्जित सम्पत्ति विभाज्य होती है' ऐसी भ्रान्ति होते हुए स्वयं भी वैसा व्यवहार करने लगते हैं और इसी को मूल समझकर पारस्परिक व्यवहार करने लगते हैं॥ 54॥

Bāloka indicates a like opinion.

It has been, likewise, said Bāloka, 'The rest cannot have a right to wealth gained by one brother through science, or similar means; (being acquired without use of joint funds and independently of the exertions of the rest) : since there is no argument for it.

The practice of dividing all presents accounted for.

The practice of dividing wealth gained by receipt of presents without expenditure of joint property, which is observed to prevail among virtuous people, is not unsuitable whether founded on the mutual affection of the brethren, or on a manly sentiment. Or (it may be thus accounted for): people,

observing the partition of wealth received in presents, (for presents are in general gains of science; and, as such, the participation of co-heirs equally or more learned is ordained by a passage of law, though the property have been acquired without use of joint funds); and not knowing, that this partition of the gains of learning is made under a special rule respecting science, but erroneously supposing the partition to take effect because the wealth was gained by an unseparated co-heir, have done so of their own accord. It is not, however, founded on uniform practice. There is consequently nothing incogruous.

यत् पुनर्मनुवचनम् -

'यत् किञ्चित् पितरि प्रेते धने ज्येष्ठोऽधिगच्छति।
भागो यवीयसां तत्र यदि विद्यानुपालितः॥

(मनु0 9-204)

तस्यायमर्थः -

'पितेव पालयेत् पुत्रान् ज्येष्ठो भ्रातॄन् यवीयसः।
पुत्रवच्चानुवर्तेरन् ज्येष्ठे भ्रातरि धर्मतः॥

(मनु0 9-108)

एतस्माद्वचनात् पितापुत्रवदवस्थानात् पित्रर्जित इवानुपघातार्जितेऽपि ज्येष्ठधने कनिष्ठानामधिकारः। एतावान् परं विशेषः-पित्रर्जितेऽविदुषामप्यधिकारः, ज्येष्ठार्जिते पुनर्विदुषामेव॥ 55॥

मनु ने कहा है कि - पिता के मरने के बाद यदि बड़ा भाई अपने पुरुषार्थ से धनोपार्जन करे तो उस धन से पढ़े लिखे छोटे भाईयों का भाग होता है। उसका यह अर्थ है कि -

ज्येष्ठ भाई छोटे भाइयों का पालन पिता के समान करे तथा छोटे भाई ज्येष्ठ भाई में धर्म के लिए पुत्र के समान व्यवहार करे। इस प्रकार उपर्युक्त दोनों श्लोकों के आधार पर जीमूतवाहन ने यह निष्कर्ष

निकाला है कि - जिस प्रकार पिता की अर्जित सम्पत्ति में कनिष्ठ भाइयों का अधिकार है उसी प्रकार ज्येष्ठ भाई द्वारा पितृद्रव्य के अनुपघात से अर्जित सम्पत्ति में कनिष्ठ भाइयों का अधिाकार हैं एक विशेष अन्तर यहाँ इतना है कि पिता द्वारा अर्जित सम्पत्ति में सब पुत्रों का अधिकार है परन्तु ज्येष्ठ द्वारा अर्जित धन में केवल विद्वान् भाई का ही अधिकार होता है।। 55।।

55. A text of Manu expounded.

But, as for the text of Manu, ("After the death of the father, if the eldest brother acquire any wealth, a share of that belongs to the younger brothers; provided they have duly cultivated science"), the meaning of it is this; under another text, placing the eldest and younger brothers in the relation of father and son, ("As a father should protect his sons, so should the first born cherish his younger brothers; and they should behave to their elder brother, like children to their father, conformably with their duty respectively"), the younger brothers have a title in the wealth of the eldest, though obtained without use of joint stock, as they have in their father's acquisitions. But there is this difference: that even the unlearned sons are entitled to their father's acquired property; but the learned brothers only have a right to participate in the wealth gained by the eldest.

एतच्च पितरि प्रेत इति, ज्येष्ठ इति, यवीयसामिति, विद्यानुपालित इति पदप्रयोगस्यानर्थक्यात् सिद्ध्यति।। 56।।

यदि ऐसा नहीं मानेंगे तो पितरि प्रेत, ज्येष्ठ इति यवीयसाम्, विद्यानुपालित- इन पदों का प्रयोग अनर्थक हो जाएगा।। 56।।

56. Confirmation of that exposition.

This interpretation is right; for the terms of the text would else become unmeaning; expressing 'after the death of the father' 'if the eldest brother', 'provided they have duly cultivated science.

तस्मादविभक्तार्जितत्वमात्रेणाविभक्तभ्रात्रन्तरस्य भवतीत्यसङ्गतं वचनम्॥ 57॥

इस प्रकार अविभक्त भाइयों द्वारा अर्जन करने मात्र से ही अन्य अविभक्त भाइयों का अधिकार होता है - यह युक्तिसंगत प्रतीत नहीं होता॥ 57॥

The way anything earned by unseparated brothers gives right to the earnings to others unseparated brothers, this does not seem to be logical.

इति पारिभद्रकुलोद्भवस्य महामहोपाध्याय-श्रीजीमूतवाहनस्य कृतौ धर्मरत्ने दायभागे षष्ठाध्यायस्य प्रथमः परिच्छेदस्समाप्तः।

षष्ठोऽध्यायः

द्वितीयपरिच्छेदः

तत्र विद्याधनं तावदभिधीयते।

तत्र कात्यायनः -

'उपन्यस्ते तु यल्लब्धं विद्यया पणपूर्वकम्।
विद्याधनन्तु तद्विद्यात् विभागे न नियोजयेत्॥
शिष्यादार्त्विज्यतः प्रश्नात् सन्दिग्धप्रश्ननिर्णयात्।
स्वज्ञानशंसनात् वादात् लब्धं प्राध्ययनाच्च यत्॥
विद्याधनन्तु तत् प्राहुर्विभागे न नियुज्यते।
शिल्पेष्वपि हि धर्मोऽयं मूल्याद् यच्चाधिकं भवेत्॥
परं निरस्य यल्लब्धं विद्यया द्यूतपूर्वकम्।
विद्याधनन्तु तद्विद्यान्न विभाज्यं बृहस्पतिः'॥ 1॥

अब विद्याधन का उल्लेख किया जाता है। इस प्रसंग में

कात्यायन ने कहा है-

जो किसी विषय का समाधान करने के लिए शर्त लगाकर विद्या से प्राप्त होता है वही विद्याधन है इसका विभाजन नहीं होता है। जो धन शिष्यों से प्राप्त होता है, किसी यज्ञ में पुरोहिती करने से प्राप्त होता है, संदिग्धा प्रश्नों के निर्णय करने से प्राप्त, अपने ज्ञान को प्रकाशित करने से प्राप्त और अध्यापन से जो प्राप्त होता है वह सब विद्याधन है। विभाजन के समय बांटा नहीं जाता है। यही बात शिल्पियों के विषय में भी है। जो कुछ उन्हें मूल्य के उपरान्त पुरस्कार के रूप में प्राप्त होता है, जुआ के माध्यम से दूसरों को परास्त कर जो प्राप्त होता है वह विद्याधन कहलाता है, उसका विभाजन नहीं होता है - ऐसा बृहस्पति ने कहा है।। 1।।

Gains of science described by Kātyāyan.

On this (occasion, or among topics hinted), the gains of science are explained. Upon that subject Kātyāyan says, "What is gained by the solution (of a difficulty), after a prize has been offered, must be considered as acquired through science, and is not included in partition (among co-heirs). What has been obtained from a pupil, or by officiating as a priest, or for (answering) a question, or for determining a doubtful point, or through display of knowledge, or by (success in) disputation, or for superior (skill in) reading, the sages have declared to be the gains of science and not subject to distribution. The same rule likewise prevails in the arts; for the excess above the price (of the common goods), and that which is gained through skill by winning from another a stake at play, must be considered as acquired by science and not liable to partition. So Bṛhaspati has ordained."

यदि भवान् भद्रकमुपन्यस्यति, तदा भवते मया एतावद्देयमिति परिणतम्, तत्रोपन्यासं निस्तीर्य लभते, तन्न विभाज्यम्।। 2।।

यदि आप मेरी इस समस्या का समाधान कर देंगे तो मैं आपको इसके बदले में इतना धन दूंगा – इस प्रकार की शर्त होने पर दिया जाने वाले धन का विभाजन नहीं होता।। 2।।

First sor. A prize for the solution of a difficulty.

'If you solve this well, I will give you so much money;' after such an offer, if one solve the difficulty and obtain the prize, it is not subject to distribution.

शिष्यात्-अध्यापितात्।। 3।।

शिष्यात् – अर्थात् अध्यापन से प्राप्त धन।। 3।।

Second sort. Fee for instructing a pupil.

from a pupil. From a person instructed by the acquirer.

आर्त्विज्यतः-यजमानात् दक्षिणादिना लब्धम्।। 4।।

आर्त्विज्यतः – यजमान से प्राप्त दक्षिणा।। 4।।

Third sor. Fee for officiating at religious rites.

By officiating as a priest. Received as a fee or gratuity from a person employing him to officiate at a sacrifice.

दक्षिणा च न प्रतिग्रहः, वेतनरूपत्वात् तस्याः।। 5।।

दक्षिणा से अभिप्राय प्रतिग्रह में प्राप्त धन से नहीं है अपितु दक्षिणा भी वेतन के रूप में प्राप्त होती है।। 5।।

These are dues, not gratuities.

These are fees, not presents; for they are similar to wages or hire.

तथा यत् किञ्चित् विद्यायाम् प्रश्ने निस्तीर्णे अपणितमपि यदि कश्चित् परितोषात् ददाति।। 6।।

शर्त न होने पर भी किसी प्रश्न के निर्णय से प्रसन्नता से दी गई सम्पत्ति।। 6।।

Fourth sort. A reward for solving a question.

So, a question relative to science being resolved, if any

one, through satisfaction, give any thing which had not been previously offered.

तथा यो ह्यस्मिन् शास्त्रार्थे मम संशयमपनयति तस्मै सुवर्णमिदं ददानीत्युपस्थितस्य संशयमपनीय यल्लब्धम् वादिनोर्वा सन्देहे न्यायकरणार्थमागतयोः सम्यङ्निरूपणेन यल्लब्धं षष्ठांशादिकम्॥ 7॥

शास्त्र के अर्थ में 'जो मेरे संशय को दूर करेगा उसको इतना सुवर्ण दूंगा' इस प्रकार के संशय को दूर करने से प्राप्त हुआ धन अथवा वादी प्रतिवादी के सन्देह में न्याय करने से षष्ठांशादि के रूप में प्राप्त धन॥ 7॥

Fifth sort. A reward for clearing a doubtful point or for deciding a litigated question.

Also what is obtained by cleaning the doubts of one by whom an offer has been thus made : "To him, who removes my doubts on the meaning of this passage, I will give this gold." Or (it may signify a fee, such as) the sixth part or the like, received for a correct decision between two litigant parties, who apply for the determination of a dubious and contested point.

तथा शास्त्रादिषु स्वप्रकृष्टज्ञानं विभाज्य यत् प्रतिग्रहादिना लब्धम्॥ 8॥

अपने विशेष शास्त्रीय ज्ञान से प्राप्त हुई दक्षिणा॥ 8॥

Sixth sort. A reward for display a science.

Likewise, what is received in a present or the like for displaying his knowledge in the sacred ordinances and so fourth.

तथा द्वयोः शास्त्रविज्ञानविवादे अन्यत्रपि यत्र कुत्र चिदन्योन्यज्ञानविवादे निर्जित्य यल्लब्धम्॥ 9॥

शास्त्र और विज्ञान दोनों के विवाद में जीता हुआ धन॥ 9॥

Seventh sort. A prize gained or stake won in a disputation.

So, in a contest between two persons respecting their knowledge of sacred ordinances, or in any other controversy whatsoever concerning their respective attainments, what is gained by surpassing the opponent.

तथैकस्मिन् देये बहूनामुपप्लवे, येन प्रकृष्टमधीत्य यल्लब्धम्॥ 10॥

किसी भी प्रतियोगिता में अनेक प्रतिद्वन्द्वियों के होने पर अपने प्रकृष्ट अध्ययन से प्राप्त हुआ धन॥ 10॥

Eighth sort. A prize for reading.

Likewise, where a single article is to be given, and there are many competitors, what is received for reading in a superior manner.

तथा शिल्पादिविद्यया चित्रकरसुवर्णकारादिभिर्लब्धम्॥ 11॥

शिल्पविद्या से, चित्र कला से और अलंकार बनाने की विद्या से प्राप्त धन॥ 11॥

Ninth sort. The gain of a skillful artist.

Also, what is gained by painters, goldsmiths, and other artists, through skill in the arts and so forth.

द्यूतेनापि परं निर्जित्य यल्लब्धम्; तत् सर्वमविभाज्य-मितरैः॥ 12॥

द्यूत में दूसरे से जीतकर प्राप्त हुआ धन॥ 12॥

Tenth sort. A stake won by skill in play.

in like manner, what is won by beating another at play.

तदयमर्थो तु कस्यचिद्विद्यया यल्लब्धमर्जकस्यैव तत्-नेतेराष् प्रदर्शनार्थं तु कात्यायनेन विस्तरेणोक्तं श्रीकरादिभ्रमनिरासार्थम्॥ 13॥

इस प्रकार निष्कर्ष यह है कि जिस किसी भी विद्या से प्राप्त धन पर अर्जक का ही अधिकार है, दूसरों का नहीं। यह सब प्रदर्शन के लिए कात्यायन ने विस्तार से वर्णन किया है और श्रीकरादि के भ्रम को दूर किया है।। 13।।

They are, in general, exempt from partition.

All this is exempt from being shared with the rest of the co-parceners. The meaning is as follows: Whatever is acquired by any (skill or) science belongs to the acquierr, not to the rest. For illustration only, it has been stated at large by Kātyāyana, to obviate the error of Śrīkara and others.

अतः स्वज्ञानख्यापनादिना यत् प्रतिग्रहलब्धम्, तदपि विद्याधनमेव विद्ययैव विदुषे प्रतिग्रहदानात्।। 14।।

अपने ज्ञान के प्रकाश से प्रतिग्रह में प्राप्त धन भी विद्याधन है क्योंकि विद्वान् व्यक्ति को विद्वता के लिए प्रतिग्रह दिया जाता है।। 14।।

So is any present to a learned man.

Hence (since it is enumerated by Kātyāyana among the gains of science); what is obtained in a present by displaying and making known his own knowledge, is also an acquisition made by science : for a present is given to a learned man on account of his learning.

तथा यमः -

विद्याशीलो धर्मयुक्तः प्रशान्तः क्षान्तो दान्तः सत्यवादी कृतज्ञः।
वृत्तिग्लानो गोहितो गोशरण्यो दाता यज्वा ब्राह्मणः पात्रमाहुः।।

अव्रतानाममन्त्राणां जातिमात्रोपजीविनाम्।
नैषां प्रतिग्रहो देयो न शिला तारयेच्छिलाम्।। 15।।

सुयोग्यपात्र की परिभाषा के प्रसंग में यम ने कहा है कि विद्वान्, धार्मिक कृत्य करने वाले, प्रशान्त, क्षमावान्, संयमी, सत्यवादी,

कृतज्ञ, वृत्ति के विषय में जिसकी ग्लानि है, गोरक्षक, गो को शरण देने वाला, दाता और यज्ञ करने वाला ब्राह्मण सुपात्र कहा गया है। अपि च – जो व्रत एवं मन्त्रों का जाप नहीं करता। केवल अपनी जाति से जीविका ग्रहण करता है वह प्रतिग्रह प्राप्त करने योग्य नहीं है। जिस प्रकार शिला से शिला नहीं तैर सकती उसी प्रकार अब्राह्मण को दान देकर धर्मभागी नहीं बन सकते।। 15।।

Yama describes a person worthy of gifts.

So Yama : "A man endowed with science, regular in (the performance of his) duties, contented, patient, with subdued passions, of strict veracity, grateful, disinterested, kind to cows, careful of them, generous, a performer of sacrifices and a priest, the sages pronounce to be a worthy object. But a present should not be conferred on such as neglect rigid observances, or are ignorant of holy texts, or merely live by their class: for a stone transports not a stone (over the stream)."

विद्वत्तयैव पात्रत्वात्, अविदुषाञ्च्चापात्रत्वात्।। 16।।

विद्वान् ही दान ग्रहण कर सकता है, अविद्वान् नहीं अर्थात् वह अयोग्य है।। 16।।

The present is given on account of learning.

For, it is in right of his learning, that he is a fit object of gifts; and unlearned men are unworthy objects.

अतो यत्केनचिदुक्तम् विद्याधनन्तु विद्याध्यापन-निमित्तं यत्, तदुच्यते इति, उक्त-वचनादर्शनेनेति हेयमेव। विद्याशब्दस्य विदज्ञान इत्यस्माद्धातोर्निष्पत्तेः ज्ञानपवचनात्।। 17।।

अत: यह जो किसी के द्वारा कहा गया है कि विद्या के पढ़ाने से प्राप्त धन ही विद्याधन है – यह वचन उक्त वचनों अर्थात् कात्यायन के श्लोकों से अनभिज्ञ होने के कारण हेय मत प्रस्तुत करता है क्योंकि विद्या शिब्द 'विद्' धातु से ज्ञान के अर्थ में प्रयुक्त होता है।। 17।।

A different constrction refuted.

Hence, what has been alleged by some one, that the gains of science signify such gifts (only) as are received on account of teaching; must be rejected as having been said for want of seeing the text above cited: and because the word science (vidyā) being derived from the root vid to know, signifies any knowledge (or skill).

यच्च प्रतिग्रहधनस्यापि विद्याधनत्वेन याजनाध्यापन-प्रतिग्रहाणां सङ्कीर्णत्वमापादितं श्रीकरेण। तदतिमन्दम्, विद्याधनत्वसामान्यस्य याजनाध्यापनप्रतिग्रहादिनानाव्यक्ति-सम्बन्धेऽपि व्यक्तीनामसङ्कीर्णत्वात्, तदापि याजनाध्यापनस्या-प्रतिग्रहत्वात् गोत्वसमवायेऽपि नीलकपिलाकापोति-कादिव्यक्तीनामसङ्कीर्णस्याविवादात्॥ 18॥

श्रीकर ने अपना मत प्रतिपादित करते हुए कहा है कि यदि प्रतिग्रह धन को विद्याधन स्वीकार किया जाएगा तो याजन-अध्यापन और प्रतिग्रह में साङ्कर्य हो जाएगा। अर्थात् तीनों ही विद्या से प्राप्त धन हो जाएगें। यह मत अनुचित है। जीमूतवाहन के अनुसार 'विद्याधन' एक सामान्य नियम है। याजन, अध्यापन और प्रतिग्रह ये भिन्न-भिन्न व्यक्तियों से सम्बन्ध रखते हैं, परस्पर साङ्कर्य उत्पन्न नहीं करते। जिस प्रकार गोत्व एक जाति है और नीलकपिला-कापोति आदि उसकी वैयक्तिकता को प्रकट करते हैं उसी प्रकार विद्याधन भी एक जाति है और याजन अध्यापनादि भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का बोध करते हैं॥ 18॥

Śrīkara's objection repelled.

As for what is objected by Śrīkara, that by pronouncing wealth received in presents to be earning of science, receipt of presents, instruction of pupils, and assistance in sacrifice are confounded : that is very futile; since, although presents and the rewards of teaching and assisting in sacrifices and other particular sorts, he connected as being equally gains of science; yet the several sorts are not confounded : for still the rewards of teaching and of sacrificing are not presents; and it is an

uncontested truth, that a black bull, a red or a pied one or other individuals, though equally bulls, are not comfounded.

अतएव शिष्यादार्त्विज्यतः प्राप्तयोर्विद्याधनत्वं स्मरन् मुनिर्याजनाध्यापनयोः सङ्करात् कथं न बिभेति। अतः पक्ष ग्रहणमात्रेण तदभिधानमिति हेयम्॥ 19॥

अतएव अध्यापन से प्राप्त धन और यजमान से मिली दक्षिणा- इनको विद्याधन मानते हुए मुनि (श्रीकर) याजन और अध्यापन के साङ्कर्य से कैसे नहीं डरते। अतः इस पक्ष को ग्रहण करने का अभिधान हेय अर्थात् निम्न है॥ 19॥ दूसरे शब्दों में कहा जा सकता है कि जो याजन है, वह अध्यापन नहीं है, इसी प्रकार जो अध्यापन है वह प्रतिग्रह नहीं है।

His argument refuted.

Accordingly, (as they are not confounded, or because things generically similar are specifically different, therefore), since (it may be asked) 'how does the sage, by pronouncing what is received from a pupil or for officiating as a priest to be the earning of science, fail in discriminating the rewards of teaching and of sacrificing?' the allegation (of their being confounded), merely by way of offering an objection, must be rejected.

शौर्यादिधनमाह कात्यायनः -

'आरुह्य संशयं यत्र प्रसन्नं कर्म कुर्वते।
तस्मिन् कर्मणि तुष्टेन प्रसादः स्वामिना कृतः॥
तत्र लब्धन्तु यत् किञ्चिद्धनं शौर्येण तद्भवेत्।
ध्वजाहृतं भवेद् यत्तु विभाज्यं नैव तत् स्मृतम्॥
संग्रामादाहृतं यत्तु विजित्य द्विषतां बलम्।
स्वाम्यर्थं जीवितं त्यक्त्वा तद्ध्वजाहृतमुच्यते॥ 20॥

शौर्यादि धन के प्रसंग में कात्यायन ने कहा है कि - संशय में पड़ने पर जहाँ प्रसन्नता से अर्थात् साहस से काम किया जाता है और उसका स्वामी उसके कार्य से प्रसन्न हो जाता है। इस प्रसन्नता तथा शौर्य

से प्राप्त धन उसी का होता है। ध्वजाहृत धन का भी विभाजन नहीं होता है अर्थात् स्वामी के निमित्त प्राणों का त्याग करके युद्ध में शत्रुओं के बल पर विजय प्राप्त करके जो लाता है उसे ध्वजाहृत कहते हैं।। 20।।

Gains of valour described by Kātyāyana.

Kātyāyana proponds the gains of valour, "When (a soldier) performs a gallant action, despising danger; and favour is shown to him by his lord pleased with that action; whatever property is then received by him, shall be considered as gained by valour. That and what is taken under a standard, are declared not to be subject to distribution. What is seized (by a soldier) in war, after risking his life for his lord and routing the forces of the enemy, is named spoil taken under a standard."

वैवाहिकन्तु तद्विद्याद्भार्यया यत् सहागतम्।। 21।।

वैवाहिक वह धन है जो पत्नी के साथ आता है 21।।

Nuptial presents explained by the same author.

"But wealth received on account of marriage is considered to be that which has been accepted with a wife."

भार्याप्राप्तिकाले लब्धमित्यर्थः।। 22।

भार्या को जो प्राप्त होता है वह अर्थ है।। 22।।

Exposition of the text.

The meaning is, received at the time of accepting a bride.

तथाऽपरमप्यविभाज्यमाहतुर्मनुविष्णू-

वस्त्रं पत्रमलङ्कारं कृतान्नमुदकं स्त्रियः।

योगक्षेमप्रचारञ्च न विभाज्यं प्रचक्षते।। 23।।

(मनु. 9-219)

मनु और विष्णु ने अविभाज्य धन के अन्तर्गत कहा है कि वस्त्र, पत्र, अलंकार, पक्वान्न, स्त्रियाँ, योक्षेम और प्रचार अविभाज्य हैं।। 23।।

Other sorts, not liable to partiction, enumerated by Manu

and Viṣṇu.

